www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार

धर्मशाला | वीरवार, 15 फरवरी 2024 | 3 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2080 वर्ष 1, अंक 58 कुल पृष्ठ 14 मूल्य : 5 रुपए

सूर्योदय 7:00 सूर्यास्त 6:11

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 5.4 न्यू | 15.09 अधि |
| धर्मशाला | 7.02 न्यू | 21.00 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 71822.83 |
| निफ्टी | 21840.00 |
| सोना | 62,180 |
| चांदी | 71,207 |



युवराज सिंह लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी सीजन-2 में न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स के बने कप्तान ... पेज 14

## अबू धाबी को मिला पहला हिंदू मंदिर, पीएम मोदी ने किया उद्घाटन

- अबू धाबी के पहले हिंदू मंदिर का निर्माण नागर शैली में हुआ
- हथौड़े से नक्काशी करते हुए पत्थर पर पीएम मोदी ने 'वसुधैव कुटुम्बकम' उकेरा
- पीएम ने बीएपीएस आध्यात्मिक गुरु महंत स्वामी महाराज के पैर छुए



- 27 एकड़ जमीन पर बना है मंदिर, राजस्थान से लाया गया था गुलाबी बलुआ पत्थर
- विश्व में बने बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था के 1500 से अधिक मंदिरों में एकसाथ आरती

## खूब उड़ा गुलाल, जब मिले राम-भरत और हनुमान

- कुल्लू में धूमधाम से मनाया वसंत पंचमी पर्व
- रथ खींचने को लोगों में दिखा भारी उत्साह
- भगवान रघुनाथ जी के दरबार में होली उत्सव तक जारी रहेगा गुलाल का दौर
- कुल्लू जिले में अब मेलों का भी हुआ आगाज

कमलेश वर्मा, कुल्लू

**कुल्लू** में खूब गुलाल उड़ा और भगवान राम-भरत और हनुमान के महामिलन के एक बार फिर से हजारों लोग गवाह बने। बुधवार को कुल्लू में वसंत पंचमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। दोपहर करीब पौने दो बजे के करीब भगवान रघुनाथ जी की शोभायात्रा ढोल-नगाड़ों की थाप पर लाव-लश्कर के साथ देवालय से रथ मैदान को रवाना हुई, जहां से भगवान रघुनाथ जी के अस्थायी शिविर की ओर रथयात्रा निकली। सैकड़ों लोगों ने रथ को खींचते हुए ढालपुर मैदान पहुंचाया, जहां विशेष पूजा-अर्चना हुई। इस दौरान राम व भरत के मिलन की रस्म अदा की गई। (अनंत ज्ञान)



रघुनाथपुर से लेकर ढालपुर मैदान तक खूब गुलाल उड़ा

## छोटी काशी में खाटू श्याम बन गए बाबा भूतनाथ



**मंडी।** बाबा भूतनाथ मठ मंदिर मंडी में बुधवार को स्वयं-भू शिवलिंग पर धृत श्रृंगार में खाटू श्याम का स्वरूप उकेरा गया। बता दें कि खाटू श्याम का मंदिर राजस्थान के सीकर जिले में स्थित है। खाटू श्याम भीम के पोते और घटोत्कच के पुत्र बर्बरीक हैं। बर्बरीक ने घोर तपस्या कर वैष्णवी शक्ति प्राप्त की और महाभारत युद्ध के लिए प्रस्थान किया। रास्ते में श्रीकृष्ण भगवान ने ब्राह्मण रूप धारण उसका शीश मांग लिया। वचन पूर्ण करने पर भगवान श्रीकृष्ण ने उसे कलयुग में खाटू श्याम के रूप में पूजित होने का वरदान दिया। श्रद्धालुओं ने छोटी काशी मंडी में खाटू श्याम के दर्शन कर अपने को धन्य पाया।

# राज्यपाल के अभिभाषण के साथ बजट सत्र शुरू, सरकार की गिनाईं उपलब्धियां

## नई इंदिरा गांधी महिला सम्मान निधि योजना होगी लागू, आज होगी अभिभाषण पर चर्चा

अरविंद शर्मा, शिमला

**हिमाचल** प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र बुधवार से शुरू हो गया है। प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने एक घंटा पांच मिनट तक कांग्रेस सरकार की 14 माह की उपलब्धियां गिनाईं। वीरवार से राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा होगी। 14वीं विधानसभा के पांचवें और 2024 के प्रथम सत्र में राज्यपाल ने सरकार के एक साल की उपलब्धियां सदन में रखी।

राज्यपाल ने कहा कि एक नई योजना इंदिरा गांधी महिला सम्मान निधि योजना लागू की है। प्रथम चरण में लाहौल-स्पीति जिले की पात्र महिलाओं के साथ पूरे प्रदेश की पात्र पेंशनभोगी वृद्ध महिलाओं, विधवाओं, परित्यकताओं, एकल नारियों व दिव्यांग महिलाओं सहित 2.43 लाख महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार 500 रुपए की राशि दी जाएगी। सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत सात लाख 83 हजार 719 लाभार्थियों को पेंशन दी जा रही है। चालू वित्तीय वर्ष में कुल एक हजार 256 करोड़ 43 लाख रुपए का प्रावधान किया है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में 41 हजार 799 नए लाभार्थियों को इस योजना के तहत जोड़ा गया है। (अनंत ज्ञान)



14वीं विधानसभा के पांचवें व वर्तमान सरकार के दूसरा बजट सत्र पर सदस्यों को संबोधित करते राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल।

- राजीव गांधी स्वरोजगार योजना 2023 लागू
- 2026 तक हिमाचल को पहला हरित ऊर्जा राज्य बनाने का लक्ष्य
- यूएई में बने पहले हिंदू मंदिर की दी शुभकामनाएं

### मॉडल ईको विलेज योजना के तहत विकसित होंगे 19 गांव

राज्यपाल ने कहा कि कृषि क्षेत्र में सौर ऊर्जा के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए इस वर्ष में अभी तक 197 सोलर पंप स्थापित किए हैं। सरकार रूफ टॉप सोलर प्लांट स्थापित करने और उन्हें बिजली की ग्रिड से जोड़ने पर बल दे रही है। 19 गावों को मॉडल ईको विलेज योजना के तहत विकसित किया जा रहा है। राज्य में 112 किलोमीटर सड़कों का निर्माण भी प्लास्टिक कचरे से किया गया है।

### सौर ऊर्जा को भी दिया जा रहा प्रोत्साहन

**राज्यपाल** ने कहा कि प्रदेश में 250 किलोवॉट से पांच मेगावॉट तक की क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजनाओं को स्थापित करने के लिए आवेदन मांगे हैं। अभी तक 247 आवेदकों को लगभग 252 मेगावॉट क्षमता की सौर परियोजनाएं आवंटित की हैं। 93 मेगावॉट की परियोजनाओं की औपचारिकताएं पूर्ण की जा रही हैं।

### इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन के लिए चुने 106 स्थान

**राज्य** में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशनों का व्यापक नेटवर्क स्थापित करने के लिए 106 सार्वजनिक स्थानों को चिन्हित किया गया है। वर्तमान में परवाणू से नूरपुर, शिमला से धर्मशाला व किरतपुर से केलांग कॉरिडोर पर इलेक्ट्रिक वाहनों से सफर किया जा सकता है।

## केंद्र और किसानों के बीच बातचीत पर बनी सहमति

- आज चंडीगढ़ में होगी बैठक

**अंबाला।** दिल्ली जाने की जिद पर अड़े किसानों और केंद्र सरकार के बीच वीरवार को चंडीगढ़ में तीसरी मीटिंग होगी। इस बैठक में केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा, पीयूष गोयल और नित्यानंद राय मौजूद रहेंगे। वहीं, आंदोलन के दूसरे दिन किसान मजदूर मोर्चा और बीकेयू (सिद्धूपुर) की अगुआई में किसान पंजाब और हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर डटे हुए हैं। बुधवार को दिनभर यहां किसान और पुलिस आमने-सामने रही। किसानों ने हरियाणा में घुसने की कोशिश की, तो पुलिस आंसू गैस के गोले छोड़े। प्रदर्शनकारी किसानों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने उन पर असली गोलियां चलाई हैं।

खनौरी बॉर्डर पर किसानों और पैरामिलिट्री फोर्स के बीच झड़प हुई। जवानों ने किसानों का पीछा किया तो आगे उनसे ज्यादा किसान जमा हो गए, जिन्होंने जवानों को घेरकर उनके हेलमेट और डंडे छीन लिए। किसानों पर आंसू गैस के गोले फेंकने की घटना के बाद दूसरे संगठन भी प्रदर्शनकारियों के समर्थन में आ गए हैं। संयुक्त किसान मोर्चा ने वीरवार दोपहर 11 से 2 बजे तक तीन घंटे पंजाब के सभी टोल प्लाजा फ्री करवाने का ऐलान किया है। वहीं, भारतीय किसान यूनियन (उगराहां) ने पंजाब के छह जिलों में दोपहर 12 से 4 बजे तक ट्रेनें रोकने का ऐलान किया है। हरियाणा की भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी ग्रु) के प्रमुख गुरनाम चढ़ूनी ने समर्थकों की आज सुबह 11 बजे इमरजेंसी मीटिंग बुला ली है।

## न्यूज शॉर्ट्स

### बानो केस में गुजरात सरकार ने की सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर

**नई दिल्ली।** बिलकिस बानो केस में गुजरात सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में समीक्षा याचिका दायर की है। सरकार ने मांग की है कि बिलकिस बानो मामले में 11 दोषियों की रिहाई के वक्त राज्य सरकार के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट की ओर से की गई कुछ टिप्पणियों को हटाया जाए। गुजरात सरकार का कहना है कि सुप्रीम फैसले में गुजरात सरकार के खिलाफ की गई टिप्पणियां नुकसानदायक हैं।

### लाल बहादुर शास्त्री के पोते विभाकर ने कांग्रेस छोड़ी

**नई दिल्ली।** लाल बहादुर शास्त्री के पोते विभाकर ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को उन्होंने इस्तीफा सौंप दिया। वे कुछ घंटों बाद भाजपा में शामिल हो गए। विभाकर शास्त्री ने कांग्रेस की टिकट पर 1998 में उत्तर प्रदेश की फतेहपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा था, लेकिन महज 24,688 वोट ही पा सके। 1999 में फिर भाग्य आजमाया।

## टॉप स्टोरीज

व्यवस्था परिवर्तन के नारे के साथ आगे बढ़ रही सरकार: मुख्यमंत्री ...पेज 3
स्टाफ के अभाव में लाइब्रेरियों में धूल फांक रही करोड़ों की किताबें ...पेज 3
विश्व को समावेशी और सबको साथ लेकर चलने वाली सरकारों की जरूरत ...पेज 7

# हिमाचल में अब साढ़े पांच साल के बच्चे को मिलेगी एडमिशन

## कैबिनेट के फैसले: माइनिंग गार्ड के भरे जाएंगे 80 पद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में बुधवार देर शाम को कैबिनेट मीटिंग हुई। बैठक में वित्त वर्ष 2024-25 के बजट को मंजूरी प्रदान की गई। सीएम सुक्खू 17 फरवरी को अपना दूसरा बजट सदन में पेश करेंगे।

कैबिनेट ने इंडस्ट्री डिपार्टमेंट में 80 माइनिंग गार्ड भर्ती करने को मंजूरी प्रदान की। इनकी भर्ती वन मित्र की तर्ज पर की जाएगी। वहीं, कैबिनेट ने साढ़े पांच साल के बच्चों को भी पहली कक्षा में दाखिला देने को मंजूरी दी है। दरअसल, दिसंबर महीने में हुई कैबिनेट ने छह साल से कम उम्र के बच्चों को पहली कक्षा में दाखिला नहीं देने का निर्णय लिया था। इसमें सरकार ने संशोधन किया है। अब 30 सितंबर तक साढ़े पांच साल पूरा करने वाले बच्चे भी दाखिला ले सकेंगे।



### शिमला-धर्मशाला के बीच शुरू होगी नई फ्लाइट

**अर्बन** लोकल बॉडीज में प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग सेल बनाने का निर्णय लिया। शिमला से धर्मशाला के बीच एलायंस एयर की नई फ्लाइट शुरू करने को मंजूरी दी गई। इसके लिए 31 जून तक हिमाचल सरकार और एलायंस एयर के बीच एमओयू साइन होगा। इस फ्लाइट के शुरू होने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

### एसआईडीसी सिविल वर्क को किया अधिकृत

कैबिनेट ने स्टेट इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एसआईडीसी) को सिविल वर्क करने के लिए अधिकृत किया है। इसके बाद लोक निर्माण विभाग और हिमुडा की तर्ज पर एसआईडीसी भी निर्माण कार्य कर पाएगा।

### भाजपा ने की राज्यसभा उम्मीदवारों की सूची जारी

## जेपी नड्डा को गुजरात से बनाया उम्मीदवार

एजेंसी, नई दिल्ली



**भाजपा** के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को राज्यसभा चुनाव में गुजरात से पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है। बुधवार को भाजपा ने गुजरात और महाराष्ट्र की सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की। महाराष्ट्र से अशोक चव्हाण को उम्मीदवार बनाया गया है। चव्हाण मंगलवार को ही भाजपा में शामिल हुए थे। भाजपा की ओर से जारी सूची में गुजरात से पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, गोविंदभाई ढोलकिया, मयंकभाई नायक, जशवंत सिंह सलाम सिंह परमार हैं। महाराष्ट्र से अशोक चव्हाण, मेधा कुलकर्णी, अजीत गोपछड़े हैं।

### वर्तमान में हिमाचल से राज्यसभा सांसद हैं नड्डा

**शिमला।** वर्तमान में जेपी नड्डा हिमाचल से राज्यसभा सांसद हैं। उनका कार्यकाल अप्रैल में पूरा होने जा रहा है। भाजपा ने 15 राज्यों की 56 सीटों पर होने वाले राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव 2024 को देखते हुए बुधवार को अब तक 12 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की है। जेपी नड्डा पेशे से वकील और मझे हुए राजनीतिज्ञ भी हैं। 2014 से 2019 के बीच मोदी सरकार में वह देश के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री भी थे। उन्हें 2020 से भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया है।

## कांग्रेस ने हिमाचल से मनु सिंघवी को उतारा





- राजस्थान से सोनिया गांधी, अखिलेश प्रसाद बिहार से उम्मीदवार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी राजस्थान से राज्यसभा जाएंगी। वह आज राजस्थान से नामांकन करने जा रही हैं। हालांकि कल ही उनके राजस्थान से नामांकन करने की जानकारी आ गई थी। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बुधवार को एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा के लिए चार नामों को स्वीकृति दी है। इसके तहत सोनिया गांधी राजस्थान से, वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी हिमाचल प्रदेश, डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह बिहार और चंद्रकांत खंडूरे महाराष्ट्र से राज्यसभा के उम्मीदवार होंगे।

**लापरवाही** वसंत पंचमी पर बिके प्लास्टिक के हजारों पतंग, मानव, पक्षियों और पर्यावरण के लिए है बहुत घातक

# मंडी में बेरोकटोक बिक रहा प्रतिबंधित चीनी मांझा

अनिल शर्मा, मंडी

**छोटी** काशी मंडी में चीनी मांझा का बेरोकटोक बिकना कई सवाल खड़े कर रहा है। गौर हो कि वसंत पंचमी के अवसर पर मंडी में हजारों के हिसाब से पतंग की बिक्री हुई और खरीददार न टूटने वाला चीनी मांझा खरीदकर ले गए।

हैरानी इस बात की है कि इस बार सड़क के साथ लगे घरों में ही पतंग के साथ चीनी मांझा बेचा गया, ताकि पुलिस को इसकी भनक तक न लगे। बता दें कि पर्यावरण विभाग एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के आदेशों के तहत प्रदेश में पतंग उड़ाने के लिए शीशे और अन्य हानिकारक पदार्थों से लेपित नायलॉन धागा, जिसे चीनी मांझी के नाम से जाना जाता है, उसके उत्पादन, भंडारण, बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध लगाया है। (अनंत ज्ञान)




पीपल के पेड़ पर फंसा चीनी मांझा व प्लास्टिक का पतंग।

### नहीं हो रहा है आदेशों का पालन

**अधिसूचना** की प्रतिलिपि प्रदेश के सभी संबंधित विभागाध्यक्षों को जारी की गई है, लेकिन मंडी शहर में इसकी अधिसूचना के आदेशों का पालन नहीं हो रहा है। न तो पतंग विक्रेता चीनी मांझा को बेचने से मान रहे हैं और न ही खरीददार। बच्चे भी चीनी मांझा का उपयोग कर पतंग उठा रहे हैं। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने 2016 में अपने आदेश में पतंग उड़ाने के लिए चीनी डोरी या चीनी मांझे, शीशे और अन्य हानिकारक पदार्थों से लेपित भागों के उत्पादन, भंडारण, विक्रय व उपयोग पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाया गया था।

### नायलॉन से बने चीनी मांझा में लगाए जाते कांच और लौह कण

**चीनी** मांझा नायलॉन से बनता है। इसमें कांच और लोहे के कण लगाए जाते हैं। चीनी मांझा स्ट्रेचेबल होता है। इस कारण यह आसानी से टूटता नहीं है। यह परिंदों के लिए भी जानलेवा है, क्योंकि पक्षी इसके साथ फंस जाते हैं और कट जाते हैं। वहीं, बिजली की तारों से टकराने पर शॉर्ट कर सकता है, जिस कारण पतंग उड़ाने वाले को करंट लग सकता है। चीनी मांझा न केवल पक्षियों बल्कि इंसानों के लिए भी जानलेवा है।

### पर्यावरण को करेंगे खराब

**नगर** निगम मंडी के अधिकार क्षेत्र में प्लास्टिक के पतंग खूब बिके और मामला नगर निगम प्रशासन तक पहुंचने तक हजारों पतंग बिक चुके थे। कागज के पतंग भी बेचे और खरीदे गए, लेकिन प्लास्टिक के उससे कहीं ज्यादा बिके। पतंग टूटने के बाद यह कई पेड़ों पर चीनी मांझे सहित फंसे हुए मिलते हैं।

> मामला ध्यान में आया है। मौके पर जाकर देखा जाएगा।
> प्लास्टिक से शहर प्रदूषित होता है, पानी के प्राकृतिक स्रोतों, नदी-नालों और पेड़ों पर प्लास्टिक के पतंग लटके मिलते हैं, जो पर्यावरण को प्रदूषित करते हैं। कांगज के पतंग उड़ाए जा सकते हैं। इस तरह चारी छुपे प्लास्टिक बेचना उचित नहीं है।
> **-सतीश, सफाई निरीक्षक नगर निगम मंडी।**

> **मामला** ध्यान में आया है, चीनी मांझे बेचने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।
> **-साक्षी वर्मा, एसपी मंडी।**

## विजिलेंस ने पेपर स्कैम में दो और कैंडिडेट किए गिरफ्तार

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर

**हमीरपुर** के भंग हिमाचल कर्मचारी चयन आयोग में हुए पेपर स्कैम मामले में विजिलेंस ने दो और कैंडिडेट गिरफ्तार किए हैं।

गिरफ्तार कैंडिडेट शिमला से ताल्लुक रखने वाला सोम प्रकाश और हमीरपुर जिले के भिड़ा इलाके से नीरज शर्मा है। बुधवार देर शाम को दोनों को विजिलेंस के एसपी ऑफिस में लाया गया। पोस्ट कोड 962 में अब तक आठ अरेस्ट हो चुके हैं। दीगर रहे कि एचआरटीसी से गिरफ्तार बर्खास्त इंस्पेक्टर रवि ने इन्हें भी पेपर भेजे थे। उनकी बहन, बहनोई और पत्नी को भी गिरफ्तार किया है। वह पुलिस रिमांड पर हैं। इनको 15 फरवरी को कोर्ट में पेश किया जाएगा। नई गिरफ्तारियां भी पोस्ट कोड 962 के तहत में हुई हैं। बर्खास्त इंस्पेक्टर रवि पहले से ही गिरफ्तार है और दूसरे साथी ढाबा चलाने वाले सोहन पुलिस रिमांड पर है। इस सारे पेपर्स के मामले में पहले से गिरफ्तार मुख्य आरोपी उमा आजाद को भी इन सभी के साथ सहित वीरवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। अब तक अलग-अलग पोस्ट कोड में 31 लोग गिरफ्तार हो चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

> **सेक्रेटेरिएट** क्लर्क भर्ती के पोस्ट कोर्ड 962 में अब तक आठ लोग गिरफ्तार हो चुके हैं। दो और कैंडिडेट की गिरफ्तारी की है। इनके खिलाफ पुख्ता सबूत मिले हैं। इनमें एक शिमला का सोम प्रकाश और हमीरपुर के भिड़ा से नीरज शर्मा शामिल है।
> **-राहुल नाथ, डीआईजी।**

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस रिमांड पर चिट्टे के आरोपी

**धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला के तहत 8.52 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किए गए युवक को बुधवार को अदालत में पेश किया गया। अदालत ने आरोपी बड़ोल निवासी युवक तीन तीन से पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। गौरतलब है कि उक्त युवक को एएसआई विजय सिंह की अगुवाई ने पुलिस ने चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वीर बहादुर ने आरोपी को पुलिस रिमांड मिलने की पुष्टि की है।

### सम्मान आत्मविश्वास को मजबूत करेगा : कपूर

**पालमपुर।** मेरे द्वारा किसानों और पशुपालकों की दिशा में किए गए प्रयासों को लेकर विश्वविद्यालय द्वारा दिया गया सर्वोच्च 'चांसलर अवार्ड' द्वारा सम्मानित करना निश्चित रूप से मुझे यह सम्मान ओर ऊर्जा के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करता रहेगा। यह शब्द भाजपा के प्रदेश महामंत्री और पूर्व में रहे वूल फेडरेशन के अध्यक्ष त्रिलोक कपूर ने पंजाब के मंडी गोबिंदगढ़ में स्थित देशभक्त विश्वविद्यालय द्वारा अपने आयोजित वार्षिक दीक्षांत समारोह के सम्मान अवसर उपरांत चर्चा करते हुए व्यक्त किए।

### महाराणा प्रताप स्कूल में वसंत पंचमी की धूम

**कांगड़ा।** महाराणा प्रताप पब्लिक विद्यालय सिहुवां (शाहपुर) में वसंत पंचमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सभी अध्यापक व छात्र-छात्राओं ने पीले रंग की पोशाक पहनी थी। प्रिंसिपल शालिनी राणा ने बताया कि अध्यापक और बच्चों ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर फूल चढ़ाए। वहीं, आज पुलवामा शहीदों की याद में विद्यालय में दो मिनट का मौन धारण करवाया गया।

### तन्मय कंवर ने संभाला कार्यभार

**नगरोटा सूरियां।** 2020 बैच के अधिकारी तन्मय कंवर ने बुधवार को खंड विकास अधिकारी नगरोटा सूरियां का कार्यभार संभाल लिया। शिमला के रहने वाले तन्मय कंवर इससे पहले ठियोग में विकास खंड अधिकारी की सेवाएं दे रहे थे। और उससे पहले शीलाई, चौपाल, कुनहार, कोटखाई, कल्पा जैसी जगहों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। कार्यभार संभालते ही पत्रकारों से रू-ब-रू होते हुए उन्होंने कहा कि विकास खंड नगरोटा सूरियां में विकास कार्यों को गति प्रदान की जाएगी तथा साथ ही स्थानीय लोगों को रोजगार सृजन के साधन सरकार के माध्यम से उपलब्ध करवाए जाएंगे।

### परिवहन निगम के 11 रूट सस्पेंड

**धर्मशाला।** हिमाचल पथ परिवहन निगम मंडल धर्मशाला के तहत दिल्ली रूटों पर संशोधन किया गया है। कुल 11 रूटों को संस्पेंड, आठ रूटों में कटौती और नौ रूटों को अन्य रूटों के साथ जोड़ा गया है। यह जानकारी देते हुए मंडलीय प्रबंधक पंकज चड्ढा ने बताया कि 11 रूटों पर सवारियों की कमी के चलते यह निर्णल लिया गया है। इसके अतिरिक्त कुछ रूटों से छोटे स्टेशनों को हटाया गया है। जिसका कारण सवारियों की ही कमी होना है। इसके अतिरिक्त नौ रूटों को अन्य महत्वपूर्ण रूटों के साथ जोड़ दिया गया है, ताकि सवारियों को कोई दिक्कत न हो। जोगिंद्रनगर से तीन रूट, बैजनाथ से छह रूट, पालमपुर से पांच रूट, नगरोटा बगवां से चार रूट, धर्मशाला से छह रूट, पठानकोट से दो रूट और चंबा से तीन रूट प्रभावित हुए हैं।

### शहीदों का बलिदान कभी व्यर्थ नहीं जाता

**नगरोटा सूरियां।** विकासखंड नगरोटा सूरियां और विधानसभा देहरा हल्के की ग्राम पंचायत गठुतर में एडवोकेट प्रिंस चौधरी की अध्यक्षता में पुलवामा हमले में शहीद हुए वीरों को श्रद्धांजलि दी गई।इस मौके पर एडवोकेट शिवेंद्र सैनी ने कहा की आज हम चैन से अपने घर परिवार में रह रहे हैं यह सब हमारे जवानों के कारण है। पुलवामा हमले में शहीद हुए वीरों को कभी भुलाया नहीं जा सकता, यह अमर बलिदानी हैं। इस मौके पर स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि, नारी शक्ति, वरिष्ठ नागरिक और युवा उपस्तिथ रहे।

### शिवनगर कॉलेज में सजी पेंटिंग प्रतियोगिता

**पंचरुखी।** राजकीय महाविद्यालय शिवनगर के प्राचार्य डॉ. शमशेर राणा के मार्गदर्शन व रेड रिबन क्लब की नोडल ऑफिसर डॉ. नितिका शर्मा के निर्देशन द्वारा राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत वेलेंटाइंस दिवस पर लव फॉर आल केयर आल एंड टीवी थीम पर स्टोन पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके साथ ही टीवी हारेगा देश जीतेगा जागरूकता फैलाने के लिए विद्यार्थियों ने सेल्फी बूथ का आयोजन भी किया। स्टोन पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान देवानशी, द्वितीय स्थान युवराज, तृतीय स्थान आशीष ने प्राप्त किया।

### बैठक में गोरख परिवार ने बनाई रणनीति

**पपरोला।** बैजनाथ उपमंडल की ग्राम पंचायत कंडी में हिमाचली गोरख परिवार की पहली बैठक अध्यक्ष वीर बड़का की अगुआई में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस बैठक में हिमाचली गोरखा परिवार के आगामी कार्य करने के विषय में चर्चा की गई। इस मौके पर गोरखा समुदाय के तमाम सदस्य मौजूद रहे। रिटायर्ड अध्यापक व समाजसेवी शक्ति चंद राणा मुख्य रूप से इस बैठक में मौजूद रहे।

### कर्ण ने पास की जेईई की मुख्य परीक्षा

**डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल खैरा के 12वीं कक्षा के छात्र कर्ण कंठवाल ने ऑल इंडिया जेईई मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण की है। करण ने इस परीक्षा को 88.40 अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण किया। छात्र को इस उपलब्धि के लिए प्रधानाचार्य विजय शर्मा व सभी स्टाफ सदस्यों ने बधाई दी। छात्र ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपनी माता मधूबाला, विद्यालय के प्रधानाचार्य व अध्यापकों को दिया।

### जरूरतमंदों को वितरित किए आवंटन पत्र

**बैजनाथ।** नगर पंचायत बैजनाथ पपरोला द्वारा जरूरतमंदों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवंटन पत्र वितरित किए गए यह जानकारी देते हुए नगर पंचायत अध्यक्षा कांता देवी और सचिन आदित्य चौहान ने बताया कि हाल ही में स्वीकृत 25 परिवारों को नगर पंचायत के कांफ्रेंस हॉल में यह आवंटन पत्र दिए गए हैं। इससे आने वाले समय में यह परिवार अपने मकान में रह सकेंगे। उल्लेखनीय है कि बीते वर्ष इन परिवारों द्वारा योजना के तहत आवास की मांग प्रेषित की गई थी। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि आने वाले समय में और भी परिवारों को यह आवास आवंटित किए जाएंगे। इस मौके पर उपाध्यक्ष वेदना कुमारी पार्षद विनय धीमान और चंपा देवी विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

### निधन पर जताया शोक

**पालमपुर।** शहीद विक्रम बत्रा की माता कमलकांत बत्रा के निधन पर प्रदेश भाजपा ने शोक जताया है। प्रदेश भाजपा महामंत्री त्रिलोक कपूर ने कहा कि स्वर्गीय कमलकांत बत्रा ने देश को महान सपूत दिया था। शहीद विक्रम बत्रा ने कारगिल युद्ध के दौरान दुश्मनों से लोहा लेते हुए वीरगति पाई थी। त्रिलोक कपूर ने कमलकांत बत्रा के निधन पर दुख जताते हुए भगवान से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए कहा कि भगवान शोक संतप्त परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। अमर शहीद परमवीर चक्र विजेता विक्रम बत्रा की मां का अंतिम संस्कार वीरवार को पालमपुर श्मशानघाट मे किया जाएगा।

कांगड़ा बाजार में एक आभूषण की दुकान में हुई थी चोरी, सीसीटीवी ने खोली चोरी की पोल

# आभूषण की दुकान में चोरी की आरोपी महिला गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

कांगड़ा पुलिस स्टेशन की एक टीम ने मुख्य बाजार कांगड़ा में एक आभूषण की दुकान में चोरी के मामले में 31 वर्षीय मंजू देवी, निवासी दुरगेला गांव, शाहपुर को गिरफ्तार किया है।

बताते चलें कि महिला सहगल मार्केट, मेन बाजार कांगड़ा में परवाना ऑर्नामेंट्स नामक आभूषण की दुकान पर गई थी। उसने दुकान के मालिक से कुछ सोने के आभूषण दिखाने को कहा और बड़ी चालाकी से आभूषणों को अपने कपड़ों में छिपा लिया और भाग गई। वह अगले दिन फिर उसी दुकान पर आई और फिर से दो सोने के पेंडेंट मांगे। पेंडेंट फिर से बड़ी चालाकी से छिपा दिए गए, लेकिन मालिक को शक हो गया और उसने सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो पता चला कि महिला दुकान से आभूषण चुराकर भाग गई है। दुकानदार की शिकायत के बाद कांगड़ा पुलिस थाना में इसकी एफआईआर दर्ज की गई। बाद डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा के निर्देशों के बाद एडिशनल एसएचओ संजय शर्मा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया और महिला की पहचान की गई और शाहपुर में उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया।


पुलिस टीम के साथ आरोपी महिला।

#### आरोपी तीन दिन के पुलिस रिमांड पर

**चोरी** हुए सोने के आभूषण उसके घर से बरामद कर लिए गए हैं। उधर, मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने बताया कि महिला को अदालत में पेश किया जहां से तीन दिन की पुलिस रिमांड का आदेश दिया गया।

### हेरोइन के साथ तीन युवक काबू

**पालमपुर।** पालमपुर बस स्टैंड की पार्किंग के पास एक किया कार से पुलिस 6.23 ग्राम हेरोइन चिट्टा बरामद किया है। इसके आरोप मे पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। डीएसपी लोकेंद्र नेगी ने बताया की पुलिस ने शक के आधार पर पर युवकों की तलाशी ली। इनसे नशीली सामग्री प्रास हुई। पुलिस ने इस आरोप मे सौरभ भटनागर नगरोटा बगवां, सुधांशु गांव मारंडा, अक्षित चौहान निवासी खिलड़ू बिंद्रावन को गिरफ्तार किया है।

## बनखंडी में फॉरेस्ट आवास में पड़ा मिला 48 वर्षीय व्यक्ति का शव

**अनंत ज्ञान, देहरा**

देहरा के बनखंडी में फॉरेस्ट आवास में एक 48 वर्षीय व्यक्ति का शव पड़ा मिला है। मृतक की पहचान बाबू राम पुत्र गुरिया राम निवासी गठूतर के रूप में हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जब वनरक्षक अभिषेक शर्मा सुबह फॉरेस्ट आवास में पहुंचे तो आवास के एक जर्जर कमरे में एक व्यक्ति का शव पड़े देखा। उन्होंने तुरंत इस बारे पंचायत व पुलिस को सूचित किया। सूचना पाकर हरिपुर थाना से एएसआई चमन व चौकी रानीताल से एएसआई जगदीश चंद के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने मृतक के परिजनों को मौके पर बुलाकर उनके बयान कलमबद्ध किए। इस मौके पर पंचायत प्रधान शेरलुहार की प्रधान सपना देवी, उपप्रधान अनुराग धीमान और बनखंडी पंचायत के प्रधान विजय कुमार भी उपस्थित रहे। वहीं उक्त मामले की जानकारी मिलते ही डीएसपी देहरा अनिल कुमार भी मौके पर पहुंचे थे। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक व्यक्ति चार-पांच महीनों से घर से बाहर ही रहता था और शराब का आदि हो चुका था। ऐसा कहा जा रहा है कि पिछले कुछ समय से मृतक व्यक्ति यहीं जर्जर कमरे में रह रहा था। पुलिस ने धारा 174 के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। डीएसपी देहरा अनिल कुमार ने बताया कि बनखंडी में एक शव पड़ा मिला है। किसी ने कोई शक जाहिर नहीं किया है।

#### पुलिस ने शव परिजनों को सौंपा

**मैक्लोडगंज।** मैक्लोडगंज में गाड़ी से मिले चालक के षव को पोस्टमॉर्टम कर परिजनोंको सौंप दिया गया है। गौरतलब है कि चालक पंजाब के फिलोर से पर्यटकों को लेकर मैक्लोडगंज पहुंचा था लेकिन वह मंगलवार को गाड़ी में अज्ञात कारणों से मृत पायागया। यह जानकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वीर बहादुर ने दी।

## धर्मशाला में सोलर सिस्टम और पार्किंग पर रहेगा फोकस : जफर इकबाल

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

हमीरपुर में एनआईटी में पढ़ाई तथा प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी के बाद हमीरपुर में बतौर एसडीएम करीब पांच माह सेवाएं दे चुके युवा अफसर जफर इकबाल अब धर्मशाला नगर निगम में बतौर आयुक्त सेवाएं देंगे।

यहा बताते चलें कि जम्मू कश्मीर के पूंछ क्षेत्र के जफर इकबाल के अनुसार उन्हें हिमाचल में घर जैसा महसुस होता है। सरकाघाट में बतौर एसडीएम, सोलन में बतौर एडीएम तथा सोलन नगर निगम में बतौर आयुक्त सेवाएं दे चुके जफर इकबाल ने हाल ही में बतौर धर्मशाला नगर निगम के आयुक्त के रूप में पद संभाला है। इस विजनरी युवा अधिकारी के अनुसार कार्यक्षेत्र में समस्याएं आना नॉर्मल है लेकिन मुख्य बात ये है कि आप प्रबंधन कैसे करते हैं। इंजीनियरिंग के स्टूडेंट रहे जफर के अनुसार धर्मशाला में स्मार्ट सिटी के कामों का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करवाने के साथ शहर में सोलर लाइट सिस्टम तथा पार्किंग की व्यवस्था करना उनका मुख्य उद्देश्य रहेगा। (अंनत ज्ञान)



#### जनता के सुझावों का स्वागत

**युवा** अफसर जफर इकबाल ने नगर निगम क्षेत्र के लोगों से आग्रह किया कि वो भी विकास कार्यों में अपनी सहभागिता तय करें तथा किसी भी तरह के सुझाव का वो स्वागत करेंगे। उन्होंने कहा कि धर्मशाला एक खुबसूरत शहर है तथा इसे स्वच्छ रखने में मदद करें तथा गीला तथ सूखा कूड़ा अलग-अलग कर के दें।

### पारस स्कूल में मनाई वसंत पंचमी

**डरोह।** पारस पब्लिक स्कूल भवारना में वसंत पंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। स्कूल प्रधानाचार्या नीलम राणा ने विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा के आगे दीप प्रज्ज्वलित किया और मंत्र उच्चारण सहित पूजा अर्चना की। स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं ने मां सरस्वती की प्रतिमा के आगे पुष्प अर्पित किए और नतमस्तक होकर उनका आशीर्वाद लिया। अध्यापिका रेनू शर्मा ने अपने भाषण के माध्यम से बच्चों को बसंत पंचमी का महत्व बताया। स्कूल की प्रधानाचार्या ने सबको वसंत पंचमी की शुभकामनाएं दीं।

### कालिदास को सौंपी कमान

**पंचरुखी।** हिमाचल प्रदेश कोली समाज की प्रदेश कार्यकारणी के चुनाव जिला कुल्लू के देव सदन में संरक्षक रोशन लाल की देखरेख में संपन्न हुए। तीन वर्षों के लिए बनाई गई इस कार्यकारणी में कांगड़ा, मंडी, सोलन, सिरमौर, शिमला व कुल्लू छह जिलों के डेलीगेट्स शामिल रहे। अमर चंद शलाठ को सर्वसहमति से अध्यक्ष चुना गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद के लिए चुनाव करवाना पड़ा इसमे संजीव पुंडीर को चुना गया। प्रदेश उपाध्यक्ष के लिए जिला कांगड़ा इकाई के अध्यक्ष कालिदास को सर्वसहम्मति से उपाध्यक्ष बनाया गया। अध्यक्ष द्वारा कार्यकारणी का विस्तार करते हुए प्रदेश महासचिव, कैशियर व कार्यकारी अध्यक्ष को भी सर्व सहमति से चुना गया।

### आशा व स्वास्थ्य वर्कर्स को दे रहे प्रशिक्षण

**ज्वालामुखी।** खंड चिकित्सा अधिकारी ज्वालामुखी डॉ संजय बजाज ने बताया कि खंड ज्वालामुखी की महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओ और आशा कार्यकर्ताओं को पांच दिन का छोटे बच्चों की गृह आधारित देखभाल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। डॉ. बजाज ने बताया कि यह प्रशिक्षण स्वास्थ्य शिक्षक ज्वालामुखी सुरेश चंदेल और स्वास्थ्य पर्यवेक्षक ज्वालामुखी संजीव शर्मा दे रहे हैं। अभी तक खंड ज्वालामुखी के दो बैच को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

### ज्वालामुखी मंदिर में हवन-पूजा का आयोजन

**ज्वालामुखी।** विश्व विख्यात शक्तिपीठ ज्वालामुखी मंदिर में बुधवार को बसंत पंचमी के पावन अवसर पर भक्तों ने मां ज्वालामुखी के दरबार में पहुंचकर हवन पूजा में भाग लिया और मां ज्वालामुखी का दर्शन करके आशीर्वाद प्राप्त किया। आज गुप्त नवरात्रि का पंचम दिवस भी है जिसे लेकर पुजारी वर्ग व विद्वान पंडित विश्व शांति व कल्याण हेतु लाखों की संख्या में पूजा जप पाठ कर रहे हैं। पुजारी व न्यास सदस्य पुजारी अविनेंद्र शर्मा ने बताया कि बसंत पंचमी को सरस्वती मां की पूजा अर्चना करते हैं।

### अबूधाबी में पहले हिंदू मंदिर का उद्घाटन सराहनीय कदम

**पालमपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं भारतीय राज्य पेंशनर संघ के वारिष्ठ उपाध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने कहा कि देश में राम मंदिर के भव्य उद्घाटन के बाद बुधवार 14 फरवरी को पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में पहले हिंदू मंदिर का उद्घाटन करना सनातन के लिए बहुत सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि दुबई-अबू धाबी शेख जायेद हाइवे पर अल रहबा के पास बने बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था द्वारा करीब 27 एकड़ क्षेत्र में बने इस मंदिर का काम 2019 से जारी है।

## एसडीएम वचित्र सिंह ने पुलवामा के शहीद तिलक राज को किया नमन

**अनंत ज्ञान, जवाली**

14 फरवरी 2019 को पुलवामा अटैक में शहीद हुए धेवा के शहीद तिलक राज को बुधवार को प्रशासन की तरफ से एसडीएम जवाली विचित्र सिंह ने उनके घर पर पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाकर श्रदांजलि अर्पित की तथा उनकी कुर्बानी को नमन किया।


पुलवामा शहीद तिलक राज को श्रद्धांजलि देते एसडीएम जवाली।

शहीद के पिता लायक राम व माता बिमला देवी ने कहा कि तत्कालीन सरकार ने हमारे बेटे के नाम पर शहीदी गेट बनाने व श्मशानघाट को जाने वाले रास्ते को पक्का करने का वादा किया था लेकिन आजतक कुछ भी नहीं हुआ है। स्कूल का नाम तो हमारे बेटे के नाम पर कर दिया गया लेकिन मात्र टीन की चादर पर ही नाम लिखकर ही काम चला रखा है जिससे शहादत को जख्म मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार वादों को पूरा करे तथा शहीदी गेट बनवाए ताकि शहादत को युगों-युगों तक याद रखा जा सके। इस मौके पर शहीद की पत्नी सावित्री देवी सहित कई लोग मौजूद रहे।

### 29 तक ऑनलाइन अपलोड करें सहमति पत्र

**धर्मशाला।** मार्च 2024 में बोर्ड द्वारा संचालित की जाने वाली विभिन्न कक्षाओं की बोर्ड परीक्षाओं से संबंधित विविध विषयों की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन हेतु मुख्य परीक्षक व उपपरीक्षक की नियुक्ति के लिए सहमति पत्र आमंत्रित किए हैं। इसका लिंक संबंधित स्कूल की यूजर आईडी में उपलब्ध करवा दिया गया है। बोर्ड नियमानुसार मुख्य परीक्षक के लिए संबंधित विषय में कम से कम दस वर्ष एवं उप परीक्षक के लिए कम से कम तीन वर्ष, निजी स्कूलों के अध्यापकों के लिए कम से कम चार वर्ष का नियमित शिक्षण अनुभव आवश्यक है। स्कूल शिक्षा बोर्ड सचिव डॉ मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि प्रदेश के समस्त स्कूल प्रमुखों को सूचित किया जाता है कि वे 29 फरवरी तक अपने अधीनस्थ प्राध्यापकों एवं अध्यापकों के सहमति पत्र बोर्ड वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन अपलोड करवाना सुनिश्चित करें।

### किसान बहादुर सिंह बने युवाओं के लिए मिसाल

**नूरपुर।** नूरपुर विधानसभा की पंचायत सिवली के गांव कुखेड़ के रहने वाले किसान बहादुर सिंह ने दुकानदारी छोड़ कर अपनी पुश्तैनी जमीन में खेती-बाड़ी व बागवानी शुरू की और मेहनत और देसी खाद का इस्तेमाल करके सीजनल, ऑफ सीजनल सब्जियां उगा कर इलाके में नाम भी कमाया और आजिविका साधन भी तैयार किया हुआ है। बहादुर सिंह द्वारा इस बार अढ़ाई किलो शलगम पैदा किया गया। इसकी चर्चा सारे इलाके में है किसान बहादुर सिंह ने कहा कि मैं नूरपुर विधानसभा की सिवली पंचायत के कुखेड का रहने वाला हूं मैं पहले दुकान किया करता था। मैने दुकान छोड़कर पुश्तैनी जमीन में खेती-बाड़ी की ओर ध्यान देना शुरू कर काफी नाम कमा रहे है।

## समस्याओं का त्वरित निदान करने पर रहेगा विशेष फोकस : हेमराज बैरवा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि कांगड़ा जिला में आम जनमानस की समस्याओं का त्वरित समाधान सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी, ताकि लोगों को बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ें।

बुधवार को उपायुक्त कार्यालय परिसर के सभागार में मीडिया से संवाद के दौरान उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि जिला में सरकार की सभी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन तथा इन योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए अधिकारियों की टीम के साथ पूरी कर्तव्यनिष्ठा एवं तत्परता के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखने के लिए सभी विभागों के आपसी समन्वय तथा लोगों की सहभागिता के साथ जिला भर में अभियान आरंभ किया जाएगा। इसके अतिरिक्त खेल गतिविधियों तथा हर स्तर पर ज्यादा से ज्यादा पुस्तकालय खुलवाने पर भी विशेष बल दिया जाएगा, ताकि युवा पीढ़ी नशे से दूर रह सके। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि कांगड़ा जिला में टूरिज्म गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा शक्तिपीठों में श्रद्वालुओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए भी प्लान तैयार किया जाएगा।


चामुंडा। श्री चामुंडा नादिकेश्वर धाम में विमुक्ति एवं ज्ञाता ज्ञात अल्प मृत्यु दोष निवारण नॉर्थ सर्वेक्षण तथा लोक कल्याण हेतु सहस्त्र चंडी मैया का आयोजन क्षेत्र के 100 कुंज अकर्मक विद्वानों द्वारा किया जा रहा है। इस महायज्ञ में श्री दुर्गा सप्तशती के 1000 पाठ लक्ष्य गायत्री जाप श्रीमद् भागवत पारायण रामायण पारायण कर लघु रुद्र कुंज हजार गणपति जब 21000 द्वादश सर विष्णु जब एवं 21000 शिव पंचाक्षर जाप किया जाएगा महायज्ञ की व्यवस्था शास्त्र को विधि विधान से संपन्न की जाएगी( इसमें आज देश स्थापना मंडप पूजा कलश स्थापना ब्राह्मण आवरण किया गया।

### स्वामी सर्वज्ञा नंद की मूर्ति की स्थापित

**बैजनाथ।** बैजनाथ के चौबिन चौक में स्थित ऐतिहासिक व ब्रह्म कुटीर में स्वामी सर्वज्ञा नंद जी महाराज की मूर्ति स्थापित की गई। स्वामी जी का निधन दो वर्ष पूर्व हुआ था। तकरीबन छह क्विंटल वजनी यह मूर्ति राजस्थान के दक्ष कारीगरों द्वारा संगमरमर की विशाल शिला से बनाई गई है। 1968 में दिवंगत स्वामी भगत राम जी महाराज के निधन के पश्चात 1969 से लगातार बसंत पंचमी के दिन नंदा परिवार द्वारा इस कुटिया में भंडारे का आयोजन किया जाता है।

### अंशुल शांडिल ने संभाला कार्यभार

**नूरपुर।** ब्लॉक नूरपुर में नए बीडियो के रूप में अंशुल शांडिल ने कार्यभार संभाल लिया है मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा चलाई गई जन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतर कर सही प्रारूप प्रदान करना प्राथमिकता के तौर पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा नूरपुर में 8 नई पंचायत का निर्माण हुआ है उन सभी नवनिर्मित पंचायत के प्रति उनका विशेष फोकस रहेगा तथा जिन पंचायत के भावनाओं का निर्माण अभी तक नहीं हुआ है उसके बारे में सभी के साथ बैठकर संभव हल निकाला जाएगा।

## जयसिंहपुर कॉलेज में वसंत पंचमी पर की पूजा-अर्चना

**अतुल जसवाल, जयसिंहपुर**



कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में बुधवार को पंचमी का पावन पर्व जयसिंहपुर महाविद्यालय में मनाया गया। बसंत पंचमी के इस शुभ अवसर पर महाविद्यालय में विद्या की देवी मां सरस्वती का वंदन करते हुए समस्त महाविद्यालय के प्राध्यापक व छात्र मौजूद रहे। इस कार्यक्रम का संचालन संगीत प्राध्यापिका प्रो ललिता शर्मा के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के मुख्यातिथि जयसिंहपुर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो उपेन्द्र शर्मा जी रहे। कार्यक्रम की शुरुवात मुख्य अतिथि के द्वारा ज्ञान, संगीत, कला और विज्ञान की देवी मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्वलन के साथ की गई। तत्पश्चात सरस्वती वंदना करते हुए मां सरस्वती का आशीर्वाद लिया गया। उपस्थित सभी प्राध्यापकों व छात्रों को मिष्ठान, प्रसाद बांटकर कार्यक्रम को हर्षोल्लास के साथ संपन्न किया गया। (अंनत ज्ञान)

**रणनीति** माइनॉरिटी विभाग ने आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर की नियुक्तियां

## कांग्रेस ने जारी की जिला समन्वयकों की लिस्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कांग्रेस माइनॉरिटी विभाग ने आगामी लोक सभा चुनावों के मद्देनजर संसदीय कॉ-ऑर्डिनेटरों और जिला कॉ-ऑर्डिनेटरों की नियुक्तियां कर दी हैं। उक्त नियुक्यिों की घोषणा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय कॉ-ऑर्डिनेटर एवं माइनोरिटी विभाग इंचार्ज हिमाचल प्रदेशा सादिक खान ने की।

प्रेस को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र का संसदीय कॉ-ऑर्डिनेटर सिरिल चंद्र को नियुक्त किया गया है। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से नसीबदीन, मंडी संसदीय क्षेत्र से सुलेमान अंसारी और शिमला संसदीय क्षेत्र से मुस्ताक अहमद को नियुक्त किया गया है। जिला को-ऑर्डिनेटरों में जिला कांगड़ा से उमर खताब, चंबा से खालिद मिर्जा, हमीरपुर से सलामदीन, बिलासपुर से अली मोहम्मद, उना से शकील मोहम्मद, मंडी से लियाकत अली, शिमला से मोहम्मद अशरफ, सिरमौर से मंजूर मलिक को नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त कुल्लू, लाहौल स्पिति और किन्नौर की नियुक्तियां अभी नहीं की गई हैं, इन नियुक्तियों पर अभी चर्चा चल रही है। सादिक खान ने कहा कि देश सहित हिमाचल में कांग्रेस पार्टी लोकसभा चुनावों के लिए तैयार है। इस बार चुनावों में देश की जनता केंद्र की भाजपा सरकार को हटाने की तैयारी में है। सादिक खान ने कहा कि मौजूदा समय में केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के चलते देश की जनता त्रस्त है। देश में महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है। उन्होंने कहा कि देश में नफरत और लोगों को धर्म के नाम पर बांटने का प्रयास किया जा रहा है। सादिक खान ने कहा कि कांग्रेस अग्निवीर भर्ती का विरोध करती है, यह देश के युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ है। हिमाचल की बात करें, तो केंद्र सरकार ने बरसाती आपदा से हुए नुकसान की भरपाई के लिए कोई मदद नहीं दी है।


लिस्ट जारी करते सदस्य।

## लोकसभा चुनावों में उतरने के लिए भाजपा नेताओं में होड़

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

आगामी लोक सभा चुनावों के मद्देनजर राजनीतिक दलों ने अपने प्रत्याशियों के चयन के लिए माथापची शुरू कर दी है। हिमाचल प्रदेश के चार संसदीय क्षेत्रों के लिए प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा और कांग्रेस चुनावी रणनीति में जुट गए हैं।

दोनों राजनीतिक दलों ने प्रत्याशियों के चयन के लिए सर्वे शुरू कर दिया है और सर्वे के आधार पर टिकट आबंटन किया जाएगा। कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र की बात करें तो भाजपा के पास नेताओं की लंबी फेहरिस्त है। इसमें गत विधानसभा चुनावों में पालमपुर से भाजपा से प्रत्याशी त्रिलोक कपूर, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन सिंह परमार, धर्मशाला से पूर्व विधायक एवं युवा नेता विशाल नेहरिया, कर्मचारी नेता घनश्याम शर्मा, धर्मशाला से भाजपा प्रत्याशी राकेश चौधरी, युवा नेता विशाल जम्वाल, राज्य सभा सांसद इंदू गोस्वामी, पूर्व मंत्री राकेश पठानिया एवं कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र से विधायक पवन काजल आदि शामिल हैं।

कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए पवन काजल गत लोक सभा चुनावों में कांग्रेस के प्रत्याशी रहे थे, ऐसे में उनके पास लोकसभा चुनाव लड़ने का अनुभव भी है।




# स्टाफ के अभाव में लाइब्रेरियों में धूल फांक रही करोड़ों की किताबें

## प्रदेश में 3000 लाइब्रेरियंस की दरकार, सरकार ने स्वीकृत किए मात्र 1050 पद, गिर रहा शिक्षा का स्तर

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

हिमाचल की लाइब्रेरियों का अजब हाल है। वर्तमान में प्रदेश में करीब तीन हजार लाइब्रेरी हैं, लेकिन उन्हें चलाने के लिए पर्याप्त स्टाफ ही नहीं है। लाइब्रेरी को मैनेज करने वाले प्रोफेशनल को लाइब्रेरियन कहा जाता है। लाइब्रेरी में लाइब्रेरी अटेंडेंट, लाइब्रेरी असिस्टेंट, जूनियर लाइब्रेरियन और लाइब्रेरियन जैसे पदों पर ट्रेंड प्रोफेशनल की आवश्यकता होती है, लेकिन कम स्टाफ के कारण शिक्षा का स्तर दिन-ब-दिन गिरता जा रहा है। हालात ऐसे बन गए हैं कि शैक्षणिक संस्थानों में हर साल आने वाली करोड़ों की पुस्तकें स्टाफ के अभाव में अलमारियों में बंद पड़ी हैं और धूल फांक रही हैं। उन्हें पाठकों के इस्तेमाल के लिए उपलब्ध करवाने वाले प्रोफैशनल्ज का कोई इंतजाम नहीं है। राज्य के स्कूलों में स्टूडेंट्स का सामान्य ज्ञान बढ़ाने के लिए चलाई जा रही योजनाएं सपना बनकर रह गई हैं। शैक्षणिक संस्थानों में जितनी लाइब्रेरियां हैं उस हिसाब से लाइब्रेरी प्रोफेशनल्ज के कम से कम तीन हजार पद भरे जाने चाहिए, लेकिन स्वीकृत व सृजित पदों की संख्या इस समय 1,050 है। इनमें से सिर्फ 200 पदों पर ही प्रोफैशनल्ज कार्यरत हैं, जबकि लाइब्रेरी साइंस में सर्टिफिकेट, डिप्लोमा व डिग्री होल्डर्स की तादाद 25,000 से भी ज्यादा है और वे रोजगार की आस लगाए बैठे हैं। बता दें कि यह व्यथा प्रदेश के लाइब्रेरियंस और असिस्टेंट लाइब्रेरियंस की भी है। जो कार्यरत हैं उनके वेतनमान में जमीन आसमान का अंतर है और जो किसी संस्थान में नियुक्त हो गए हैं उनको अत्यधिक काम करना पड़ रहा है। जो मनपसंद जगह पर नियुक्त हैं उनकी तो मौज ही मौज है। उल्लेखनीय है कि हिमाचल प्रदेश में दो राज्य, 11 जिला एवं 13 तहसील, जनजातीय एवं सामुदायिक केंद्र जन पुस्तकालय कार्यरत हैं। इसके अलावा लगभग 2,800 सीनियर सेकेंडरी व हाई स्कूलों एवं लगभग 150 कॉलेजों में लाइब्रेरी हैं। यह संख्या लगभग 3,000 बनती है। (अनंत ज्ञान)

### डेढ़ दशक से न भर्ती न पदोन्नति

**प्रदेश** की लाइब्रेरियों में डेढ़ दशक से न तो कोई भर्ती हुई और न ही पदोन्नति। न कन्फर्मेशन पत्र मिला और न ही वरिष्ठता सूची बनी। पिछला हाल तो यह है, लेकिन आने वाले समय में भी अभी उम्मीद नहीं है। अब जो प्रोफैशनल्ज कार्यरत हैं उनमें किसी का वेतन अढ़ाई लाख तो पुस्तकें अढ़ाई सौ और किसी के पास पुस्तकें एक लाख तो वेतन 40,000 है। इसके चलते सभी प्रोफैशनल्ज कोर्ट में उलझे हुए हैं। सभी 200 प्रोफेशनल्स के समूहों में लगभग 30 केस चल रहे हैं। वकीलों को लाखों रुपए की फीस देनी पड़ रही है।

### लाहौल-स्पीति सालों से लिपिक के हवाले

**जिला** पुस्तकालय में या किसी बड़े कॉलेज में अगर किसी की नियुक्ति या तबादला हो गया तो समझो वह काम के बोझ से दब गया। तीन पदों का काम एक प्रोफेशनल्स को करना पड़ रहा है। जिला लाइब्रेरी लाहौल-स्पीति कई सालों से लिपिक के हवाले है। कुल्लू, बिलासपुर, किन्नौर, सिरमौर के जिला पुस्तकालयों में भी यही हालत है। जिला पुस्तकालय मंडी, कांगड़ा, चंबा, शिमला में तीन की जगह एक-एक और उना में दो व हमीरपुर में चार प्रोफैशनल्ज कार्यरत हैं।

### कॉलेज पुस्तकालयों की स्थिति ठीक नहीं

**पुराने** कॉलेजों में पुस्तकालयों की स्थिति ठीक नहीं है। कहीं पुस्तकों व विद्यार्थियों की संख्या बहुत ज्यादा है, लेकिन प्रोफेशनल नहीं है या फिर एकमात्र है। उसके ऊपर काम का अत्यधिक बोझ है। गत लंबे समय से इन मुट्ठी भर प्रोफेशनल्ज के लिए तबादलों के लिए कोई पॉलिसी नहीं है। उच्चतम वेतनमान लेने वाले स्कूलों में और निम्नतम वेतनमान वाले कॉलेजों में तैनात किए गए हैं। किसी का तबादला डाइंग कैडर के नाम पर रोक दिया गया, तो किसी का कर दिया गया है। इस बारे में उच्च शिक्षा निदेशक अमरजीत शर्मा ने कहा कि जेओए (लाइब्रेरी) भर्ती व पदोन्नति नियम बनते ही तुरंत भर्ती की जाएगी व पुस्तकालयों का स्वरूप निखरेगा।

# व्यवस्था परिवर्तन के नारे के साथ आगे बढ़ रही सरकार : मुख्यमंत्री

## खराब आर्थिक स्थिति के बावजूद सरकार ने किया बेहतरीन काम

**अरविंद शर्मा, शिमला**



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह ने कहा कि उनकी सरकार व्यवस्था परिवर्तन के नारे को लेकर आगे बढ़ रही है। राज्यपाल के अभिभाषण के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने अभिभाषण में उन परिणामों का उल्लेख किया गया, जो एक साल में हमें नजर आए हैं। उन्होंने कहा कि खराब आर्थिक स्थिति के बावजूद हिमाचल प्रदेश सरकार ने बेहतरीन काम किया है।

उन्होंने कहा कि आपदा के दौरान राज्य सरकार ने बेहतरीन काम करके दिखाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व सरकार के दौरान नौकरी बेचने का काम होता था, लेकिन उनकी सरकार ने आते ही कर्मचारी चयन आयोग को भंग कर दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व पिछले बजट में ग्रीन स्टेट की परिकल्पना की दिशा में भी राज्य सरकार आगे बढ़ रही है। इस दौरान उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार लाने की भी बात कही।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार ने राजस्व मामले का रिकॉर्ड निपटारा करके दिखाया है। पहले लोग पटवारी के पीछे भागते थे, लेकिन आप पटवारी लोगों के पीछे भागते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार आखिरी पायदान पर खड़े व्यक्ति की आवाज सुन रही है और उसके मुताबिक काम कर रही है। (अनंत ज्ञान)

### आज राज्यसभा के लिए नामांकन भरेंगे अभिषेक मनु सिंघवी

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह ने कहा कि राज्यसभा सांसद के उम्मीदवार के तौर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी भी वीरवार को नामांकन करेंगे। उन्होंने कहा कि अभिषेक मनु सिंघवी शुभ मुहूर्त में नामांकन करेंगे। मुख्यमंत्री ने आला कमान के इस फैसले का स्वागत किया है।



### सदन की ओर जाते राज्यपाल-सीएम

**चौदहवीं** विधानसभा के पंचम सत्र, जो कि प्रदेश सरकार का दूसरा बजट सत्र है, को संबोधित करने संदन की ओर प्रोसेशन के साथ जाते माननीय राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल तथा साथ में विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, संसदीय कार्यमंत्री हर्षवर्धन सिंह चौहान, मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, राज्यपाल के प्रधान निजी सचिव राजेश शर्मा तथा विधानसभा सचिव यशपाल शर्मा।



विधानसभा बजट सत्र में शिरकत के लिए जाते कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी।



विधानसभा बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल का स्वागत करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर।

### हैप्पी बर्थडे



जमानाबाद की शिविका को जन्मदिन पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



डाडा सीबा के सूजल को जन्मदिन पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### शादी मुबारक



मंडी की रितिका और जाच्छ के राहुल को परिणय सूत्र में बंधने पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से हार्दिक बधाई।

# सुंदरनगर में मकान में लगी आग, लाखों का नुकसान

**सुंदरनगर।** सुंदरनगर के बौहट क्षेत्र में एक स्लेटनुमा मकान में आग लगने से मकान के ऊपर के कमरे में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। इस घटना में करीब दो लाख रुपए का नुकसान बताया जा रहा है। आग लगने की सूचना पर घटनास्थल के लिए रवाना हुई फायर बिग्रेड की गाड़ी रास्ता बेहद तंग होने के कारण वहां तक नहीं पहुंच पाई। इससे पहले घर में रहने वाले लोगों ने स्थानीय लोगों के सहयोग से आग पर काबू पा लिया। जानकारी के अनुसार मीना देवी पत्नी स्व. खेमराज ने यह स्लेटनुमा मकान किसी कामगार को किराए पर दिया हुआ है। बताया जाता है कि घर के सदस्य ऊपर के कमरे में बनाए चुल्हे में खाना बना रहे थे। तभी चुल्हे से निकली एक चिंगारी कब किसी कपड़े पर पड़कर आग में बदल गई। बीबीएमबी के फायरमैन शेर सिंह ने बताया कि आग को समय रहते बुझा लिया गया था। घटना में किसी प्रकार का जानी नुकसान नहीं हुआ है।

# दिल्ली के लिए बस सेवा बहाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



एक दिन के बाद हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस सेवाएं पुनः सुचारू रूप से राष्ट्रीय राजमार्ग 44 बस अड्डा दिल्ली के लिए शुरू हो गई है। संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा दिल्ली में प्रवेश के आह्वान के मद्देनजर दिल्ली पुलिस द्वारा दिल्ली में आने जाने की सभी सीमाएं सील कर दी गई थीं, जिस कारण कोई भी सार्वजनिक बस सेवा को मंगलवार 13 फरवरी को दिल्ली में प्रवेश करने की इजाजत नहीं दी जा रही थी। वहीं, बुधवार को यह बस सेवा फिर से दिल्ली के लिए वाया मजनू का टिला, सिग्नेचर ब्रिज, खजूरी चैक, लोनी, खेखड़ा, एक्सप्रेस व राई से चलाने का निर्णय लिया गया है। अंबाला, चंडीगढ़ हाई-वे बंद होने की सूरत में परिवहन निगम की बसें वाया साहा, शाहबाद या फिर साहा, लाडवा, पिपली, करनाल से आवाजाही करेंगी।

हिमाचल पथ परिवहन निगम के निदेशक रोहन चंद ठाकुर ने यात्रियों से अपील की है कि वे किसी भी संदर्भ में नजदीकी बस अड्डे से सूचना प्राप्त करें अथवा हिमाचल पथ परिवहन निगम के शिमला कंट्रोल रूम नंबर 0177 2658765, दिल्ली 011 23868694, चंडीगढ़ 9463378026 पर संपर्क करें।

# न तो गारंटियों का जिक्र न सरकार की कोई उपलब्धि आई नजर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि राज्यपाल का अभिभाषण सरकार का एक दस्तावेज होता है, जिसमें सरकार के कार्यक्रमों और उपलब्धियों का जिक्र होता है। उन्होंने कहा की वह वर्षों से विधानसभा में हैं, लेकिन पहली बार इतना निराशाजनक बजट अभिभाषण रहा।

एक घंटे से ज्यादा लंबे अभिभाषण में सरकार की एक भी उपलब्धि का जीक्र नहीं दिखा। सरकार को 14 महीनों से ज्यादा का समय हो गया, लेकिन बजट अभिभाषण में गारंटियों का जीक्र तक नहीं हुआ। उन्होंने कहा की सुक्खू सरकार की गारंटियों को पूरा करने की न तो मन स्थिती है न मंशा। ऐसे में अब अब गारंटियों का जीक्र भी नहीं किया जा रहा। जयराम ठाकुर ने कहा कि जहां सरकार ने हरित राज्य बनाने जैसे कार्यक्रमों का जिक्र किया, लेकिन अब तक जमीनी स्तर पर योजनाएं नजर नहीं आती। सरकार खुद को कर्मचारी हितैषी बताती है, लेकीन जो ओपीएस में रिटायरमेंट के वक्त वेतन की आधी राशि मिलती थी, उसे घटा कर 30 प्रतिशत लाने की बात हो रही है। यही नहीं, सरकार के कर्मचारियों को वेतन के लिए धरने पर बैठना पड़ रहा है। ऐसे में सरकार कैसे कर्मचारी हितेषी हुई। जयराम ने सरकार से पूछा कि पहली कैबिनेट में एक लाख नौकरियां देने का वादा करने के बाद अभी तक कितनी नौकरी दी।

# प्रदेश भर में ई-केवाईसी में सोलन अव्वल, लाहौल पिछड़ा

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**



प्रदेश में ई-केवाईसी के लिए तिथि को आगे बढ़ाने के बाद अब तक प्रदेश में करीब 76.69 प्रतिशत आबादी ई-केवाईसी करवा चुकी है। इसमें सोलन अव्वल है, जहां 85.58 प्रतिशत यानी कुल 504929 में से 432095 की ई-केवाईसी हो चुकी है तो वहीं, लाहौल-स्पीति में सबसे कम यानी 24.58 फीसदी लोगों की ई-केवाईसी हो पाई है।

इसके अलावा बिलासपुर जिले में 81.52 फीसदी, चंबा जिले में 66.57 प्रतिशत की, हमीरपुर जिले में 82.56 प्रतिशत लोगों की ई-केवाईसी हुई है। कांगड़ा जिले में 74.85 यानी 1767225 में से 1322845 लोगों की, किन्नौर जिले में 59.54 प्रतिशत लोगों की, कुल्लू जिले में 76.47 प्रतिशत लोगों की, लाहौल-स्पीति में 24.58 प्रतिशत यानी 28351 लोगों में से मात्र 6969 की, मंडी में 81.56 प्रतिशत यानी 1087282 में से 886745 लोगों की, शिमला में 76.90 यानी 714320 में से 549303 की, सिरमौर जिले में 73.72 यानी 556633 में से 410355 लोगों की तथा ऊना जिले में 73.81 यानी 580371 में से 428393 की ई-केवाईसी विभाग की मुहिम के तहत की जा चुकी हैं। इस बोरे में जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक पुरुषोत्तम सिंह ने बताया कि कांगड़ा जिले के 16 विकास खंडों में 74.85 प्रतिशत लोगों की ई-केवाईसी का काम पूरा कर लिया गया है तथा बचे हुए लोगों की ई-केवाईसी का काम जारी है।

### टायर की ट्यूब को बहने से बचाने का कर रहा था प्रयास

# ब्यास नदी में डूबा युवक, देर रात तक ढूंढने में जुटी रही पुलिस टीम

**अनंत ज्ञान, नादौन**



नादौन के साथ लगते बेला गांव का एक युवक क्रिकेट स्टेडियम के पास ब्यास नदी में डूब गया है। खबर मिलते ही काफी लोग मौके पर इकट्ठे हो गए। वहीं, पुलिस टीम व होम गाड्र्स की टीम भी ब्यास नदी के किनारे पहुंच गई। युवक को ढूंढने का काफी प्रयास किया, लेकिन देर शाम तक कोई अता-पता नहीं चल पाया।

मिली जानकारी के अनुसार बेला गांव का 29 वर्षीय युवक गौरव मैहरा पुत्र दिनेश मैहरा बुधवार को ब्यास नदी को टायर की ट्यूब पर तैरते हुए लुथान गांव गया था। शाम करीब पांच बजे जब वह वापस टायर की ट्यूब पर तैरता हुआ आया। अपने कपड़े नदी के किनारे रख रहा था कि देखते ही देखते उसकी टायर की ट्यूब नदी में बहने लगी, उसे पकड़ने के प्रयास में गौरव ब्यास नदी में डूब गया। गौरव के साथियों अंकित व संजीव ने बताया कि गौरव को उन्होंने बहती टयूब को पकड़ने से रोका, लेकिन वह नहीं माना और ट्यूब पकड़ने के प्रयास में नदी में डूब गया। हालांकि उसके दोस्तों ने उसे डूबने से वचाने का प्रयास भी किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। खबर लिखे जाने तक पुलिस टीम व होमगार्डस के जवान गौरव को ढूंढने में लगे हुए थे, लेकिन अंधेरा होने के कारण अभी तक कोई अता पता नहीं चल पाया है। पुलिस टीम देर रात तक गौरव को ढूंढने में लगी हुई है।

# देश के महान वीर सपूत शहीद 'कैप्टन विक्रम बत्रा' की जननी का निधन

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**



देश के महान सपूत एवं कारगिल युद्ध के हीरो परमवीर चक्र विजेता शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा को जन्म देने वाली मां ने बुधवार को संसार त्याग दिया। शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा जैसे जांबाज को जन्म देने वाली मां कमलकांत बत्रा का बुधवार को पालमपुर स्थित आवास में निधन हो गया। कमलकांत बत्रा की उम्र 77 साल थी। बता दें कि कमलकांत बत्रा को 'वीर माता' के नाम से जाना जाता था। कमलकांत बत्रा ने बेटे विक्रम बत्रा की शहादत को गर्व के साथ स्वीकार किया था। विक्रम बत्रा, 1999 के कारगिल युद्ध के दौरान वीरगति को प्राप्त हो गए थे। कैप्टन बत्रा को अदम्य साहस और वीरता के लिए परमवीर चक्र से नवाजा गया था।

### मुख्यमंत्री ने निधन पर व्यक्त किया शोक

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने परमवीर चक्र से अलंकृत शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा की माता कमल कांत बत्रा के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उनका 77 वर्ष की आयु में बुधवार को जिला कांगड़ा के पालमपुर में निधन हो गया। मुख्यमंत्री ने इश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार के सदस्यों को इस असहनीय क्षति को सहन करने की प्रार्थना की।

## न्यूज ब्रीफ

### 46.23 ग्राम चिट्टे संग पकड़े दो युवक

**शिमला।** ढली में पुलिस ने दो युवकों को चिट्टे संग पकड़ा है। दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनके कब्जे से पुलिस ने 46.23 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि दो युवक ढली में किराये के कमरे में रहते हैं। तभी पुलिस ने उनके कमरे में रेड डाली और चिट्टा बरामद किया। युवकों की पहचान सन्नी व शुभम के तौर पर हुई है। उन्होंने चिट्टा कहां से लाया था और किस जगह पर इसकी सप्लाई करनी थी, इसका पुलिस अभी पता लगा रही है। मामले को लेकर जांच जारी है।

### पांवटा साहिब में दबोचा सटोरिया

**पांवटा साहिब।** पांवटा पुलिस ने विश्वकर्मा चौक के पास एक व्यक्ति को सट्टे की खाइबाड़ी करते दबोच लिया। जानकारी के अनुसार पुलिस को जानकारी मिली थी कि देवीनगर निवासी 40 वर्षीय अरुण कुमार विश्वकर्मा चौक के पास अपनी दुकान के आगे खड़े होकर लोगों को सट्टेबाजी के लिए उकसा रहा है। इस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो अरुण कुमार अपनी दुकान के बाहर खड़ा लोगों को सट्टा लगाने के लिए आवाजें मार रहा था। इस पर पुलिस ने गवाहों की मौजूदगी में अरुण कुमार की तलाशी ली। तलाशी के दौरान अरुण कुमार के पास से दड़ा सट्टा पर्ची बरामद हुई। साथ ही पुलिस ने 11, हजार 750 रुपए भी बरामद किए। आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना पांवटा साहिब में जुआ अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया। एसडीपीओ पांवटा अदिति सिंह ने मामले की पुष्टि की है।

**हालात** | आठ हजार चालक-परिचालकों को जनवरी, 2016 से नहीं मिला 400 करोड़ से अधिक पे कमीशन का एरियर

# आर्थिक बदहाली की ओर हिमाचल पथ परिवहन निगम

**जय ठाकुर, शिमला**



हिमाचल पथ परिवहन निगम में रोजाना लाखों लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचाने का कार्य कर रहे करीब आठ हजार कर्मचारी बीते करीब चार वर्षों से लंबित नाइट ओवर टाइम के लिए अब तरस रहे हैं। बीते 45 महीनों से निगम के चालक परिचालकों को नाइट ओवर टाइम की किस्त नहीं दी जा रही है, जिससे निगम पर कर्मचारियों की देनदारियों को लेकर अतिरिक्त बोझ बढ़ता जा रहा है।

प्रतिमाह प्रत्येक चालक परिचालक का नाइट ओवर टाइम यदि जोड़ा जाए तो यह दो करोड़ रुपए बन रहा है। इसी तरह बीते 45 माह की बात की जाए तो करीब 90 करोड़ रुपए नाइट ओवर टाइम का ही लंबित है। हर दिन कर्मचारियों की कमी को लेकर निगम के चालक परिचालकों से निगम प्रबंधन द्वारा अतिरिक्त कार्य लिया जाता है, जिससे प्रतिदिन कर्मचारियों को चार से पांच घंटे अतिरिक्त कार्य करना पड़ता है। पूर्व भाजपा सरकार के समय से ही निगम कर्मचारी लंबित नाइट ओवर टाइम को जारी करने की मांग प्रदेश परिवहन मंत्री सहित मुख्यमंत्री से उठा चुके हैं, लेकिन इस संबंध में अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। आलम यह है कि कर्मचारियों को प्रतिदिन यात्रा के दौरान होने वाले खाने-पीने व रहने सहित अन्य खर्च अपनी जेब से ही वहन करना पड़ रहे हैं, जिससे कर्मचारियों में प्रबंधन और सरकार के प्रति नाराजगी लगातार बढ़ती जा रही है। (अनंत ज्ञान)

### निगम से कई बार लंबित भत्तों की लगाई गुहार

**एचआरटीसी** की संयुक्त समन्वय समिति द्वारा भी कई बार इस संबंध में निगम प्रबंधन और प्रदेश सरकार को लंबित देनदारियों को लेकर आग्रह किया गया है, लेकिन राज्य सरकार द्वारा भी अभी तक लंबित देनदारियों को लेकर कोई कदम नहीं उठाया है, जिससे निगम की वर्तमान जेसीसी भी सरकार के प्रति उदासीन ही दिखाई दे रही है।

### मुश्किल हालातों में सेवाएं दे रहे चालक-परिचालक

**मुश्किल** भरे हालातों में कार्य कर रहे चालक, परिचालक रोजाना समय से लाखों लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचाने वाले चालक परिचालक मुश्किल भरे हालातों मे भी अपनी सेवाएं जारी रखते है। जहां जिस बस और जिस समय में चालक परिचालक की ड्यूटी लगाई जाती है चालक परिचालक तत्परता के साथ उस बस में समयपूर्वक पहुंचकर अपनी सेवाएं जारी रखते हैं। चालक परिचालक दिन रात किसी भी अपनी सेवाएं देने से इनकार नहीं करते लेकिन अब लंबित देनदारियां जारी नहीं करने से निगम के चालक परिचालकों के सब्र का बांध भी टूटता जा रहा है। निगम चालक परिचालक अपने लंबित देय भत्तों को लेकर अब सरकार से नाराज चल रहे हैं।

### 400 करोड़ पे कमीशन का एरियर जनवरी 2016 से लंबित

**इसके** अलावा अन्य वित्तीय भत्तों की बात की जाए तो जनवरी, 2016 से सभी चालक परिचालकों का पे कमीशन का एरियर भी लंबित है। प्रत्येक कर्मचारी का यह एरियर एक लाख से रुपए के करीब प्रति वर्ष बनता है, जो अब तक लंबित चल रहा है। प्रत्येक कर्मचारी का पांच से लेकर सात लाख रुपए के करीब पे कमीशन का एरियर ही बन रहा है। निगम के आठ हजार कर्मचारियों के पे कमीशन के एरियर की ही बात की जाए तो यह 400 करोड़ से भी ज्यादा बना रहा है, जिसकी अदायगी आठ वर्ष के बाद भी हो नहीं पा रही है, ऐसे में निगम की वर्तमान दयनीय वित्तीय स्थिति निगम को आर्थिक बदहाली की और धकेल रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### बैंक बचत खाते की प्रति संलग्न करना अनिवार्य

**शिमला।** उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की ओर से राष्ट्रीय परिवार सहायता कार्यक्रम के 67 मामलों को 13 लाख 40 हजार रुपए की सहायता राशि की स्वीकृति प्रदान की गई। कार्यक्रम के तहत चालू वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान कुल 166 मामलों को 33 लाख 20 हजार रुपए की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। जिला कल्याण अधिकारी केवल सिंह चौहान ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, प्रदेश सरकार की ओर से संचालित राष्ट्रीय परिवार सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत बीपीएल परिवार के प्राथमिक उपार्जक महिला एवं पुरुष, जिनकी मृत्यु 18 से 59 वर्ष के बीच हुई हो, उनके परिवार को 20 हजार रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। आवेदन पत्र के साथ आयु प्रमाणपत्र, मृत्यु प्रमाण-पत्र, बीपीएल प्रमाणपत्र, स्थायी निवासी प्रमाणपत्र, आधार कार्ड के प्रति तथा बैंक बचत खाते की प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

### राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में विराज टॉप टेन में

**जुन्गा।** बीते माह जयपुर में आयोजित राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में चियोग स्कूल शिमला प्रदेश के विराज ने अंडर-14 योग प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करके टॉप टेन में अपना नाम दर्ज करवाया। पाठशाला पहुंचने पर स्कूल के अध्यापकों और बच्चों ने विराज का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। प्रधानाचार्य संदीप शर्मा ने विराज को योग प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने पर योग मेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। विराज को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य स्तर के योग विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार विराज की ओर से राजस्थान में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया गया, जिससे प्रदेश व स्कूल का नाम रोशन हुआ है।

### 17 को पूर्व छात्र कार्यकारिणी का होगा गठन

**सुन्नी।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय सुन्नी में पूर्व छात्रों की कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. प्रवीण शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 17 फरवरी को बैठक का आयोजन किया जाएगा तथा बैठक के दौरान पूर्व छात्रों की कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। बैठक कॉलेज सभागार में 17 फरवरी को 12.30 आयोजित की जाएगी। बैठक में कॉलेज प्रबंधन सहित पूर्व में रहे छात्र हिस्सा लेंगे।

### नगर परिषद के अध्यक्ष का चुनाव 17 को

**ठियोग।** ठियोग नगर परिषद के नए अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष का चुनाव शनिवार को होगा, जिसके लिए जिलाधीश शिमला ने अधिसूचना जारी कर दी है, जिसके चलते नगर परिषद के नए अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष के दोनों पदों को लेकर जोड़-तोड़ की राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। नगर परिषद की पूर्व उपाध्यक्ष रीना शर्मा ने अध्यक्ष के खिलाफ पांच पार्षदों के समर्थन से अविश्वास प्रस्ताव लाया था, जिसके चलते नगर परिषद अध्यक्ष विवेक थापर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इसके उपरांत उपाध्यक्ष रीना शर्मा ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया इसके बाद नगर परिषद की यह दोनों पद खाली हो गए थे। प्रशासन की ओर से नगर परिषद के नए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव के लिए तिथि निर्धारित कर दी गई है और अब 17 फरवरी को इसका चुनाव होगा।

### सुन्नी कॉलेज में सरस्वती की मूर्ति स्थापित

**सुन्नी।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय सुन्नी में वसंत पंचमी के पावन अवसर पर देवी सरस्वती की नवनिर्मित प्रतिमा का विधिवत पूजन कर स्थापना की गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर रामलाल शर्मा ने की। इस विशेष अवसर पर अभिभावक एवं प्राध्यापक संघ के अध्यक्ष सीमा सोनी, उपाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राणा, सहसचिव चंद्र कुमार सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों, गैर शिक्षकों व विद्यार्थियों ने भाग लिया। वसंत पंचमी का यह उत्सव संपूर्ण भारतवर्ष में विद्या, ज्ञान व कला की देवी मां सरस्वती के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है।

### पैरा सर्जिकल प्रक्रियाओं की सफल शुरुआत

**रिकांगपिओ।** किन्नौर जिले में रिकांगपिओ के जिला जनजातीय आयुर्वेदिक अस्पताल ने बर्फबारी और विपरीत मौसम की चुनौतियों के बावजूद, बिना पानी की आपूर्ति के, पैरा सर्जिकल प्रक्रियाओं की सफल शुरुआत की है। आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. गगन शर्मा ने अर्श और भगंदर पाइल्स और फिस्टुला के लिए 27 क्षारसूत्र सर्जरी की हैं, और फरवरी महीने में 7 क्षारसूत्र सर्जरी किए हैं। यहां लगातार त्वचा विकारों के लिए अग्निकर्म चिकित्सा भी कर रहे हैजिला आयुष अधिकारी डॉ. इंदु शर्मा ने मीडिया को बताया कि रिकांगपिओ के जिला जनजातीय आयुर्वेदिक अस्पताल ने बर्फबारी और विपरीत मौसम की चुनौतियों के बावजूद, बिना पानी की आपूर्ति के, पैरा सर्जिकल प्रक्रियाओं की शुरुआत की है। इन दिनों सुबह 6-7 बजे ऑनलाइन योग सेशन किया जा रहा है इसमें जुड़ कर सभी लाभ ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही मौसम उपचारों के लिए अनुकूल होते ही हम पंचकर्म की शुरु किया जाएगा।

### रोहडू के विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक भ्रमण

**रोहडू।** राजकीय फार्मेसी महाविद्यालय रोहडू के छठे सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं ने बद्दी सोलन स्थित इनोवा कैपटैब बहुरराष्ट्रीय फार्मास्यूटिकल कंपनी का औद्योगिक भ्रमण किया। प्रशिक्षुओं ने फार्मास्यूटिकल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट, क्वालिटी अशुरंस, क्वालिटी कंट्रोल, कच्चा पदार्थ एवं पैकेजिंग डिपार्टमेंट इत्यादियों को बारीकियों से अध्यन किया। वहीं, फार्मास्यूटिकल इंडस्ट्री क्षेत्र में रोजगार के महत्व को जाना। इस भ्रमण में 45 स्टूडेंट्स ने भाग लिया, जिसमें प्रशिक्षुओं ने मुख्यता नए उपकरण जैसे कि 18 नोजल टेबलेट कोटिंग मशीन, कंप्रेशन आधारित कैप्सूल फिलिंग मशीन इत्यादि की कार्य करने की प्रक्रिया को समझा। इस आद्योगिक भ्रमण में महाविद्यालय की ओर से सहायक आचार्य डॉ. हरीश कुमार, रनीव ठाकुर एवं शिवानी राणा ने भाग लिया।

### धरोगड़ा ने जीता क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब

**शिमला।** गोल्डन ग्लोब कप 40 प्लस का आयोजन शिवालिक स्टेडियम बठोरा में करवाया गया। इसका अयोजना योगेश्वर कुमार व दलीप मेहता द्वारा नेहरू युवक मंडल के सौजन्य से करवाया गया, जिसमें आठ टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच धरोगड़ा व रॉयल ब्रदर्स मोगड़ा के बीच खेला गया, जिसमें धरोगड़ा टीम विजेता बनी। उपविजेता मोगड़ा टीम रही। इस अवसर पर बतौर मुख्यातिथि राज्य सहकारी बैंक प्रदेश के निदेशक हरिकृष्ण हिमराल व जिला परिषद कुमारी रीना उपस्थित रहीं। खिलाड़ियों की ओर से मुख्यातिथि का डोल नगाडों के साथ जोर-शोर से स्वागत किया गया। हरिकृष्ण हिमराल ने विजेता व उपविजेता टीम को पुरसस्कृत किया।

### शिक्षा विभाग की अधिसूचना का किया स्वागत

**रोहडू।** जिला प्राथमिक शिक्षक संघ ने संघ की मांगों के पक्ष में शिक्षा विभाग की ओर से जारी अधिसूचना का स्वागत किया है। अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ शिमला प्रमोद चौहान, महासचिव चंद्र मोहन केवला, कोषाध्यक्ष प्रेम लाल शर्मा, नारायण शर्मा, बलदेव बुशैहरी, स्नेह नेगी, लीला चौहान संघ के सभी खंडों के अध्यक्षों एवं समस्त कार्यकारिणी ने खुशी व्यक्त करते हुए सरकार व शिक्षा सचिव तथा प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। वहीं, विरोधी संघ के कुछ नेताओं को प्रेस के माध्यम से जिला पदाधिकारियों ने नसीहत दी है कि प्राथमिक शिक्षक संघ की एकता व कार्यशैली पर सवाल न उठाए। जिला अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश के सभी प्राथमिक विद्यालयों के अंदर कलस्टर प्रणाली को लेकर जो भी असमंजस की स्थिति पैदा हुई थी, उसे आज अधिसूचना में पूर्णतया स्पष्ट कर दिया गया है।

# पेन डाउन स्ट्राइक पर गए आरकेएस कर्मी

## आईजीएमसी में 19 फरवरी से काम बंद करने की चेतावनी, कर्मचारी रेगुलर पे स्केल की कर रहे मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

आईजीएमसी में रोगी कल्याण समिति के कर्मचारी पेन डाउन स्ट्राइक पर चले गए हैं। यह पेन डाउन स्ट्राइक 18 फरवरी तक चलेगी।

इस दौरान रोजाना आरकेएस कर्मचारी सुबह आठ बजे से दोपहर 12 बजे कर काम बंद रखकर अपना विरोध जताएंगे। इसके बाद यह कर्मचारी 19 से काम पूरी तरह से बंद कर देंगे। इस दौरान सिर्फ एक ही काउंटर पर आपातकालीन में आने वाले मरीजों को सेवाएं दी जाएंगी। आरकेएस कर्मचारियों के पेन डाउन स्ट्राइक पर जाने से अस्पताल में स्वास्थ्य व्यवस्थाएं चरमरा सकती हैं।



आईजीएमसी अस्पताल में आरकेएस की स्ट्राइक के कारण इलाज के लिए लगी लोगों की भीड़।

इसका खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ेगा। अस्पताल में अपनी सेवाएं दे रहे आरकेएस कर्मचारियों को विरोध स्वरूप काले बिल्ले लगाकर काम करते हुए 15 दिन का समय पूरा हो गया है। इसे लेकर 30 जनवरी को आरकेएस कर्मचारियों ने अस्पताल प्रशासन को नोटिस भी दिया था। इसके बाद अब 15 दिन का समय पूरा हो गया है। आरकेएस कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें काम करते हुए 10 साल का समय पूरा हो गया है। अब वह रेगुलर पे स्केल की मांग कर रहे हैं। उन्होंने अपनी मांगों को अस्पताल प्रशासन के अलावा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. धनी राम शांडिल, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, शिमला शहर में विधायक हरीश जनारथा के समक्ष रखा है। उन्हें अभी तक सिर्फ आश्वासन ही हाथ लगा है। ऐसे में अब वे पेन डाउन स्ट्राइक करेंगे।

### आईजीएमसी में दो बार मिला पे स्केल

रोगी कल्याण समिति कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अरविंद पाल ने कहा कि आईजीएमसी अस्पताल में कर्मचारियों को दो बार रेगुलर पे स्केल मिल चुका है। अस्पताल में साल 2016 और साल 2019 में कर्मचारियों को पे स्केल दिया जा चुका है। कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें अपनी सेवाएं देते हुए काफी समय हो गया है। उन्हें साल 2022 में अप्रैल महीने से पे स्केल मिल जाना चाहिए था, लेकिन साल 2024 का फरवरी महीना खत्म होने को है और अब तक उन्हें रेगुलर पे स्केल नहीं मिल पाया है। वे अपना काम तो बंद नहीं करना चाहते, लेकिन उन्हें मजबूरी में ऐसा करना पड़ रहा है।

## 4859 बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स पिलाने का लक्ष्य

**रिकांगपिओ।** जनजातीय जिला किन्नौर में तीन मार्च रविवार को होने वाले पल्स पोलियो अभियान की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। यह जानकारी बुधवार को पल्स पोलियो की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त किन्नौर डॉ. अमित कुमार शर्मा ने दी। इस अवसर पर अधिकारियों को निर्देश दिए कि पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए की गई तैयारियों की पुन: जांच अवश्य करें। पल्स पोलियो अभियान का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित बनाएं, ताकि जिले का कोई भी बच्चा पोलयो खुराक से वंचित न रह सके। जिले में पल्स पोलियो अभियान के तहत पांच वर्ष तक के 4859 बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स पिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

## बिलासपुर में सरकार व प्रशासन का रवैया दुर्भाग्यपूर्ण: नंदा

**शिमला।** भाजपा की मीडिया प्रभारी करण नंदा ने कहा कि जिस प्रकार से बिलासपुर में चुने हुए जनप्रतिनिधियों के प्रति पुलिस और प्रशासन का रवैया रहा वह अति निंदनीय है। चुने हुए विधायक, जिला परिषद के सदस्य और बीडीसी के सदस्य सभी के ऊपर पुलिस प्रशासन ने लाठियां बरसाई और हिंसक रवैया अपनाया इसकी भारतीय जनता पार्टी कड़ी निंदा करती है। अगर कोई जन प्रतिनिधि और जनता अपनी मांगों को लेकर आवाज उठाने का प्रयास कर रहे हैं। लंबे समय से धरने पर बैठे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता रणधीर शर्मा जो कि नयना देवी से विधायक भी हैं इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे थे और जनता की आवाज प्रशासन तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे थे पर प्रशासन सुनने को तैयार ही नहीं था।

### बजट सत्र के पहले दिन जेओआईटी अभ्यर्थियों का हल्ला बोल

# सरकार रिजल्ट निकाले या जहर दे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

पिछले छह दिनों से शिमला में अनशन पर बैठे जेओएआईटी अभ्यर्थी अन्य विभिन्न पोस्ट कोड के अभ्यर्थियों ने बुधवार को विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन शिमला के चौड़ा मैदान में धरना-प्रदर्शन किया। विधानसभा की ओर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अभ्यर्थियों को चौड़ा मैदान में ही पुलिस ने बेरीकेटस लगाकर रोका।

अभ्यर्थियों ने सरकार को चेतावनी दी है कि जल्द रिजल्ट घोषित नहीं किया जाता है, तो वह आमरण अनशन की ओर बढ़ेंगे। अभ्यर्थियों का कहना है कि विभिन्न पोस्टकार्ड के तहत उनकी लंबित पड़ी भर्तियों के रिजल्ट को सरकार जल्द से जल्द निकाले। युवाओं का कहना है कि इनका रिजल्ट चार से पांच साल से लंबित पड़ा हुआ है और वह लगातार सरकार से मांग कर रहे हैं। सरकार आश्वासन के अलावा कमेटियां बना रही हैं। अभ्यर्थियों का कहना है कि रिजल्ट की देरी से युवाओं के कई साल बर्बाद हो रहे हैं और ऐसे कई युवा हैं, जिनकी आयु सीमा नौकरियों की भर्ती के लिए पूरी हो रही है। यह बेरोजगार युवा सरकार से लगातार मांग कर रहे हैं कि इस मामले को सरकार प्राथमिकता से निपटाएं और सरकार की ओर से बनाई गई कमेटी में भी जल्द निर्णय लिए जाएं। युवाओं का कहना है कि वह कई सालों से भर्ती का इंतजार कर रहे हैं और अब वह और उनके परिवार निराश हो चुके हैं। सरकार रिजल्ट घोषित कर दे या उन्हें जहर देकर मार डाले या फिर जेल में डाल दें। यदि सरकार जल्द रिजल्ट घोषित नहीं करती है, तो वे अपना प्रदर्शन जारी रखेंगे व आमरण अनशन की ओर बढ़ेंगे।





बजट सत्र के दौरान विधानसभा के बाहर विभिन्न परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते जेओए आईटी व अन्य अभ्यर्थी।

## सूबे के कांग्रेस शासित एमसी बजट में आज शहर वासियों को मिलेगी सौगात

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

- महापौर 11 बजे उपायुक्त कार्यालय परिसर स्थित बचत भवन में पेश करेंगे बजट
- वार्डों में पार्किंग बनाने इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने को बहाल हो सकती है पार्षद निधि

सूबे के कांग्रेस शासित निगम के बजट में शहर वासियों को बड़ी सौगात मिल सकती है। आज ठीक 11 बजे महापौर सुरेंद्र चौहान उपायुक्त कार्यालय परिसर स्थित बचत भवन में बजट पेश करेंगे।

इस बजट में शहरवासियों को 24 घंटे पानी देने समेत शहर में कई नई वैकल्पिक सड़कें, पार्किंग और व्यावसायिक परिसर बनाने को लेकर बजट में घोषणाएं हो सकती हैं। वहीं, आम जनता को जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र लेने समेत निगम की कई और सेवाओं की ऑनलाइन सुविधा देने की घोषणा हो सकती है। निगम में इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने, नए चार्जिंग स्टेशन बनाने, खाली जमीनों पर दुकानें बनाने की घोषणाएं भी संभावित हैं। आपदा से हुए नुकसान की भरपाई और वार्डों में पार्किंग बनाने को लेकर आए प्रस्तावों पर भी बजट का प्रावधान किया जाना है। इसके अलावा सर्कुलर रोड को चौड़ा करने, बिजली तार भूमिगत करने, शहर का ड्रेनेज सिस्टम बेहतर करने को लेकर भी बजट में घोषणाएं होने वाली हैं। बताया जा रहा है कि कांग्रेस का पहला बजट 270 करोड़ रुपए से ज्यादा का रहेगा। आर्थिक तंगी से जूझ रहा निगम इस बार ग्रीन फीस वसूली भी शुरू कर सकता है, हालांकि पिछले पांच बजट में हर बार इसकी घोषणा होती रही है।

### चिकित्सा प्रकोष्ठ, देव समाज प्रकोष्ठ और व्यापार प्रकोष्ठ ने की घोषणा

# तीन प्रकोष्ठों की कार्यकारिणी घोषित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भारतीय जनता पार्टी ने अपने तीन प्रकोष्ठों की कार्यकारिणी की घोषणा की। इसमें चिकित्सा प्रकोष्ठ, देव समाज प्रकोष्ठ और व्यापार प्रकोष्ठ शामिल हैं।

व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक गोविंद ने कहा कि उनकी टीम में सह संयोजक का कार्यभार मदन शर्मा, पुनीत गौतम, अजय जोशी और प्रदीप सूद को सौंपा गया। इस प्रकोष्ठ के जिला संयोजक में कांगड़ा रमेश चंद, नूरपुर निखिल, देहरा सुनील, लाहौल-स्पीति सोहन, कुल्लू गोपाल, मंडी दिनेश, सुंदरनगर रूबी, हमीरपुर सुशील, ऊना प्रमोद और सह संयोजक मोहन शर्मा मोहन लाल, सोलन मुकेश गुप्ता और सह संयोजक सुरेश जोशी, शिमला संजीव ठाकुर, सिरमौर प्रकाश चंद जैन और सह संयोजक अभिषेक, जितेंद्र, सिंघा राम, बिलासपुर राकेश, पालमपुर वरुण, महसू दिलीप और चंबा वीरेंद्र शामिल हैं। देव समाज प्रकोष्ठ के संयोजक ने बताया कि इस प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक जयचंद ठाकुर होंगे। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेंद्र, भवानी, मनोहर लाल शर्मा, टेकचंद, राजेश, अनुज, रुपेश, सुनील, रवि, सुश्री स्वर्ण कौर होंगे।

### प्रदेश सह संयोजक होंगे सुरेंद्र सिंह परमार

जिला संयोजक और सह संयोजक कुछ इस प्रकार होंगे जिला बिलासपुर संयोजक पंडित देवानंद, सह संयोजक नरेंद्र पंडित, रूप लाल, जिला चंबा लोकिंद्र शर्मा, राजीव शर्मा, देहरा नरेश कुमार, कमल पंडित, अनीश पंडित, हमीरपुर रजनीश शर्मा, कुल्लू मकर, लुदर, कुबेर दत्त , कांगड़ा सत्येंद्र, संजीव गोस्वामी, पवन शास्त्री, किन्नौर हरबंस, लाहौल सुरेंद्र, अजीत पाल, महासू दया राम शर्मा, नवीन, कमल, मंडी गोपाल, खीरामनी, भूप, नूरपुर महंत स्वतंत्र पाल, करूणा उपाध्याय, रमेश दत्त, पालमपुर राम रतन शर्मा, सुभाष धीमान, पंडित संजय शर्मा, सुंदरनगर नंद लाल, हरी कृष्ण, मुकेश लखनपाल, सोलन देवेंद्र उपाध्याय, हेमदील शर्मा, हर्षवर्धन शर्मा, सिरमौर रणजीत सिंह, अमर सिंह चिंटा, विपिन, शिमला योगेश्वर, अशोक शर्मा, रमेश शर्मा, ऊना जय देव तिवारी, पंडित अजय शर्मा, संदीप कालिया। चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ अशोक शर्मा ने बताया की प्रदेश सह संयोजक सुरेंद्र सिंह परमार होंगे।

# कालीबाड़ी मंदिर में बंगाल की मिट्टी से बनी मां सरस्वती की मूर्ति स्थापित

## वसंत पंचमी पर सोलह श्रृंगार से सजाई गई मां सरस्वती की मूर्ति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

वसंत पंचमी पर हर वर्ष की तरह इस बार भी शिमला के कालीबाड़ी मंदिर में बंगाल की मिट्टी से बनी मां सरस्वती की मूर्ति स्थापित की गई। वहीं, बुद्धि, ज्ञान और कला की देवी सरस्वती की भव्य पूजा की गई। इस अवसर पर मां सरस्वती की मूर्ति को सोलह श्रृंगार से सजाया गया था।

मंदिर में बुधवार सुबह नौ बजे से विशेष पूजा-अर्चना शुरू की गई जो दोपहर एक बजे तक चली। इस दौरान कमल के फूलों के साथ देवी सरस्वती की पुष्पांजली पूजा की गई और हवन किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में बच्चे मां का आशीर्वाद लेने के लिए कालीबाड़ी पहुंचे थे। विद्यार्थियों ने मां सरस्वती की पूजा के साथ किताबों, कलम और वाद्य यंत्रों की पूजा की। कालीबाड़ी मंदिर में मां सरस्वती की पूजा के लिए सैकड़ों की तादाद में लोग मंदिर पहुंचे। इसके अलावा शहर के अन्य मंदिर जैसे तारादेवी, संकट मोचन, जाखू, राम मंदिर, लक्ष्मी नरायण आदि मंदिरों में वसंत पंचमी के पर्व पर लोगों की भीड़ देखने को मिली।



शिमला के कालीबाड़ी मंदिर में बसंत पंचमी के अवसर पर पूजा करते लोग।

## एनएसएस के स्वयंसेवियों की सूची करें तैयार

**रिकांगपिओ।** लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत उपायुक्त सभागार रिकांगपिओ में बीएलओ के साथ पहली बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम कल्पा डॉ. मेजर शशांक गुप्ता ने की। इस अवसर पर बीएलओ 22 फरवरी तक 80 व 80 से अधिक परसन विद डिसएबेलिटी की पहचान सुनिश्चित करें, जो मतदाता बैड रिडन या मतदान केंद्र तक पहुंचने में असमर्थ हैं और जिन मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचने में किसी प्रकार की सेवा या वाहन की जरूरत होगी।

# सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी होना हर व्यक्ति के लिए अनिवार्य



पीरन स्कूल के बच्चे जुन्गा में सड़क सुरक्षा शिविर के दौरान सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, जुन्गा**

पीरन स्कूल के विद्यार्थियों को बुधवार को प्रथम पुलिस सशस्त्र वाहिनी जुन्गा का भ्रमण करवाया गया, जहां पर बच्चों को पुलिस बटालियन के अधिकारियों की ओर से सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई। पाठशाला के प्रधानाचार्य महेश शर्मा ने बताया कि इस विशेष भ्रमण के दौरान स्कूल के 9वीं से 12वीं कक्षा तक के 25 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी होना हर व्यक्ति के लिए अनिवार्य है। सड़क सुरक्षा की जानकारी के अभाव में प्रतिदिन अनेक सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिसमें हर वर्ष सैकड़ों व्यक्ति अपनी जान गवां देते हैं। बच्चों को सड़क सुरक्षा देना इस भ्रमण का विशेष उद्देश्य रहा है, ताकि बच्चे सड़क सुरक्षा का संदेश अपने घर और पड़ोस तक पहुंचा सके।

## झूठी गारंटी देकर किसानों-बागवानों के साथ किया धोखा

**शिमला।** हर साल ओलावृष्टि के कारण करोड़ों के सेब नष्ट हो जाते हैं। किसान-बागवान की फसल को ओलावृष्टि से बचाने के लिए पूर्व भाजपा सरकार ने मुख्यमंत्री कृषि उत्पादन संरक्षण योजना में एंटी हेलनेट को भी जोड़ा था।

भाजपा प्रवक्ता चेतन बरागटा ने कहा कि इस योजना के अंतर्गत एक किसान परिवार को 5000 वर्ग मीटर में नेट लगाने पर 80 प्रतिशत सब्सिडी मिल रही थी। बरागटा ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने झूठी गारंटी देकर प्रदेश के किसान-बागवान के साथ धोखा किया है।

# बजट में कर्मचारियों की मांगों को पूर्ण करे सरकार : डोगरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, रोहडू**

राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ व प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ (भामसं) ने प्रदेश सरकार व मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से आगामी बजट में कर्मचारियों की न्यायोचित मांगें पूर्ण करने को कहा है।

राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विपन कुमार डोगरा, राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र चौहान, राजेंद्र ठाकुर, प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रांत अध्यक्ष इंद्र ठाकुर, प्रांत महामंत्री उमेश कुमार, प्रांत मुख्य सलाहाकार एनआर ठाकुर, प्रांत अतिरिक्त महामंत्री नरेश शर्मा, प्रांत संगठन मंत्री बृज लाल शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष राम लाल शर्मा, गौतम दुल्टा, प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र भंगालिया, प्रदेश सचिव चमन कलवान व गोपाल शर्मा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से बजट में कर्मचारियों, पेंशनर्स का लंबित महंगाई भत्ता केंद्र के समान अदा करने, 2016 से नए वेतन का वकाया एरियर, ग्रेच्युटी व लिव-एनकैशमेंट का शीघ्र भुगतान करने के लिए बजट में प्रावधान करने का आग्रह किया है।



**आर्थिकी** कुल्लू-किन्नौरी स्टॉल ने नारायण स्वयं सहायता समूह को दिए पांच लाख के स्टॉल के ऑर्डर

# पारंपरिक परिधान की बुनाई से आर्थिकी में आई नई जान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

जाइका वानिकी परियोजना के तहत स्वयं सहायता समूहों की ओर से निर्मित हिमाचल की पारंपरिक परिधानों की बुनाई से ग्रामीणों की आर्थिकी में नई जान आ गई।

ग्राम वन विकास समिति बाराहार कुल्लू के अंतर्गत नारायण स्वयं सहायता समूह बरोगी ने 45 दिन के प्रशिक्षण के बाद शॉल, स्टॉल और बास्केट यानी हॉफ जैकेट तैयार कर उसे मार्केट में अच्छी-खासी कीमत मिल रही है। यहां तक कि ट्रेनिंग के दौरान ही 35 हजार रुपए की बिक्री भी हो गई। जाइका के तहत हैंडलूम के मास्टर ट्रेनर जुगत राम ग्रामीणों को आजीविका कमाने के इस रास्ते में मिसाल बन चुके हैं। वह अब तक कुल्लू जिले के 16 स्वयं सहायता समूहों को ट्रेनिंग दे चुके हैं, जिन-जिन स्वयं सहायता समूहों को उन्होंने ट्रेनिंग दी वे अब बेहतरीन क्वालिटी के कुल्लवी शॉल व स्टॉल तैयार कर रहे हैं, जिसे ओपन मार्केट में भी अच्छी कीमत मिल रही है। जुगत राम ने बताया कि नारायण स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित कुल्लू एवं किन्नौरी स्टॉल तैयार करने के लिए शमशी स्थित कुल्लू-किन्नौरी स्टॉल उद्योग ने पांच लाख का ऑर्डर दिया है।

ऐसे में जाहिर है कि जाइका वानिकी परियोजना से जुड़े स्वयं सहायता समूह की ओर से निर्मित पारंपरिक परिधान को पहचान मिल चुकी है। मास्टर ट्रेनर जुगत राम ने बताया कि परियोजना के मुख्य परियोजना अधिकारी नागेश कुमार गुलेरिया के अथक प्रयासों से ही आज प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को आजीविका कमाने एवं आर्थिकी सुधार का बेहतर अवसर मिल रहे हैं।



स्वयं सहायता समूहों की ओर से निर्मित हिमाचल की पारंपरिक परिधानों की बुनाई।

### कुल्लू में 106 एसएचजी हैंडलूम सेक्टर से जुड़े

जाइका वानिकी परियोजना हैंडलूम सेक्टर में बेहतरीन कार्य कर रही हैं। जाइका से जुड़े विभिन्न स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से तैयार हो रहे हथकरघा एवं बुनकर उत्पादों को नई पहचान मिल रही है। कुल्लू जिले में 106 स्वयं सहायता समूह हैंडलूम सेक्टर से जुड़े हैं, जिनमें 72 ग्रुप एक्टिव तरीके से काम कर रहे हैं। यह परियोजना विभिन्न स्वयं सहायता समूहों की ओर से तैयार किए गए उत्पादों की ब्रांडिंग के लिए भी कार्य कर रही हैं। हिम ट्रेडिशन नामक ब्रांड से उत्पादों की ब्रिकी की जाती है।

# हर्षोल्लास से मनाई वसंत पंचमी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सुन्नी**

वसंत पंचमी के उपलक्ष्य में सुन्नी में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गए। इस कड़ी में सरस्वती विद्या मंदिर सुन्नी में इस त्योहार को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत सुन्नी के पार्षद रूपलाल चौहान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन और सरस्वती वंदना से किया गया। कार्यक्रम में संगीता शर्मा विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में मौजूद रही। विद्यालय की प्रधानाचार्य चंपा वर्मा ने उपस्थित अतिथि गणों और उपस्थित अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्या भारती हिमाचल शिक्षा समिति की ओर से संचालित विद्यालयों आचार्य, छात्र और समाज के दानी सज्जनों के समर्पण की ओर से गरीब पिछड़े एवं बेसहारा बच्चों के लिए निशुल्क शिक्षा प्रदान करने के लिए इस प्रकार का समर्पण का कार्यक्रम किया जाता है।

इस प्रकार के समर्पण से विद्या भारती माध्यमिक शिक्षा समिति की ओर से अनेक स्थानों पर विद्यालय की स्थापना की जा रही है, ताकि हर वर्ग का बच्चा शिक्षा को ग्रहण कर सकें और बच्चों को इस समर्पण की ओर से निशुल्क शिक्षा प्रदान की जाती है। इस दौरान उन्होंने विद्या की देवी सरस्वती की प्रकट उत्सव के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यालय में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों एवं अध्यापक वर्ग ने आर्थिक रूप से समर्पण भी किया।



सरस्वती विद्या मंदिर सुन्नी में वसंत पंचमी के उपलक्ष्य में सरस्वती पूजन करती स्टूडेंट्स।

## न्यूज ब्रीफ

### कबड्डी सीनियर वर्ग के ट्रॉयल कल



**पांवटा साहिब।** जिला सिरमौर कबड्डी संघ के अध्यक्ष कुलदीप राणा ने बताया कि 16 फरवरी को जिला सिरमौर कबड्डी संघ ब्वॉयज सीनियर वर्ग के कबड्डी ट्रॉयल करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिला सिरमौर कबड्डी एसोसिएशन द्वारा राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए ट्रॉयल सिरमौर कबड्डी अकादमी के मैदान में आयोजित होंगे। उन्होंने सभी कबड्डी खिलाड़ियों को कबड्डी ट्रायल में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि सीनियर ब्वॉयज वर्ग के लिए खिलाड़ी का वजन 85 किग्रा से अधिक मान्य नहीं होगा। उन्होंने बताया कि आवेदक को आधारकार्ड साथ लाना होगा। ट्रॉयल सुबह 11 बजे शुरू होंगे।

### प्रदेश कोली समाज के कार्यकारी अध्यक्ष बने जगदीश



**अर्की।** कुल्लू में हुए हिमाचल प्रदेश कोली समाज के त्रैमासिक चुनाव कुल्लू में सोलन के कुनिहार निवासी जगदीश सिंह को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा शिमला से गोपाल जिल्टा को महासचिव व सिरमौर से नेत्र चौहान को सर्वसम्मति से कोषाध्यक्ष बनाया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष का फैसला चुनावी प्रक्रिया के साथ हुआ।

### मानव बने राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रदेश सचिव



**पांवटा साहिब।** राष्ट्रीय बजरंग दल हिमाचल के प्रदेश सचिव के तौर पर मानव शर्मा को मनोनीत किया गया है। उनकी नियुक्ति राष्ट्रीय बजरंग दल संयोजक मनोज कुमार, हिमाचल प्रभारी रजनी ठुकराल, हिमाचल मंत्री रामजी सिंह की अनुशंसा व प्रदेश कोर कमेटी की सहमति से की गई है। मानव शर्मा के मनोनयन पर राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने खुशी व्यक्त की है। नवनियुक्त प्रदेश सचिव मानव शर्मा ने राष्ट्रीय बजरंग दल के संस्थापक प्रवीण भाई तोगड़िया, राष्ट्रीय बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज कुमार, ओजस्वानी की राष्ट्रीय संयोजिका एवं हिमाचल प्रदेश प्रभारी रजनी ठुकराल, हिमाचल प्रदेश मंत्री रामजी सिंह एवं समस्त शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद किया तथा राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्य को गति देने का संकल्प लिया।

### धूमधाम से मनाया सरस्वती मूर्ति स्थापना का 10वां दिन

**पांवटा साहिब।** बुधवार को सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सरस्वती मूर्ति स्थापना का 10वां दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि हरविंद्र कुमार और विशिष्ट अतिथि नीरज आडवाणी उपस्थित रहे। सर्वप्रथम सरस्वती माता का पूजन किया गया। श्यामचंद शर्मा ने अतिथियों को वसंत पंचमी की जानकारी दी। डॉ. मनोज गौड़ ने इस अवसर पर सभी को विद्या भारती के द्वारा चलाए जा रहे समर्पण कार्यक्रम की जानकारी दी। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर दो भूपेश धीमान संजय, संदीप, शक्ति भटनागर, देवी दयाल, संतराम, अर्चना उडवानी, पूजा खंडूजा, गीता, सीता, अमर प्रकाश गुप्ता एवं सूर्य देव शर्मा उपस्थित रहे।

### मेडिकल कॉलेज में मनाया स्वास्थ्य जागरूकता दिवस

**नाहन।** सिरमौर जिले के नाहन स्थित माता पद्मावती कॉलेज ऑफ नर्सिंग नाहन की छात्राओं ने डॉ. वाईएस परमार मेडिकल कॉलेज नाहन के कैंपस में यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य जागरूकता दिवस के उपलक्ष्य में एक लघु नाटिका प्रस्तुत की। इस अवसर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर माता पद्मावती कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्रधानाचार्या रिजी गीवर्गीस ने बताया कि शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए यौन स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना बहुत जरूरी है। इस मौके पर कॉलेज अध्यक्ष अनिल जैन ने छात्राओं के जागरूकता कार्यक्रम की सराहना की।

### जिला बाल संरक्षण इकाई ने लगाया जागरूकता शिविर

**नाहन।** जिला बाल संरक्षण इकाई सिरमौर के सौजन्य से आंगनबाड़ी केंद्र ढांगवाला में एकदिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला बाल संरक्षण इकाई के परामर्शदाता परवीन अख्तर के साथ सीडीपीओ ऑफिस नाहन से सुपरवाइजर सरोज और चाइल्ड हेल्पलाइन केस वर्कर राजेंद्र सिंह ने भी भाग लिया। शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों और उनके अभिभावकों को उनके बाल अधिकारों के प्रति जागरूक करवाना था। जिला बाल संरक्षण परामर्शदाता परवीन अख्तर ने बताया कि जिला बाल संरक्षण के माध्यम से बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना से भी जोड़ा जा सकता है। इसके बाद चाइल्ड हेल्पलाइन सिरमौर से आए केस वर्कर राजेंद्र सिंह ने उपस्थित बच्चों और अभिभावकों को हेल्पलाइन की सेवाएं लेने का आग्रह किया।

### पुलवामा के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**राजगढ़।** सराहां में स्थित शहीद स्मारक में बुधवार को पुलवामा में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर भूतपूर्व अर्धसैनिक बल संगठन व यूनाइटेड वेटरंस एसोसिएशन के सदस्यों ने पुष्प अर्पित कर शहीदों को नमन किया। इस अवसर पर यूनाइटेड वेटरंस एसोसिएशन पच्छाद चैप्टर के अध्यक्ष संजय राजन, उपाध्यक्ष प्रीत पाल ठाकुर, सचिव मदन स्वरूप, भूतपूर्व अर्धसैनिक बल संगठन के जिला अध्यक्ष देव दत, प्रीत पाल ठाकुर, शरण दत, जगदीश दत, सराहां पंचायत के पूर्व प्रधान दीप राम, सुलक्षण गौतम, भीम दत, माता राम, जय इंद्र प्रकाश व सुरेंद्र शर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

### राजगढ़ में छात्रों ने सीखे आपदा में बचाव के गुर

**राजगढ़।** राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम ने आज दसवें दिन राजगढ़ उपमंडल के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ में वार्षिक फैमेलराइजेशन कार्यक्रम के अंतर्गत दसवें दिन आपदाओं पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल टीम के प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम में आपदाओं से निपटने के लिए विस्तारपूर्वक बताया गया। राजगढ़ के एसडीएम राजकुमार ठाकुर ने बताया कि इस कार्यक्रम में 356 के लगभग लाभार्थियों ने भाग लिया जिसमें महाविद्यालय राजगढ़ के शैक्षिक एवं गैर शैक्षिक स्टाफ, विद्यार्थियों, स्वयंसेवकों, स्थानीय जनता तथा अन्य स्टाफ शामिल था।

### नर्सिंग कॉलेज में प्रतियोगिताओं का आयोजन

**सोलन।** साईं संजीवनी नर्सिंग कॉलेज व संजीवनी हॉस्पिटल में एपिलेप्सी यानि मिर्गी के दिवस पर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसमें तीनों वर्ष की छात्राओं ने भाग लिया। छात्राओं ने भाषण व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता से मिर्गी के प्रति जागरूक किया। प्रिंसिपल अनंत गौतम ने भी छात्राओं के समक्ष मिर्गी से संबंधित कुछ अहम जानकारी दी। कार्यक्रम में संजीवनी की सभी अध्यापक अंकिता, ललिता, उषा, वैशाली, नवृति व पूजा नेगी भी उपस्थित रहीं।

### आज कंडाघाट के कई हिस्सों में बिजली आपूर्ति बाधित

**सोलन।** आवश्यक रखरखाव के दृष्टिगत सोलन जिला के कंडाघाट एवं आसपास के कुछ क्षेत्रों में आज बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी बिजली बोर्ड सोलन के अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता राहुल वर्मा ने दी। राहुल वर्मा ने कहा कि आज प्रातः नौ बजे से सायं साढ़े पांच बजे तक कंडाघाट, सिरीनगर, धाली, पलेच, शलुमणा, दोलग, डेढ़घराट, मेहली, मही, सनेच, कोहरी, वाकनाघाट, क्यारीघाट, कवारग, शालाघाट, कैथलीघाट, छावशा, डुमैहर, कदौर, गरू, पावघाट, कून, आंजी सुनारा, साधुपुल, कलहोग, दोची, सोनाघाट, सैंज, कोटला, चायल, नगाली, हिन्नर, कुरगल, झाझा, धंगील, आलमपुर, जनेड़घाट, टिक्कर एवं आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि उपरोक्त निर्धारित तिथि व समय में खराब मौसम व अन्य परिस्थितियों के दृष्टिगत परिवर्तन किया जा सकता है।

### छात्राओं को बताएं ई-वेस्ट मैनेजमेंट के गुर

**पांवटा साहिब।** राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पांवटा साहिब की तरफ से एकदिवसीय जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इसमें उनके द्वारा ई-वेस्ट मैनेजमेंट के विषय में छात्राओं को जागरूक किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य डा. दीर्घायु प्रसाद ने किया। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कनिष्ठ पर्यावरण अभियंता जितेंद्र सिंह द्वारा वालेंटियर्स को इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गई।

### छात्रों ने सड़क सुरक्षा पर लोग किए जागरूक

**श्रीरेणुका जी।** राजकीय महाविद्यालय रेणुका जी के सड़क सुरक्षा क्लब ने लोगों को सड़क पर सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया। सड़क सुरक्षा क्लब के संयोजक प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि सड़क सुरक्षा अभियान चलाया गया। इस दौरान महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार कि प्रतियोगिता में भाग लिया। इसके अतिरिक्त ददाहू बाजार तथा बस अड्डा तथा वाहनों में बैठे लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों के पर्चे बांटे गए। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पवन कुमार भी उपस्थित रहे।

# बद्दी को मिला 120 करोड़ रुपए से निर्मित एमएसएमई टेक्नालॉजी सेंटर

## केंद्रीय मंत्री ने वर्चुअल किया शुभारंभ, उद्योगों के कर्मियों को एडवांस मशीनरी के उपयोग का दिया जाएगा प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

हिमाचल प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्र बद्दी में 120 करोड़ की लागत से बनकर तैयार एमएसएमई टैक्नोलॉजी सेंटर का बुधवार को केंद्रीय मंत्री ने नारायण राणे ने वर्चुअली शुभारंभ किया। मंत्री राणे ने बरोटीवाला के निकट भटोलीकलां पंचायत क्षेत्र में 100 बीघा जमीन पर बने एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर का वर्चुअली शुभारंभ किया।



अधिकारी व उद्योग संगठनों के पदाधिकारी सेंटर की जानकारी लेते हुए।

अब प्रदेश के बच्चों को यहां अपने हुनर को प्रेक्टिकल ट्रेनिंग के साथ निखारने का मंच तो मिलेगा ही, साथ ही उद्योगों को भी यहां से ट्रेंड व स्किल्ड स्टाफ की सुविधा मिलेगी। यह बच्चों के लिए तो सौगात है, लेकिन साथ ही राज्य के उद्योग जगत को भी इससे लाभ मिलेगा। उद्योग मालिक भी यहां इस परिसर में अपने कर्मचारियों को आधुनिक मशीनरी की ट्रेनिंग के लिए भेज सकेंगे।

**एडवांस मशीनरी से लैस सेंटर :** एमएसएमई टेक्नॉलाजी सेंटर बद्दी के डिप्टी जनरल मैनेजर सुखमान सिंह का कहना है कि एमएसएमई के बद्दी स्थित टेक्नोलॉजी सेंटर को 120 करोड़ की लागत से तैयार किया गया है। अब यहां एक साथ 60 बच्चे मेकेनिकल इंजीनियरिंग में तीन साल का डिप्लोमा ट्रेनिंग कर सकेंगे, जिनके लिए आधुनिक हॉस्टल के साथ-साथ कैंटीन सहित अन्य एडवांस मशीनरियों की व्यवस्था भी कर दी गई है। उन्होंने कहा कि परिसर के अंदर ही 100 लड़कों व करीब 80 लड़कियों के छात्रावास की व्यवस्था भी की गई है। पहला बैच शुरू कर दिया गया है और उनकी पढ़ाई शुरू करवा दी गई है। आज से गतिविधियों का विधिवत शुभारंभ हो गया है।

### बहुत बड़ी सौगात है : जैन

बीबीएन उद्योग संगठन के सचिव मुकेश जैन का कहना है कि यह हिमाचल के लिए बहुत बड़ी सौगात है। हमारी बहुत सारी जरूरतें इससे पूरी हो जाएंगी। लघु उद्योग संघ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार राणा, उपाध्यक्ष रमेश शर्मा, महासचिव अनिल मलिक व फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री के प्रदेशाध्यक्ष चिरंजीव ठाकुर ने कहा कि यह बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ के उद्योग जगत के लिए केंद्र सरकार व पीएम मोदी का बहुत बड़ा तोहफा है।

# शूलिनी विवि का मलेशियाई संस्थान के साथ समझौता

## दोनों शिक्षण संस्थान अनुसंधान में आपसी सहयोग करेंगे



दोनों संस्थानों को अधिकारी एमओयू पर हस्ताक्षर करने के बाद सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

शूलिनी विश्वविद्यालय ने इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी पेट्रोनास, मलेशिया के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। एमओयू में शूलिनी यूनिवर्सिटी के प्रो. चांसलर विशाल आनंद, प्रो. दातो टी व प्रौद्योगिकी संस्थान पेट्रोनास के लिए प्रो. इर टीएस, डॉ. नोर हिशम बी हामि तथा कॉर्पोरेट रणनीतिक योजना के निदेशक, और करियर सेवा विभाग के प्रमुख अमीनूर रशीद ने हस्ताक्षर किए।

इस एमओयू के तहत दोनों विश्वविद्यालय संकाय और विद्वानों, छात्रों, शैक्षणिक जानकारी और सामग्रियों के लिए व्यापक आदान-प्रदान कार्यक्रमों के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह पहल दोनों संस्थानों में अनुसंधान और शिक्षा को समृद्ध करने के लिए डिजाइन की गई है। एमओयू दोनों विश्वविद्यालयों की शैक्षणिक और शैक्षिक आवश्यकताओं के लिए विभिन्न सहयोगात्मक गतिविधियों में सहयोग के लिए किया गया है। इसमें संकाय और विद्वानों, छात्रों का आदान-प्रदान, विश्वविद्यालय रैंकिंग गतिविधियों पर सहयोग, संयुक्त अनुसंधान कार्यक्रमों का संगठन और सम्मेलनों, कार्यशालाओं और सेमिनारों की मेजबानी शामिल है।

प्रो. चांसलर विशाल आनंद ने बताया कि यह अनुसंधान और ज्ञान के आदान-प्रदान को आगे बढ़ाने की दिशा में एक अभिनव यात्रा की शुरुआत का प्रतीक है। शूलिनी विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय मामलों के उपनिदेशक डॉ. रोजी धांता ने कहा कि विश्वविद्यालय मास्टर्स और पीएचडी करने वाले छात्रों के लिए कई छात्रवृत्तियां प्रदान करने के लिए उत्सुक है।

# 13 सदस्यीय एथलेटिक टीम सिरमौर से अहमदाबाद रवाना

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक्स मीट यानी निडजैम में भाग लेने के लिए हिमाचल के की टीम गुजरात के लिए रवाना हो गई है। इस टीम में खुशी, साक्षी, महक, सुमन ठाकुर, रतिका, अभिनव, अक्षत, श्रेष्ठ, अक्षित, अंश, अनिकेत, हिमांशु और कृष शामिल हैं। प्रतियोगिता 16 फरवरी से शुरू होगी।

इससे पहले पांवटा साहिब में 25 जनवरी को संपन्न हुई सब जूनियर एथलेटिक प्रतियोगिता में इन खिलाड़ियों का चयन किया गया है। इस चैंपियनशिप मे सिरमौर के कई खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रदर्शन के हिसाब से खिलाड़ी छात्र-छात्रों का चयन 19वीं निडजेम राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए हुआ, जो कि अहमदाबाद में होगी। संघ की ओर से हिना ने बताया कि अहमदाबाद गुजरात में 13 खिलाड़ी भाग लेंगे।

वहीं, कोच की भूमिका शारीरिक शिक्षक कोटड़ी व्यास धर्मेंद्र चौधरी व मैनेजर की भूमिका में हिना बच्चों को अहमदाबाद में अपना मार्गदर्शन व सहयोग देंगे। खिलाड़ियों को एथलेटिक एसोसिएशन के महासचिव विजय यादव ने नाहन से अहमदाबाद के लिए विदा किया। एसोसिएशन के प्रधान शिवराज शर्मा व अर्जुन नागरा वरिष्ठ उपप्रधान ने भी टीम को अपना आशीर्वाद दिया। बता दें कि यह टूर्नामेंट 16 से 18 फरवरी तक होगा।



प्रतियोगिता में शामिल होने वाले खिलाड़ी अपने प्रशिक्षकों के साथ।

# पीएम विश्वकर्मा योजना पर एकदिवसीय जागरूकता शिविर आयोजित



लाभार्थियों को योजना की जानकारी देते एमएसएमई के कार्यालय प्रमुख अशोक कुमार गौतम।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय ने विकास कार्यालय सोलन द्वारा बुधवार को सोलन जिला के विभिन्न पंचायतीराज संस्थानों के प्रतिनिधियों के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत एकदिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर की अध्यक्षता सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के सोलन कार्यालय के सहायक निदेशक एवं कार्यालय प्रमुख अशोक कुमार गौतम ने की। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ उठाने के लिए व्यक्ति को एमएसएमई पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण करवाना होगा। यह पंजीकरण नजदीकी जन सेवा केंद्र पर निशुल्क करवाया जा सकता है।

सहायक निदेशक ने कहा कि पात्र व्यक्तियों को चयन उपरांत प्रशिक्षण के लिए प्रति व्यक्ति 500 रुपए प्रति दिन वजीफा दिया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर टूल किट के लिए 15 हजार रुपए का अनुदान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि लाभार्थी को योजना के तहत नियमानुसार ऋण भी प्रदान किया जाएगा। इस योजना से युवा कम समय में स्वावलंबी बन सकते हैं। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे पात्र व्यक्तियों का चयन कर आवेदन आगामी कार्यवाही के लिए प्रेषित करें ताकि जरूरतमंद को इस योजना का लाभ मिल सके।

### अरिहंत स्कूल में हर्षोल्लास से मनाई वसंत पंचमी

**नाहन।** आज वसंत पंचमी को एआईएस में भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। निदेशक, प्रिंसिपल, दविंद्र के साहनी ने स्कूल समुदाय को उस दिन के महत्त्व के बारे में बताया, जो ऋतुराज के नाम से जाने जाने वाले आगामी सत्र की शुरुआत का प्रतीक है। सांस्कृतिक महत्त्व पर जोर देते हुए उन्होंने बुद्धि और ज्ञान की देवी सरस्वती के प्रति श्रद्धा पर प्रकाश डाला। विद्यालय समिति के अध्यक्ष अनिल जैन ने समस्त छात्रों को वसंत पंचमी की शुभकामनाएं दीं। गौरतलब है कि पशुपालन विभाग नाहन के उपनिदेशक डॉ. नवीन शर्मा, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. रितिका तथा यशपाल की मौजूदगी में अरिहंत इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में काऊ हग-डे के उपलक्ष्य में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

### जिले में बढ़ेगा मतदान प्रतिशत : मनमोहन शर्मा

**सोलन।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत सोलन जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्रों अर्की, नालागढ़, दून, सोलन तथा कसौली में मतदान प्रतिशत को अधिक से अधिक बढ़ाने पर बल दिया जाएगा, ताकि लगभग शत-प्रतिशत मतदान दर प्राप्त की जा सके। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता यानी स्वीप गतिविधियों को आरंभ करने के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त सोलन अजय कुमार यादव, अतिरिक्त आयुक्त नगर निगम सोलन एवं स्वीप की नोडल अधिकारी प्रियंका चंद्रा, तहसीलदार निर्वाचन सोलन ऊषा चौहान, नायब तहसीलदार निर्वाचन सोलन दीवान ठाकुर सहित निर्वाचन विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### वसंत पंचमी पर मां सरस्वती की आराधना, लगे भंडारे

**रेणुका जी।** मां सरस्वती के अवतरण दिवस वसंत पंचमी का पर्व विभिन्न स्कूलों और आश्रमों मनाया गया। मुख्य पर्व आदि उदासीन बड़ा अखाड़ा निर्वाण आश्रम में मां सरस्वती पूजा के साथ शुरू किया गया। आश्रम के महंत रणेंद्र मुनि ने सभी श्रद्धालुओं को पीला पटका पहनाकर बसंत के आने का संदेश दिया। अखंड रामायण पाठ का भोग लगाया गया व भंडारे का आयोजन किया गया। वशिष्ठ आश्रम बायरी में गुड़गांव वाले गुरु महाराज का जन्मदिन मनाया गया। लोगों को पीले चावल के साथ-साथ भंडारा भी दिया गया। उधर, बस स्टैंड में हिमगिरि आश्रम जगाधरी के सौजन्य से आशु वालिया सहित अन्य श्रद्धालुओं ने दिनभर मीठे चावल का वितरण किया।

### मां शारदा के पूजन से हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ

**पांवटा साहिब।** वसंत पंचमी के अवसर पर राजकीय उच्च विद्यालय बहराल में कार्यक्रम का आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य अजय शर्मा उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय में स्थित मां शारदा की प्रतिमा के पूजन से हुई। मुख्याध्यापक जीवन प्रकाश जोशी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए वसंत पंचमी की शुभकामनाएं दीं।

### खाला क्यार पाठशाला में धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव

**पांवटा साहिब।** राजकीय उच्च पाठशाला खाला क्यार में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश पावर कार्पोरेशन लिमिटेड श्री रेणुका जी बांध परियोजना के महाप्रबंधक आरके चौधरी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने शिक्षा की देवी मां सरस्वती के की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का शुभारंभ किया। अखंड शिक्षा ज्योति मेरे स्कूल से निकले मोतियों को मुख्यातिथि के द्वारा स्मृति चिन्हों से सम्मानित किया गया।

### देसी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**पांवटा साहिब।** रोनहाट पुलिस चौकी की टीम ने कंधे पर प्लास्टिक का भरा हुआ बोरा रखकर शिलाई की ओर आ रहे एक व्यक्ति की संदेह के आधार पर तलाशी लेने पर उसके बोरे से एक दर्जन देसी शराब की बोतलें पकड़ी है।

देहरादून के चकराता निवासी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार रौनाहाट पुलिस चौकी के हेड कांस्टेबल नवीन कुमार के नेतृत्व में एक पुलिस टीम मीनस बाजार में गश्त पर थी, तो शिमला से शिलाई की ओर कंधे पर प्लास्टिक का भरा हुआ बोरा रखकर जाते व्यक्ति पर टीम की नजर पड़ी। पुलिस टीम को अपने ओर आता देख वह व्यक्ति भागने लगा। टीम ने उसे पकड़ कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम चमेलु बताया। वह देहरादून के चकराता तहसील के मैलोथ क्वाणु का रहने वाला बताया जा रहा है। एसडीपीओ पांवटा अदिति सिंह ने बताया कि मामले की गिरफ्तार चमेलु से पूछताछ जारी है।

# उद्योगों का पलायन रोकने को देनी होगी बजट में राहत

## प्रदेश सरकार का दूसरा बजट, उद्योग जगत को सुक्खू सरकार से बढ़ी उम्मीद

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

**प्रदेश** सरकार अपने कार्यकाल का दूसरा बजट पेश करने जा रही है। प्रदेश से उद्योगों के पलायन को रोकने के लिए बजट में खास राहतें देनी पड़ेंगी, तभी प्रदेश में नया निवेश होगा। अगर इस बार भी बजट में रियायतें व सुविधाएं नहीं मिलती हैं, तो उद्योगपति दूसरे राज्यों का रुख कर सकते हैं। वर्तमान में उद्योगों की सबसे बड़ी चिंता भारी भरकम बिजली शुल्क में बढ़ोतरी है। प्रदेश में सितंबर 2023 में बिजली शुल्क 11 फीसदी से बढ़ाकर 19 फीसदी कर दिया था और स्थिति यह है कि हिमाचल में बिजली के मौजूदा दाम अन्य राज्यों से अधिक हो चुके हैं।

वहीं, हिमाचल में उद्योगों पर जीएसटी के अतिरिक्त एजीटी यानी एडिशनल गुड्स टैक्स और सीजीसीआर यानी सर्टन गुड्स कैरेड बाई रोड टैक्स का बोझ डाल दिया गया है। सीएम सुखविंदर सुक्खू के बजट से उद्योग जगत का उम्मीदों को लेकर हमने कई उद्योगपतियों से चर्चा की।

### बिजली शुल्क बढ़ोतरी को लें वापस : गुप्ता



**हिमाचल** दवा निर्माता संघ के अध्यक्ष डॉ. राजेश गुप्ता का कहना है कि वर्तमान में उद्योगों के लिए सबसे ज्यादा जरूरी बिजली शुल्क में बढ़ोतरी के फैसले को वापस लेना है क्योंकि बिजली शुल्क दूसरे राज्यों के मुकाबले अधिक है, अगर सरकार अपने फैसले को वापस ले लेती है तो उद्योगों को खासी राहत मिलेगी।

### इंफ्रास्ट्रक्चर को दिया जाए ध्यान : मेघराज



**हिमाचल** स्टील इंडस्ट्री एसोसिएशन के अध्यक्ष मेघराज गर्ग का कहना है कि प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर को सुधारने के लिए खास कदम उठाने की जरूरत है। उन्होंने उद्योगों के विकास के लिए नई योजनाएं लाने का आग्रह किया।

### बिजली शुल्क काफी अधिक : सिंगला



**स्टील** इंडस्ट्री एसोसिएसन के महासचिव राजीव सिंगला का कहना है वर्तमान में प्रदेश में औद्योगिक इकाइयों का बिजली शुल्क काफी अधिक है। उन्होंने सरकार से गुहार लगाते हुए कहा कि बिजली शुल्क में हुई बढ़ोतरी को कम किया जाना चाहिए और एजीटी को भी बंद किया जाना चाहिए।

### इंडस्ट्री को रियायतें देने पर हो विचार : सैनी



**बिरला** टीएमटी स्टील के मालिक मनीष सैनी का कहना है कि बजट में उद्योग जगत के लिए खास तवज्जो देने की जरूरत है, अगर रियायतें मिलती है तो इंडस्ट्री प्रदेश में अधिक निवेश करेगी जिससे सरकार को भी टैक्स जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बार बजट से काफी उम्मीदें है।

### 100 करोड़ शीघ्र बागवानों को दे सरकार : मेलाराम



**नाहन।** सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर किसानों और बागवानों के साथ ठगी और धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। जिला प्रवक्ता ने बताया कि बागवानों को सर्दियों के मौसम में नए पौधे रोपने, अपने पौधों पर दवाइयों के छिड़काव, पौधों की कटिंग और तौलियों इत्यादि कार्यों के लिए धन की आवश्यकता रहती है, परंतु उनकी एमआईएस यानी बाजार हस्तक्षेप योजना के अंतर्गत उनकी गाढ़ी कमाई की 100 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि सरकार के हिमफेड के पास पड़ी है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि किसानों और बागवानों की एमआईएस की धनराशि शीघ्र जारी की जाए, ताकि आर्थिक तंगी से जूझ रहे किसान और बागवान और कर्ज न लें और पहले लिए हुए कर्जों से निजात पा सकें।

### गुड न्यूज

## एक्सरे मशीन में तकनीकी खराबी के चलते मरीजों को झेलनी पड़ी परेशानी

# क्षेत्रीय अस्पताल में पांच दिन बाद शुरू हुई एक्स-रे सेवाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

क्षेत्रीय सोलन अस्पताल में आखिरकार पांच दिन के इंतजार के बाद एक्स रे सेवाएं शुरू हो गई। अस्पताल प्रबंधन द्वारा ठीक करवा दिया गया है। बुधवार से मरीजों को एक्सरे की सुविधा मिलनी शुरू हो गई है। गौर हो कि जिला के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल सोलन में मरीजों बीते शुक्रवार से एक्स-रे की सुविधा नहीं मिल पा रही थी। इसके चलते मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।



एक्स-रे मशीन। (फाइल फोटो)

अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि मशीन में तकनीकी खराबी आने के बाद उन्होंने संबंधित कंपनी को पत्र लिखा था, जिसके बाद कंपनी से मशीन की रिपेयर करने के लिए इंजीनियर भेजा गया था लेकिन शुरुआत में मशीन की तकनीकी खराबी का पता नही लग पा रहा था। जानकारी के अनुसार अस्पताल में स्थापित एक्सरे मशीन पांच वर्ष पुरानी है। इसका कोई पार्ट खराब हो गया था। मंगलवार शाम तक मशीन को रिपेयर कर दिया था, जिसके बाद बुधवार सुबह से मरीजों को एक्सरे की सुविधा दी गई।

अस्पताल की मशीन में खराबी आने के कारण मरीजों को बाजार से महंगे दामों पर एक्सरे करवाना पड़ रहे थे। गौर हो कि सरकारी अस्पताल में मरीजों को मुफ्त में एक्स-रे की सुविधा मिलती है। वहीं निजी लैब में एक एक्सरे कराने के करीब दो सौ रुपए चुकाने पड़ते है।

क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में टेस्ट सुविधाएं क्रसना डायग्नोस्टिक और सरकारी दोनो लैब में मिलती है। जबकि एक्स-रे मशीन अस्पताल की है और इसे अस्पताल के कर्मियों द्वारा ऑपरेट किया जाता है।

### रोजाना होते हैं करीब 150 एक्स-रे

अस्पताल में सोलन सहित जिला सिरमौर और शिमला की सीमावर्ती क्षेत्रों से मरीज रोजाना उपचार के लिए आते है। यहां रोजाना 12 से 15 सौ के करीब ओपीडी रहती है। ऐसे में बहुत से मरीजों को चिकित्सकों द्वारा एक्स-रे करने को लिखा जाता है। अस्पताल प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार यहां रोजाना करीब 150 एक्स-रे किए जाते हैं। सुबह से ही एक्स-रे लैब के बाहर मरीजों की लाइनें लग जाती हैं। एक्स-रे मशीन ठीक होने के बाद से मरीजों को सुविधा मिली है।

> एक्स-रे मशीन की तकनीकी खराबी को ठीक कर दिया गया है। बुधवार सुबह से अस्पताल में मरीजों को एक्स-रे की सुविधा देना शुरू कर दिया है।
>
> -डॉ. एसएल वर्मा, वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक।

### हिंदी प्रवक्ताओं के क्षमता संवर्धन पर कार्यशाला



कार्यशाला में हिस्सा लेने वाले अध्यापक।

**सोलन।** एससीईआरटी सोलन में हिंदी प्रवक्ताओं के लिए छह दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसका शुभारंभ एससीईआरटी के प्रिंसिपल प्रोफेसर हेमंत कुमार ने किया। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. राम गोपाल शर्मा ने बताया कि इसमें बिलासपुर, किन्नौर, शिमला, सिरमौर, सोलन व ऊना जिलों के 40 हिंदी प्रवक्ता भाग ले रहे हैं। इसका उद्देश्य हिमाचल प्रदेश में हिन्दी प्रवक्ताओं की क्षमताओं का संवर्धन करना है, ताकि स्कूल एजुकेशन को और अधिक मजबूती प्रदान की जाए।

**क्या है कार्यक्रम का उद्देश्य :** एससीईआरटी सोलन समय-समय पर हिंदी व अन्य विषयों में सेवारत प्रवक्ताओं के लिए उनके प्रोफेशनल डेवलपमेंट के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करती है, ताकि उस विषय में नवीनतम शोध और इससे जुड़े आयामों का पता चल सके। शैक्षिक परिदृश्य के बदलते स्वरूपों के साथ तालमेल बिठाना आज के प्रतिस्पर्धी समय में जरूरी है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

### पत्रकार वार्ता में बोले सर्वोदय ह्यूमन एंड नेचर डेवलपमेंट सोसायटी के प्रदेश अध्यक्ष

# चंबा के विकास में मुख्य भूमिका निभाना है सर्वोदय का मुख्य उद्देश्य: आयुष वर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

सर्वोदय ह्यूमन एंड नेचर डेवलपमेंट ऑल इंडिया रजिस्टर्ड सोसायटी प्रदेश अध्यक्ष आयुष वर्मा द्वारा जिला चंबा की विभिन्न समस्याओं व विकास कार्यों को रफ्तार पर लाने के उद्देश्य से पत्रकारवार्ता का आयोजन किया गया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए सर्वोदय ह्यूमन एंड नेचर डेवलपमेंट ऑल इंडिया रजिस्टर्ड सोसायटी प्रदेश अध्यक्ष आयुष वर्मा ने बताया कि सोसाइटी का गठन 2019 को दिल्ली में संस्थापक पवन ठाकुर द्वारा किया गया। जिसका उद्देश्य कोरोना के समय लोगों तक मदद पहुंचाना था।

तत्पश्चात संस्था विभिन्न क्षेत्रों में काम करके समाज के विकास में भागीदारी दे रही है। सर्वोदय हिमाचल प्रदेश कार्यकारिणी का गठन जुलाई 2023 में किया गया। उन्होंने बताया कि संस्था धीरे-धीरे सभी जिलों में अपनी जिला कार्यकारिणी का विस्तार कर रही है। जिसमें संस्था ने कार्यकारिणी का विस्तार जिला चंबा में भी किया है। इसका उद्देश्य यही है कि चंबा के लोगों तक और विकास में संस्था महत्वपूर्ण भागीदारी दे सकें। संस्था कार्यकारिणी विस्तार में सर्वोदय ने अलीशा शर्मा को जिला अध्यक्ष, कर्मनंय शर्मा को जिला महासचिव, आकांक्षा मरवाह को जिला प्रवक्ता एवं दिव्यांशी को जिला उपाध्यक्षा चुना गया। इसके साथ अन्य सदस्य भी है। जिन्होंने वालंटियर के रूप में सर्वोदय जिला चंबा कार्यकारिणी के साथ काम करने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाई है। उन्होंने कहा कि सोसायटी बिना किसी लाभ के काम कर रही है और आगे भी करेगी। जिसमें चंबा में हर एक परीक्षा के एग्जाम सेंटर को लेकर बात रखी गई एवं आवारा कुत्तों को एक आश्रय प्रदान करने की बात की गई। उन्होंने कहा कि इंसानियत की दृष्टि से हम काम कर रहे है ओर आगे भी करेंगे। संस्था ने संकल्प लिया है कि महिला महावारी को लेकर भी प्रदेश एवं जिला के लोगों को जागरूक करेंगे। उन्होंने कहा कि सर्वोदय राज्य कार्यकारिणी का गठन होने के बाद निशुल्क स्वास्थ्य कैंप करवा चुकी है। जिसके चलते अब सर्वोदय का मुख्य उद्देश्य चंबा के विकास में मुख्य भूमिका निभाना है।


पत्रकारों से बातचीत करते सर्वोदय ह्यूमन एंड नेचर डेवलपमेंट ऑल इंडिया रजिस्टर्ड सोसायटी के पदाधिकारी।

# मोहल्ला कश्मीरी के चार परिवार सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित

## जिला प्रशासन ने भूस्खलन के डर के चलते जारी किए शिफ्टिंग के ऑर्डर

**एमएम डैनियल, चंबा**

जिला चंबा के चौगान वार्ड के अधीन मोहल्ला कश्मीरी में भूस्खलन के मुहाने पर पहुंच चुके चार मकानों के परिवारों को जहां जानी सुरक्षा मुहैया करवाने के तहत जिला प्रशासन चंबा द्वारा सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित होने के निर्देश जारी कर दिए हैं, वहीं शेष परिवारों को भी हर पल चौंकना रहने की हिदायत जारी की है। गौर हो कि 53 वर्षों से भूस्खलन का दंश झेल रहे मोहल्ला कश्मीरी वासी मौजूदा समय जिंदगी और मौत के कटघरे में आ कर खड़े हो गए हैं।

वहीं वर्षों से भूस्खलन के खतरे से राहत न मिलता देख इस बार पीड़ित परिवारों ने आर-पार लड़ाई की ठान ली है। जिसमें पीड़ित परिवारों ने ज्ञापन सौंप स्पष्ट कर दिया है कि जब तक भूस्खलन स्थल की रोकथाम के लिए कार्य आरंभ नहीं होता है तो इस सूरत में वह क्रमिक हड़ताल पर बैठने सहित लोकसभा चुनाव 2024 का बहिष्कार तक कर देंगे।

वहीं दूसरी ओर मोहल्ला कश्मीरी वासियों की पीड़ा समझते हुए व मोहल्ले के साथ शहर परिसर एवं कई धरोहरों के इस भूस्खलन की जद में आने के खतरे को देखते हुए जिला प्रशासन चंबा एक्शन प्लान पर आ गया है। जिसमें सरकार की ओर से मिले आदेशों एवं पीड़ित परिवारों की जिदंगियों को सुरक्षा देने के तहत जिला प्रशासन ने सर्वप्रथम चार परिवारों में जॉन स्टीफन पुत्र स्व. अल्लारखा, विक्टर मसीह पुत्र स्व. फजल मसीह, रमेश चंद पुत्र स्व. कर्मचंद व प्रवीण आनंद पत्नी स्व. आशा आनंद को मोहल्ला कश्मीरी से बालू जनजातीय भवन में शिफ्ट करने का निर्णय लेते हुए मकान खाली करने के नोटिस जारी किए है ताकि लगातार हो रहे भूस्खलन के दंश से मुहाने पर पहुंचे परिवारों को सुरक्षा प्रदान करवाई जा सके।


मोहल्ला कश्मीरी पीड़ित परिवारों को मकान खाली करने का नोटिस देते संदीप कुमार तहसीलदार व साथ में पार्षद खालिद मिर्जा।

गत वर्ष बरसात के दिनों में मोहल्ला कश्मीरी में बढ़े भूस्खलन के खतरे के बाद यह दूसरी बार है कि पीड़ित परिवारों को जिला प्रशासन चंबा द्वारा अस्थायी तौर पर प्रभावित स्थल से सुरक्षित स्थल पर स्थानांतरण किया जा रहा है। इससे पूर्व बरसात के दौर में सर्वप्रथम पांच परिवार सदस्यों को जनजातीय भवन मुख्यालय में स्थानांतरित किया गया, लेकिन जब बरसात का दौर खत्म हो गया तो पीड़ित परिवारों को पुन मोहल्ला कश्मीरी में भूस्खलन क्षेत्र में अपने मकानों में वापस जाने के फरमान सौंप दिए।

अक्तूबर-नवंबर से लेकर फरवरी तक सूखा दौर गुजरने तक हालात ठीक रहे, लेकिन जैसे ही फरवरी प्रारंभिक सप्ताह में बारिश का दौर आरंभ हुआ। वैसे ही मोहल्ला कश्मीरी में एक बार फिर से भूस्खलन ने अपना रंग दिखाना आरंभ कर दिया। जिसमें इस बार भारी भूस्खलन होने से पीड़ित परिवारों के घरों में दरारे आने सहित मोहल्ला के काफी भाग में भूमि कटाव होना आरंभ हो गया है। जिसमें भूस्खलन प्वॉइंट पर लगातार पानी का रिसाव भी हो रहा है। जिसके तहत जिला प्रशासन पीड़ित परिवारों को प्रभावित स्थल से स्थानांतरित होने के आदेश जारी किए है। मगर शहर परिसर से बालू स्थल दूर होने व कुछ पीड़ित परिवारों के सदस्यों के गंभीर रोगों से ग्रस्त होने पर पीड़ित परिवारों ने एसडीएम चंबा अरुण शर्मा के माध्यम से उपायुक्त के समक्ष शहर परिसर में ही ठहरने की अस्थायी व्यवस्था करने का अनुरोध किया गया। जिसके तहत उपायुक्त चंबा द्वारा नगर परिषद चंबा विश्राम गृह भवन में मौजूद कमरों को रिपेयर करवाने के लिए चार दिन का समय मांगते हुए बालू जनजातीय भवन से दोबारा शिफ्ट करने का आश्वासन दिया। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं उपायुक्त

डीसी ने कहा कि मोहल्ला कश्मीरी वासियों की हरसंभव सहायता के लिए जिला प्रशासन द्वारा कदम उठाए जा रहे हैं। जिसमें सर्वप्रथम लोगों के जिदंगियों को सुरक्षा देना प्रशासन का दायित्व बनता है। जिसके चलते जनजातीय भवन बालू में पीड़ित परिवारों का इंतजाम कर दिया है। जिसमें कुछ परिवारों द्वारा बीमारी का हवाला दिया गया। जिसमें बीमार परिवार को नगर परिषद चंबा विश्राम गृह ठहरने के लिए व्यवस्था के आदेश दे दिए हैं। जबकि अन्य परिवारों के अनुरोध को ध्यान में रखते हुए नप विश्राम गृह मौजूद कुछ अन्य कमरों को रिपेयर के आदेश दिए है। जिनकी रिपेयर पश्चात बालू शिफ्ट होने वाले परिवारों को भी बुला लिया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### व्यंजन प्रतियोगिता में चंबा दूसरे स्थान पर

**चंबा।** समग्र शिक्षा के एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत जिला चंबा की वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चुवाड़ी व रायपुर के आठ विद्यार्थियों ने कुल्लू में भाग लिया। इस संदर्भ में जिला को-ऑर्डिनेटर बिम्मी सूर्या ने बताया कि इन विद्यार्थियों के साथ दो एस्कॉर्ट टीचर पूजा और विजय भी बच्चों के साथ रहे। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में बच्चों ने केरल के अप्पम विद सटयू, पाइमम पूरी व अदा पर्दामन व्यंजन बनाए। इस प्रतियोगिता में जिला चंबा को राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों में अभी, अक्षम, मोहित ठाकुर, अंशुल, श्रुति, इशका और आरुषि शामिल रहे।

### डाइट ब्लू में क्षमता निर्माण पर कार्यशाला


पांच दिवसीय कार्यशाला के शुभारंभ पर मौजूद संस्कृत शिक्षक।

**चंबा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सरु में कार्यकारी जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा नम्रता शर्मा की अध्यक्षता में पांच दिवसीय संस्कृत विषय की क्षमता निर्माण के तहत कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला की शुरुआत कार्यकारी जिला परियोजना अधिकारी नम्रता शर्मा द्वारा सरस्वती मां के चरणों में द्वीप प्रज्वलित कर के और सरस्वती मां की वंदना के साथ की गई। इस अवसर पर जिला टीचर ट्रेनिंग को-ऑर्डिनेटर ओंकार वर्मा और अरविंद ठाकुर विशेष स्रोत व्यक्ति के रूप में उपस्थित रहे। यह कार्यशाला स्टार्स प्रोजेक्ट के तहत आयोजित की गई। इसमें जिला चंबा के सभी शिक्षा खंडों से लगभग 60 संस्कृत अध्यापक जो कि नौवीं और दसवीं कक्षा को पढ़ाते हैं वे भाग ले रहे हैं। स्रोत व्यक्ति की भूमिका राज्य स्तर से प्रशिक्षित अध्यापक हेम सिंह , संतोष कुमार, जोगिंद्र कुमार और सुरेश कुमार निभा रहे हैं।

### बनीखेत में मनाया वसंत पंचमी का त्योहार

**डलहौजी।** उपमंडल डलहौजी के अंतर्गत ग्राम पंचायत बनीखेत के भुरु नाग देवता मंदिर में वसंत पंचमी का त्योहार बड़ी ही सादगी एवं पूजा-अर्चना के साथ मनाया गया। बताते चलें कि वसंत पंचमी का त्योहार विद्या की देवी मां सरस्वती को लेकर मनाया जाता है। इस त्योहार में लोग पीले वस्त्रों का प्रयोग करते हैं। मिठाइयां बांटते हैं तथा विद्या की देवी से प्रार्थना करते हैं कि मां सब पर अपना आशीर्वाद बनाएं ताकि हर कोई विद्या से परिपूर्ण होकर इस संसार में सभी को विद्या रूपी ज्ञान से सुशोभित कर सके। बुधवार को बनीखेत में भी मां सरस्वती की प्रतिमा को फूलों से सुसज्जित कर पूजा-अर्चना कर इस त्योहार को मनाया गया।

### छिंज मेला मैदान में वन मित्र भर्ती

**तीसा।** चुराह उपमंडल के तहत छिंज मेला मैदान में वन मित्र भर्ती का आयोजन किया गया। बुधवार सुबह से ही चुराह के युवा-युवतियां भर्ती प्रकिया में भाग लेने के लिए छिंज मैदान में पहुंचना शुरू हो गए थे। वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर युवाओं को क्रमवार बिठाने के बाद शारीरिक दक्षता प्रक्रिया के लिए सर्वप्रथम उनके दस्तावेजों की जांच की। इस दौरान युवा भी भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने को लेकर काफी उत्सुक दिखे।

### सीताराम मंदिर में हवन-यज्ञ

**चंबा।** चंबा के गंगोत्री स्थित सीताराम मंदिर में वसंत पंचमी को लेकर हवन-यज्ञ किया गया। यह कार्यक्रम ब्राह्मण प्रतिनिधि सनातन धर्म सभा की ओर से रखा गया था। इसमें पूजा-अर्चना की गई। ब्राह्मण प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष अजितेश शर्मा ने कहा कि वसंत ऋतु एक बहुत ही पवित्र ऋतु मानी जाती है। इसी दिन मां सरस्वती की भी पूजा की जाती है। उन्होंने कहा कि हवन-यज्ञ के बाद भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं और लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# जल्द शुरू होगा आईटीआई भवन छतराड़ी का काम

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

विधानसभा क्षेत्र भरमौर के अंतर्गत आईटीआई भवन छतराड़ी का निर्माण कार्य जल्द ही शुरू होगा। इसके लिए लोक निर्माण विभाग ने जगह का चयन करके वहां पर निशानदेही का काम भी शुरू कर दिया है।

गौरतलब है कि पिछले कई सालों से यहां पर आईटीआई का अपना भवन नहीं होने के कारण मजबूरन आईटीआई की कक्षाएं प्राइवेट कमरे में लगाई जा रही हैं। हालांकि लोगों ने आईटीआई के नए भवन निर्माण के लिए अपनी जगह भी दान दे रखी है, लेकिन पिछले कुछ समय से बजट का अभाव व कागजी कार्रवाई पूरी न होने के कारण इस भवन का निर्माण अभी तक लटका हुआ था।

अब लोक निर्माण विभाग ने भी यहां पर कदमताल तेज कर दी है। विभाग द्वारा यहां पर कदमताल तेज करने के कारण लोगों ने राहत की सांस ली है। बता दें कि यहां पर आईटीआई के अपने भवन का निर्माण न होने के कारण यहां पर पढ़ाई कर रहे आईटीआई की छात्र-छात्राओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि यहां पर जल्दी काम शुरू न होने पर लोगों ने प्रशासन व सरकार के खिलाफ आवाज भी मुखर कर दी थी।

अब उम्मीद जताई जा रही है की प्रदेश के शिक्षा मंत्री शीघ्र ही इस भवन का शिलान्यास करने के लिए यहां आएंगे। इसके बाद इस भवन का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर शुरू हो जाएगा। हिमाचल प्रदेश एचआरटीसी के निदेशक सुरजीत भरमौरी ने कहा कि वह इस संबंध से कई बार सरकार व शिक्षा मंत्री को अवगत करवा चुके हैं। उन्होंने कहा है कि इस भवन के लिए सरकार द्वारा फंड भी अलॉट कर दिया गया है और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर यहां आकर इसका शिलान्यास करेंगे।

# प्रतिबंधित पॉलीथिन बैग प्रयोग करने वालों के काटे चालान

## डलहौजी पुलिस ने समाचार प्रकाशित होने पर की कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

अनंत ज्ञान इंपैक्ट




डलहौजी पुलिस द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक,पॉलीथिन के खिलाफ चलाए गए अभियान का असर दिखना शुरू हो गया है। पड़ोसी राज्य पंजाब से आने वाली सब्जियां जो की पॉलीथिन बैग में भर भर कर हिमाचल के अन्य जिलों एवं जिला चंबा में भी सप्लाई होती आ रही थी।

आखिरकार अनंत ज्ञान की खबर ने असर दिखाते हुए प्रतिबंध पॉलीथिन पर रोक लगाती नजर आ रही है। बताते चलें कि डीएसपी हेमंत ठाकुर द्वारा कड़ी कार्रवाई करते हुए क्षेत्र के हर थाना एवं पुलिस चौकियों में कड़े आदेश जारी कर दिए। जिसके नतीजतन गाड़ियों में पॉलीथिन मे भर कर लाई जा रही सब्जियों पर अंकुश लग गया है। इस बारे में जब डीएसपी डलहौजी हेमंत ठाकुर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि डलहौजी एवं इसके आसपास के क्षेत्र में कड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा जगह-जगह नाकाबंदी कर उन गाड़ियों के चालान किए गए जो गाड़ियां पंजाब से सब्जियां भरकर प्रतिबंधित पॉलीथिन बैग में लाने का काम कर रही थी तो वही क्षेत्र के बाजारों में भी दबिश देकर उन दुकानदारों के चालान काटकर जुर्माना किया गया साथ ही दोबारा से प्रतिबंध पॉलीथिन बैग मामले में संलिप्त पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई का भी प्रावधान किया गया है।

वही डलहौजी पुलिस ने भी एनएच 154 ए पर गश्त बढ़ा दी है और नाकाबंदी कर गाड़ियों का निरीक्षण भी किया जा रहा है और प्रतिबंधित पॉलीथिन हेतु जागरूक भी किया जा रहा है। प्लास्टिक पॉलीथिन का प्रयोग हम सभी के लिए कहीं ज्यादा घातक और खतरनाक है इससे पर्यावरण तो दूषित होता ही है साथ-साथ प्रकृति एवं मानव जीवन को भी नुकसान पहुंचता है।

## 16 साल बाद भी धरवाला तहसील को भवन नहीं

**भरमौर।** 16 वर्ष बीत जाने के बाद भी उपतहसील घरवाला को सरकारी भवन नहीं मिल पाया है। यहां पर पिछले 16 सालों से उपतहसील कार्यालय निजी भवन में चल रहा है। सरकार द्वारा 55 लाख का बजट मिलने के बाद भी अभी तक बात भूमि चयन से आगे नहीं बढ़ पाई है। लिहाजा पिछले कई सालों से उपतहसील कार्यालय निजी भवन में चलाया जा रहा है हालांकि सरकार की ओर से नए भवन निर्माण के लिए 55 लाख का बजट भी दे दिया गया है, लेकिन अभी तक भी भूमि का चयन नहीं हो पाया है। उधर, इस बारे में नायब तहसीलदार धरवाला अरविंद कुमार ने कहा है उपतहसील कार्यालय के लिए भूमि का चयन किया जा रहा है। इसके लिए एफआरए केस बनाकर भेजा जा रहा है। उम्मीद है कि जल्द ही मंजूरी मिल जाएगी और नए कार्यालय का काम शुरू हो जाएगा।

# नप के हरदासपुरा वार्ड में स्ट्रीट लाइटें बनी शोपीस

**अनंत ज्ञान, चंबा**

नगर परिषद के अधीन हरदासपुरा वार्ड में नगर परिषद द्वारा लोगों की सुविधा के लिए स्थापित की गई स्ट्रीट लाइटें शोपीस बन गई हैं। हालात यह है कि पिछले तीन माह से उक्त लाइटें खराब होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों द्वारा वार्ड पार्षद के समक्ष स्ट्रीट लाइटों को ठीक करवाने की गुहार लगाने के बाद भी नगर परिषद द्वारा इस समस्या का हल नहीं किया गया है। जिसके चलते वार्ड के लोगों का अब स्ट्रीट लाइट लचर व्यवस्था को देखते हुए रोष दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों में अशोक, सुरेश, महेंद्र, लक्की, सुशील, चमन, कृष्ण लाल, सन्नी और बोवी ने बताया कि हरदासपुरा वार्ड में नगर परिषद द्वारा लोगों की सुविधा के लिए लगाई गई स्ट्रीट लाइटें पिछले तीन माह से खराब होने के कारण लोगों को रात के समय चलने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि स्ट्रीट लाइटों को ठीक करवाने के लिए वार्ड पार्षद से कई बार गुहार लगाई गई है, मगर तीन माह बीत जाने के बाद भी नगर परिषद ने इन लाइटों को ठीक करवाने के लिए कोई भी ठोस कदम नहीं उठाए हैं। जिसके चलते लोगों में नगर परिषद ने खिलाफ भारी रोष पनप गया है।

लोगों ने नगर परिष्द को दो टूक चेतावनी दी है कि अगर जल्द से जल्द उक्त समस्या का समाधान नहीं किया गया तो स्थानीय लोग नगर परिषद के खिलाफ मोर्चा खोलने से कोई भी गुरेज नही करेंगे। इसकी जिम्मेदारी नगर परिषद की होगी। हरदासपुरा वार्ड में खराब चल रही स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को जल्द ही ठीक करवा लिया जाएगा

# जल्द से जल्द किया जाए होली-उतराला सड़क का निर्माण

## संघर्ष समिति ने पीडब्ल्यूडी मिनिस्टर को सौंपा मांग पत्र

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

होली-उतराला सड़क निर्माण को लेकर होली-उतराला संघर्ष समिति के सदस्यों ने पीडब्ल्यूडी मिनिस्टर विक्रमादित्य सिंह से शिमला में जाकर अपना मांग पत्र सौंपा है। मांग पत्र में होली-उतराला संघर्ष समिति ने लोक निर्माण मंत्री से जल्द से जल्द इस सड़क के युद्ध स्तर पर निर्माण करने की गुहार लगाई है।

मंत्री ने भी उनकी मांगों पर तुरंत उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। जानकारी के अनुसार होली-उतराला सड़क निर्माण को लेकर यहां के लोग पिछले कई दिनों से संघर्ष के मूड में दिख रहे हैं। होली-उतराला सड़क निर्माण को लेकर यहां के लोगों ने होली उतराला की कहानी आम लोगों की जुवानी एक थीम भी लॉन्च किया है। जिसके तहत यह संघर्ष समिति गांव-गांव व घर-घर जाकर लोगों का इस सड़क निर्माण को लेकर सहयोग जुटा रही है।

लाके वाली माता से लेकर दो किलोमीटर सड़क का निर्माण पिछले कई वर्षों से कछुए गति चला हुआ है। जिसके कारण आगे का सड़क का निर्माण भी रुक गया है। संघर्ष समिति का कहना है कि दो किलोमीटर सड़क निर्माण न होने के कारण आगे का कार्य जो ठेकेदार को अलॉट हो गया है नहीं हो पा रहा है। इसके लिए उन्होंने बाकायदा पीडब्ल्यूडी विभाग का भी घेराव किया है। लोगों का कहना है कि इस सड़क निर्माण के दौरान पीडब्ल्यूडी विभाग की सुस्त प्रणाली को लेकर कई सवालिया निशान खड़े किए हैं। होली-उतराला संघर्ष समिति के प्रधान गगन ठाकुर का कहना है कि वह इस सड़क निर्माण को लेकर पिछले दिनों पीडब्ल्यूडी मिनिस्टर विक्रमादित्य सिंह से भी मिले हैं और उन्होंने इस सड़क निर्माण को लेकर अपना सकारात्मक रुख जताया है। उन्होंने कहा है कि इस सड़क निर्माण को लेकर उनका मुख्यमंत्री से मिलने का भी कार्यक्रम था, लेकिन मुख्यमंत्री के राज्य से बाहर होने के कारण उनसे मुलाकात नहीं हो पाई है। इस सड़क निर्माण होने के बाद इलाके में पर्यटन की अपार संभावनाएं खुलेगी वह लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा साथ ही कांगड़ा की दूरी अढ़ाई सौ किलोमीटर कम हो जाएगी।

**सफलता** | जिला पर्यटन विकास अधिकारी की अगुआई में तकनीकी टीम ने किया दौरा

# मदराणी खजियार-जोत-बांगल में लैंडिंग का सफल ट्रायल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

जिला चंबा के अनछुए पर्यटन स्थलों को उजागर करने के दृष्टिगत पर्यटन व्यवसाय को और अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए जिला पर्यटन विकास विभाग प्रयासरत है। जिला पर्यटन विकास अधिकारी राजीव मिश्रा की अगुआई में तकनीकी टीम द्वारा मदराणी खजियार पैराग्लाइडिंग टेकऑफ स्थल और जोत-बांगल लैंडिंग साइट का दौरा किया गया। इन स्थलों पर पैराग्लाइडिंग का सफल ट्रायल किया गया।

पैराग्लाइडिंग साइट के तहत तकनीकी टीम द्वारा एचपी एयरो स्पोर्ट्स नियम 2022 के निरीक्षण किया गया। इसकी जानकारी देते हुए जिला पर्यटन विकास अधिकारी राजीव मिश्रा ने बताया कि जिला चंबा में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के मकसद से साहसिक खेल गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। लिहाजा यह दोनों पैराग्लाइडिंग स्थलों पर सफलतापूर्वक तकनीकी टीम द्वारा बुधवार को ट्रायल किया गया और यह स्थल पैराग्लाइडिंग के लिए टेक ऑफ व लैंडिंग के लिए उपयुक्त पाए गए हैं। उन्होंने बताया कि पैराग्लाइडिंग की इन नए स्थलों की विस्तृत रिपोर्ट विभाग को स्वीकृति के लिए भेजी जा रही है और जल्द ही इन मनोरम स्थलों पर भी गतिविधियां आयोजित होंगी। जिससे जिला में पर्यटन व्यवसाय को और अधिक मजबूती मिलेगी।

सफल ट्रायल के दौरान डॉ. करण हितेशी, एबीवीआईएमएएस से पंकज महंत, मनाली से विशेषज्ञ वेद राम मलिक और पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन खाजियार से प्रदीप कुमार और अन्य विशेषज्ञ व पैराग्लाइडिंग पायलट्स मौजूद रहे।


मदराणी खजियार पैराग्लाइडिंग टेकऑफ स्थल और जोत-बांगल लैंडिंग साइट दौरे के दौरान तकनीकी टीम के सदस्य।



# कैलिफोर्निया में घर में मृत मिला भारतीय मूल का कपल और उनके जुड़वां बच्चे

**एजेंसी, न्यूयार्क**

केरल का एक भारतीय मूल का परिवार अमेरिका के कैलिफोर्निया में अपने घर में मृत पाया गया है। यह हत्या-आत्महत्या का मामला माना जा रहा है। परिवार की पहचान 42 वर्षीय आनंद सुजीत हेनरी, उनकी 40 वर्षीय पत्नी एलिस प्रियंका और उनके चार वर्षीय जुड़वां बच्चे नोह और नेथन के रूप में की गई है।

पुलिस को परिवार के शव उस वक्त मिले, जब परिवार के एक रिश्तेदार ने उनके घर जाकर चेक करने का फैसला किया क्योंकि घर का कोई भी सदस्य फोन नहीं उठा रहा था। भारतीय-अमेरिकी जोड़े, आनंद और ऐलिस, बाथरूम के अंदर बंदूक की गोली के घाव के साथ मृत पाए गए। वहीं, जुड़वां बच्चों के शव बेडरूम से बरामद किए गए और उनकी मौत के कारण की जांच



पुलिस की ओर से की जा रही है। पुलिस ने कहा कि पहुंचने के बाद पुलिस को कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली और इस वजह से उन्होंने घर के आसपास तलाशी ली, लेकिन उन्हें घर में जबरन प्रवेश की कोशिश का कोई सबूत नहीं मिला। इसके बाद एक खुली खिड़की दिखने पर अधिकारी घर में घुसा और उसे चार लोगों की लाश मिली। इसमें एक व्यस्क पुरुष, एक व्यस्क महिला और दो बच्चे शामिल हैं। पुलिस ने बाथरूम से एक नौ एमएम की पिस्टल भी बरामद की है। रिकॉर्ड के मुताबिक, कपल ने 2020 में 2.1 मिलियन डॉलर में इस घर को खरीदा था।

पुलिस का प्रारंभिक आकलन संभावित हत्या-आत्महत्या का सुझाव देता है, हालांकि उन्होंने अन्य संभावनाओं से इनकार नहीं किया है। सैन मेटो पुलिस विभाग ने एक बयान में कहा कि इस समय हमारे पास जो जानकारी है, उसके आधार पर यह एक अलग घटना प्रतीत होती है, जिससे जनता को कोई खतरा नहीं है क्योंकि हमें यकीन है कि जिम्मेदार व्यक्ति घर में ही मौजूद था।

मूल रूप से यह केरल का परिवार है, जो पिछले 9 सालों से अमेरिका में रह रहा था। आनंद पेशे से सॉफ्टवेयर इंजीनियर थे और एलिस, सीनियर एनालिस्ट थीं जो दो साल पहले न्यू जर्सी से सैन मेटो में शिफ्ट हो गए थे।

# चिकनगुनिया के कारण हृदय और गुर्दे की बीमारी से बढ़ जाता है मृत्यु का खतरा

**एजेंसी, लंदन**

द लैंसेट इंफेक्शियस डिजीज में प्रकाशित नए शोध में खुलासा हुआ है कि चिकनगुनिया वायरस (सीएचआईकेवी) से संक्रमित लोगों में संक्रमण के तीन महीने बाद तक हृदय और किडनी की जटिलताओं से मौत का खतरा बढ़ जाता है। चिकनगुनिया एक वायरल बीमारी है, जो मच्छरों से इंसानों में फैलती है। आमतौर पर यह वायरस एडीज एजिप्टी और एडीज एल्बोपिक्टस मच्छरों से फैलता है, जिन्हें आमतौर पर येलो फीवर और टाइगर मच्छर के रूप में जाना जाता है। लंदन स्कूल ऑफ हाइजीन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन (एलएसएचटीएम) के शोधकर्ताओं सहित अध्ययन टीम ने 100 मिलियन ब्राजीलियाई समूह के डाटा का उपयोग करके लगभग एक लाख 50 हजार दर्ज चिकनगुनिया संक्रमणों का विश्लेषण किया।

**द लैंसेट इंफेक्शियस डिजीज में प्रकाशित नए शोध में हुआ खुलासा**

निष्कर्षों से पता चलता है कि वायरस से संक्रमित लोगों में संक्रमण की अवधि समाप्त होने के बाद भी जटिलताओं का खतरा रहता है, जो आमतौर पर लक्षण शुरू होने के बाद 14 दिनों तक रहता है। पहले सप्ताह में, संक्रमित व्यक्तियों के संपर्क में न आने वाले व्यक्तियों की तुलना में मौत की संभावना आठ गुना अधिक थी। संक्रमण के तीन महीने बाद जटिलताओं से मौत की संभावना अभी भी दोगुनी थी। टीम ने पाया कि इस्केमिक हृदय रोग और गुर्दे की बीमारियों जैसी हृदय संबंधी स्थितियों के कारण मरीजों में मृत्यु का खतरा बढ़ गया। जलवायु परिवर्तन, शहरीकरण और मानव गतिशीलता में वृद्धि के कारण एडीज जनित बीमारियों की फ्रीक्वेंसी और स्थान में वृद्धि होने का अनुमान है। ऐसे में चिकनगुनिया रोग को अब सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए बढ़ते खतरे के रूप में देखा जा रहा है। एलएसएचटीएम में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. एनी दा पैक्साओ क्रूज ने कहा कि चिकनगुनिया संक्रमण बढ़ने की आशंका के साथ, यह महत्वपूर्ण है कि स्वास्थ्य सेवाएं उन जोखिमों पर विचार करें जो संक्रमण का तीव्र चरण समाप्त होने के बाद भी बने रहते हैं। इस बीमारी से अधिकांश मरीज पूरी तरह ठीक हो जाते हैं। हालांकि, चिकनगुनिया रोग घातक साबित भी हो सकता है।



### 2023 में दुनिया में पांच लाख मामले और 400 से अधिक मौतें हुई

**संक्रमण** के बड़े पैमाने पर रिपोर्ट न होने के बावजूद 2023 में दुनिया भर में लगभग 5 लाख मामले और 400 से अधिक मौतें दर्ज की गई थीं। वर्तमान में चिकनगुनिया को रोकने के लिए कोई दवाई या संक्रमण के बाद के विशिष्ट उपचार उपलब्ध नहीं हैं। दुनिया की पहली वैक्सीन को नवंबर 2023 में अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन की ओर से मंजूर किया था। क्रूज ने कहा कि चिकनगुनिया वायरस फैलाने वाले मच्छरों के प्रसार को नियंत्रित करने के उपायों को सुदृढ़ करना आवश्यक है।

## वर्ल्ड न्यूज

### राशन वितरण भ्रष्टाचार मामले में चौथी गिरफ्तारी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के चर्चित राशन वितरण भ्रष्टाचार के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को चौथी गिरफ्तारी की है। ईडी के अधिकारियों ने एक स्थानीय व्यवसायी विश्वजीत दास को कोलकाता के उत्तरी बाहरी इलाके में सॉल्ट लेक स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया। सूत्रों के मुताबिक, दास तृणमूल कांग्रेस नेता शंकर आध्या के करीबी विश्वासपात्र हैं, जो इस राशन वितरण मामले में ईडी की ओर से गिरफ्तार किए जाने वाले तीसरे व्यक्ति थे। इससे पहले, ईडी के अधिकारियों ने मामले में पश्चिम बंगाल के मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक और व्यवसायी बकीबुर रहमान को गिरफ्तार किया था। पहले गिरफ्तार किए गए तीनों व्यक्ति फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

### उप्र में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए कांग्रेस ने बनाई आठ समितियां

**लखनऊ।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा उत्तर प्रदेश में शुक्रवार को पहुंच रही है। इसके लिए पार्टी के पदाधिकारी जन जागरण से लेकर कार्यक्रम की विभिन्न तैयारियों में जुट गए हैं। प्रदेश में इस न्याय यात्रा के संयोजक पीएल पुनिया और सह संयोजक आराधना मिश्रा की ओर से बनाई गई आठ समितियों को प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने अनुमति दे दी है। ये आठ समितियां प्रदेश में न्याय यात्रा की व्यवस्था संभालेंगी। कांग्रेस के मुताबिक, समन्वय समिति में 29 लोगों को रखा गया है।

### चित्रकूट में ऑक्सीजन सिलेंडर फटा, चार की मौत

**नई दिल्ली।** चित्रकूट में ऑक्सीजन सिलेंडर फटने से ब्लास्ट हो गया। इसमें चार लोगों की मौत और कई लोग घायल हो गए। यह ब्लास्ट बुंदेलखंड गौरव महोत्सव के दौरान हुआ। ब्लास्ट इतना तेज था कि 2-3 किलोमीटर तक धमाके की आवाज सुनाई दी। पुलिस ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया है। कई घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। सूचना के बाद डीएम और एसपी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए हैं।

### जैकलीन ने सुकेश चंद्रशेखर के खिलाफ दायर याचिका वापस ली



**नई दिल्ली।** ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ की मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज ने सुकेश चंद्रशेखर के खिलाफ दायर एक याचिका पटियाला हाउस कोर्ट से वापस ले ली है। एडिशनल सेशंस जज चंदर जीत सिंह ने जैकलीन को याचिका वापस लेने की अनुमति दी। जैकलीन ने याचिका दायर करके मीडिया को लिखे गए सुकेश चंद्रशेखर के पत्रों को अपनी गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला बताते हुए इन पत्रों को मीडिया में जारी करने पर रोक लगाने की मांग की थी। ये पत्र मीडिया के जरिये सोशल मीडिया पर भी वायरल हुए। इससे जैकलीन को मानसिक परेशानी से गुजरना पड़ा।

### लद्दाख के चुलित्से कुलुम इलाके में मिले बम के नौ गोले

**नई दिल्ली।** लेह-लद्दाख में बम के नौ गोले मिले, जिन्हें नष्ट कर दिया गया। आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा कि पार्षद सोनम थर्डोस ने खारू के चुलित्से कुलुम में गोलों की मौजूदगी की जानकारी उप-मंडल अधिकारी (एसडीएम) को दी थी। उन्होंने कहा कि एसडीएम ने इस मामले को सेना के त्रिशूल डिवीजन के समक्ष उठाया और बाद में इसके इंजीनियरों ने स्थानीय पुलिस की मौजूदगी में गोलों को निस्तारण किया।

## दुबई में मोदी बोले : सरकार का लोगों की जिंदगी में होना चाहिए कम दखल

# विश्व को समावेशी और सबको साथ लेकर चलने वाली सरकारों की जरूरत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दुबई में वर्ल्ड गवर्नमेंट्स समिट में पीएम मोदी ने कहा कि आज हर सरकार के सामने सवाल है कि वो किस अप्रोच के साथ आगे बढ़े। मेरा मानना है कि आज विश्व को ऐसी सरकारों की जरूरत है जो समावेशी हों, जो सबको साथ लेकर चलें।

पीएम मोदी ने कहा कि मैं मानता हूं कि सरकार का अभाव भी नहीं होना चाहिए और सरकार का दबाव भी नहीं होना चाहिए। बल्कि मैं तो यह मानता हूं कि लोगों की जिंदगी में सरकार का दखल कम से कम हो, यह सुनिश्चित करना भी सरकार का काम है। मोदी ने कहा कि आज हम 21वीं सदी में हैं। एक तरफ दुनिया आधुनिकता की तरफ बढ़ रही है, तो पिछली सदी से चले आ रहे चैलेंजेस भी उतने ही व्यापक हो रहे हैं। खाद्य सुरक्षा हो, स्वास्थ्य सुरक्षा हो, जल सुरक्षा हो, ऊर्जा सुरक्षा हो, शिक्षा हो, समाज को समावेशी बनाना हो, हर सरकार अपने नागरिकों के प्रति अनेक दायित्वों से बंधी हुई है। दुबई में वर्ल्ड गवर्नमेंट्स समिट में पीएम मोदी ने कहा कि दुबई जिस तरह से वैश्विक अर्थव्यवस्था, वाणिज्य और प्रौद्योगिकी का वैश्विक केंद्र बन रहा है, वह बहुत बड़ी बात है।





### भारत अपनी अलग अप्रोच से क्लाइमेट चेंज से डील करता है

**मोदी** ने कहा कि क्लाइमेट चेंज से डील करने की भारत की अपनी अप्रोच है। भारत आज सोलर, ग्रीन और हाइड्रोजन के साथ बायो फ्यूल पर काम कर रहा है। हमारी संस्कृति सिखाती है कि प्रकृति से जितना मिला है, उतना लौटाना भी चाहिए।

### भारत के बड़ी भूमिका निभाने से आईईए को होगा फायदा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) की मंत्रिस्तरीय बैठक को वर्चुअली संबोधित करते हुए समावेशिता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भारत के इसमें बड़ी भूमिका निभाने से आईईए को फायदा होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि समावेशिता किसी भी संस्थान की विश्वसनीयता और क्षमता को बढ़ाती है। 1.4 अरब भारतीय प्रतिभा, प्रौद्योगिकी और नवाचार के साथ तैयार हैं। हम प्रत्येक मिशन में पैमाना और गति, मात्रा और गुणवत्ता लाते हैं। प्रधानमंत्री ने आईईए की मंत्रिस्तरीय बैठक के सफल होने की कामना की और कहा कि हमें एक स्वच्छ, हरित और समावेशी विश्व का निर्माण करना है। जलवायु परिवर्तन के प्रति देश की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में विश्व की 17 प्रतिशत आबादी है। हम बिजली उपलब्ध कराने की दुनिया की कुछ सबसे बड़ी पहल चला रहे हैं। हमारा कार्बन उत्सर्जन वैश्विक उत्सर्जन का चार प्रतिशत ही है। हमारा एक सामूहिक और सक्रिय दृष्टिकोण है।

# नौसेनाओं का अभ्यास 'मिलन' चीन के खिलाफ नहीं : तरुण

- अभ्यास में 35 युद्धपोत, पनडुब्बियां और 50 विमान लेंगे हिस्सा
- समुद्री गतिविधि में मित्र देशों को एक मंच पर लाने का है प्रयास



**एजेंसी, नई दिल्ली**

**नौसेना** के उपप्रमुख वाइस एडमिरल तरुण सोबती ने बहुपक्षीय नौसेना अभ्यास 'मिलन' को लेकर स्पष्ट किया कि हमारा संदेश चीन के खिलाफ नहीं है। उन्होंने कहा कि इसमें हिस्सा लेने वाले 50 से अधिक देश अगर एकजुट होकर काम करेंगे तो हम समुद्र की चुनौतियों का सामना कर सकते हैं। यही कारण है कि हम विभिन्न देशों को एक साथ आने और अभ्यास में भाग लेने के लिए एक मंच देना चाहते हैं।

वाइस एडमिरल तरुण सोबती बुधवार को विशाखापट्टनम में 19 से 27 फरवरी तक होने वाले बहुपक्षीय नौसेना अभ्यास 'मिलन' के 12वें संस्करण के बारे में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। वह समुद्री तकनीकी प्रदर्शनी का भी उद्घाटन करेंगे। बहुपक्षीय समुद्री अभ्यास में 50 से अधिक देश भाग लेंगे। मित्र देशों के 35 युद्धपोत, पनडुब्बियां और 50 विमान हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि समुद्री अभ्यास में हिस्सा लेने वाले सभी देशों के चीन के साथ अपने-अपने संबंध हैं, इसलिए मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि हमारा संदेश चीन के खिलाफ नहीं है।

# 12 मई को खुलेंगे बद्रीनाथ धाम के कपाट

**एजेंसी, देहरादून**

उत्तराखंड के चमोली जिला स्थित विश्व प्रसिद्ध बद्रीनाथ धाम के कपाट आगामी 12 मई (रविवार) को प्रात: 6 बजे खुलेंगे। राजदरबार नरेंद्र नगर में आयोजित धार्मिक समारोह में बुधवार को बसंत पंचमी को पूजा-अर्चना और पंचांग गणना के पश्चात विधि-विधान से यात्रा वर्ष 2024 के लिए कपाट खुलने की तिथि की घोषणा की गई, जबकि तेल-कलश यात्रा की भी तिथि 25 अप्रैल को तय हुई है। इस दौरान राजमहल में कई विशिष्टजन एवं बड़ी संक्ष्या में श्रद्धालुगण मौजूद रहे। टिहरी राजदरबार नरेंद्र नगर में सुबह प्रात: से कपाट खुलने की तिथि घोषित करने के लिए कार्यक्रम शुरू हुआ।

महाराजा मनुज्येंद्र शाह, सांसद रानी माला राज्यलक्ष्मी शाह सहित बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर (बीकेटीसी) अध्यक्ष अजेंद्र अजय, राजकुमारी शिरजा शाह की उपस्थिति में पंचांग गणना के पश्चात राजपुरोहित आचार्य कृष्ण प्रसाद उनियाल ने तिथि तय कर महाराजा के सम्मुख रखी। तत्पश्चात महाराजा मनुज्येंद्र शाह ने कपाट खुलने की तिथि की विधिवत घोषणा की। इस दौरान राजमहल परिसर जय बद्री विशाल के उद्घोष से गूंज उठा।



## सपा नहीं छोड़ी है, सिर्फ पार्टी महासचिव पद से इस्तीफा दिया : स्वामी प्रसाद



**लखनऊ।** पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि उन्होंने समाजवादी पार्टी नहीं छोड़ी है, सिर्फ पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पद से इस्तीफा दिया है। आगे का फैसला पार्टी मुखिया अखिलेश यादव को लेना है। अखिलेश के निर्णय के बाद ही वह कोई निर्णय लेंगे। मौर्य सपा से विधानपरिषद सदस्य हैं।

मौर्य ने पत्रकार वार्ता में किसी नेता का जिक्र किए बिना कहा कि छोटे नेता मेरे बयान को निजी बताते हैं। इनकी कोई हैसियत नहीं वो अनर्गल टिप्पणी करते हैं। यह ठीक नहीं है। सपा मुख्यालय में शालिग्राम पूजा के सवाल पर मौर्य ने कहा कि इससे उनका कोई सरोकार नहीं है। उल्लेखनीय है कि मंगलवार शाम को मौर्य ने सोशल मीडिया के जरिए एक पत्र जारी कर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पद से इस्तीफा दिए जाने की जानकारी दी थी। इसके पीछे सपा विधायक मनोज पांडेय की उनके खिलाफ की गई तल्ख टिप्पणी को माना जा रहा है। वहीं, लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर पार्टी नेताओं के बीच अंतर्कलह से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

# घरेलू शेयर बाजार में गिरावट सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़के

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**कमजोर** ग्लोबल संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार में गिरावट दर्ज की है। बुधवार को कारोबार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद बिकवाली के दबाव के कारण ये गिरावट और बढ़ गई। हालांकि पहले आधे घंटे के कारोबार के बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाया, जिससे शेयर बाजार की स्थिति में मामूली सुधार होता नजर आया। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.62 प्रतिशत और निफ्टी 0.56 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे।

शुरुआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से आयशर मोटर्स, बजाज ऑटो, कोल इंडिया, बीपीसीएल और अडाणी एंटरप्राइज के शेयर 1.66 प्रतिशत से लेकर 1.10 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर इंफोसिस, टेक महिंद्रा, एलटी माइंडट्री, एचडीएफसी बैंक और सिप्ला के शेयर 2.33 प्रतिशत से लेकर 1.65 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,007 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,015 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 992 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से सात शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे।



### सेंसेक्स 519.94 अंक टूट कर 71,035.25 अंक के स्तर पर खुला

बीएसई का सेंसेक्स 519.94 अंक टूट कर 71,035.25 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण इस सूचकांक ने 745.35 अंक की गिरावट के साथ 70,809.84 अंक तक गोता लगा दिया। हालांकि इसके बाद बाजार में खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाने की कोशिश की, जिसकी वजह से इस सूचकांक की स्थिति में कुछ सुधार होता नजर आया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 442.98 अंक की कमजोरी के साथ 71,112.21 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

### सुप्रीम कोर्ट ने उमर खालिद को जमानत याचिका वापस लेने की दी इजाजत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पूर्व जेएनयू छात्र और कार्यकर्ता उमर खालिद को अपनी जमानत याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी। खालिद दिल्ली दंगों से संबंधित एक यूएपीए केस में सलाखों के पीछे हैं। खालिद की ओर से पेश होते हुए वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की अध्यक्षता वाली पीठ से परिस्थितियों में बदलाव के कारण जमानत याचिका को वापस लेने की बात कही। सिब्बल ने कहा कि खालिद निचली अदालत में जमानत के लिए नए सिरे से आवेदन करेंगे। हालांकि, वरिष्ठ वकील ने पीठ से यूएपीए के प्रावधानों की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली खालिद की याचिका पर फैसला करने का अनुरोध किया।
दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस सिद्धार्थ मृदुल और रजनीश भटनागर की पीठ ने 18 अक्तूबर, 2022 को नियमित जमानत की मांग की खालिद की अपील को खारिज कर दिया था, जिसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी।

## अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

(15 फरवरी, 2024)

**विक्रमी संवत** : 2080, **शक संवत** :1945 (शोभकृत), **मास** : माघ, **तिथि** : **षष्ठी (10:15)**: **नक्षत्र** : अश्विनी (09:26), **पक्ष** : शुक्ल (05:21), करण: तैतिल (10:15) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित, राहुकाल 01:59 - 03:23

### विशेष दिन

- 15 फरवरी 2017 को इसरो ने एक साथ रिकॉर्ड 104 सैटेलाइट लांच करके इतिहास रचा।
- 16 फरवरी : रथ सप्तमी कल।

**मेष** : सभी तनावों को भूलकर प्रसन्न रहने की कोशिश करें। कोई बड़ा खर्च होने की आशंका है। कार्यस्थल पर व्यस्तता रहेगी। जल्दबाजी से हानि संभव है।

**वृषभ** : कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। भय, पीड़ा, चिंता व तनाव रहेंगे। संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। धनलाभ होगा। संतान की नौकरी लगने से मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन** : अपनी गलतियों के नजरअंदाज न करें, व्यावसायिक नई योजना बनेगी। कार्यपद्धति में सुधार से लाभ बढ़ेगा। घर-बाहर दोनों जगह पूछ-परख रहेगी।

**कर्क** : कारोबार में मंदी की वजह से परेशान रहेंगे। शत्रु सक्रिय रहेंगे। थकान रहेगी। धार्मिक आस्था में वृद्धि होगी। चिंता और तनाव रहेंगे। कार्य सिद्धि होगी।

**सिंह** : जल्दबाजी में हानि से बचें। परिवार में चिंता व तनाव रहेंगे। कार्यस्थल पर विवाद से बचें। वाहन, मशीनरी व अग्नि के प्रयोग में सावधानी रखें।

**कन्या** : आपकी वाक्शैली से लोग प्रभावित होंगे। माता से अकारण वाक युद्ध होगा। यात्रा सफल रहेगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। राजकीय बाधा दूर होगी।

**तुला** : पिता के साथ किसी जरूरी विषय पर चर्चा होगी। पुराना धन मिल सकता है। रुके कार्य पूर्ण होंगे। संतान के विवाह संबंधित समस्या रहेगी।

**वृश्चिक**: किसी की सुनी सुनाई बातों पर ध्यान न दें। दोस्तों के साथ मन-मुटाव होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। पार्टी-पिकनिक का आनंद मिलेगा।

**धनु** : निवेश से लाभ होगा। वाणी पर नियंत्रण रखें, नहीं तो बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। दुःखद समाचार मिल सकता है। कार्य की अधिकता से निजी कार्य प्रभावित होंगे।

**मकर** : कभी-कभी ज्यादा होशियारी भी नुकसान देती है। कार्यस्थल पर किसी अधिकारी से संबंधों में मजबूती आएगी। विवाह के लिए किये प्रयास सफल होंगे।

**कुंभ** : परिजनों से शुभ समाचार मिलेगा। आत्मसम्मान बढ़ेगा। शत्रु परास्त होंगे। आपके अपने आपके विरुद्ध षड्यंत्र रचेंगे। विवाद से बचें, बच्चों के विवाह की चिंता रहेगी।

**मीन** : अपने व्यवहार से सभी अधिकारियों का दिल जित लेंगे। जीवनसाथी की चिंता रहेगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बेरोजगारी दूर हो सकती है, प्रयास करें।

**श्रद्धांजलि** | पुलवामा हमले के पांच साल होने पर पीएम नरेंद्र मोदी ने शहीद जवानों को अर्पित की श्रद्धांजलि

# भारत ने पाकिस्तान को सिखाया था सबक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**पुलवामा** हमले को आज पांच साल हो गए। पूरा देश इस हमले में जान गंवाने वाले जवानों को श्रद्धांजलि दे रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी ने भी पुलवामा में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

उन्होंने कहा कि हमारे राष्ट्र के लिए उनकी सेवा और बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा। बता दें कि पाकिस्तानी आतंकियों ने आज ही के दिन कायराना हरकत को अंजाम दिया था, जिसमें हमारे 40 वीर सपूतों शहीद हो गए थे, जबकि कई जवान घायल भी हुए थे। इस आत्मघाती हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने



ली थी। इसके बाद भारत ने पाकिस्तानी के आतंकियों की इस कायराना हरकत का 12 दिन के अंदर बालाकोट एयर स्ट्राइक करके मुंहतोड़ जवाब दिया था। 26 फरवरी की रात को भारतीय वायुसेना के मिराज-2000 जेट फाइटर पाकिस्तान की सीमा में घुसे और बालाकोट में स्थित जैश-ए-मोहम्मद के ठिकानों पर बम बरसाकर उनके ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। 14 फरवरी 2019 को जम्मू से श्रीनगर के लिए सीआरपीएफ का काफिला बसों से जा रहा था। इस काफिले में 2500 से अधिक जवान शामिल थे। दहशतगर्दों के पास सेना के इस काफिले की खबर थी।

### मोदी सरकार ने एयरस्ट्राइक कर लिया था बदला

**केंद्र** की मोदी सरकार ने पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए तैयारी की। 14 फरवरी को पुलवामा अटैक को लेकर सुरक्षा मामलों पर कैबिनेट कमेटी की बैठक हुई। इसमें पीएम मोदी को पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए रणनीति बनाई गई। पाकिस्तान को अंदाजा नहीं था कि इस बार भारत हवाई एयर स्ट्राइक करने जा रहा है। इस एयर स्ट्राइक की जिम्मेदारी एनएसए अजीत डोभाल को दी गई। अजीत डोभाल ने एयर चीफ मार्शल बीएस धनोआ के साथ मिलकर पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकियों के ठिकानों को नेस्तनाबूद करने के लिए एयर स्ट्राइक की रणनीति बनाई।

### जैश-ए-मोहम्मद के कई ठिकानों को किया ध्वस्त

पुलवामा हमले के ठीक 12 दिन बाद भारतीय वायुसेना ने बालाकोट में मौजूद जैश-ए-मोहम्मद के कई ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। पाकिस्तान को इस एयर स्ट्राइक की भनक भी नहीं लगी। ज्ञात हो कि मोदी सरकार ने इससे पहले उड़ी हमले के जवाब में सर्जिकल स्ट्राइक की थी। भारत ने पाकिस्तान में घुसकर कई आतंकियों को मार गिराया था।

## सुरक्षा घेरा कड़ा, किसानों के लिए दिल्ली अभी दूर

**किसानों** का आंदोलन दिन-ब-दिन रंगत लेता जा रहा है, लेकिन दिल्ली उनके लिए अभी भी दूर है। हर बॉर्डर सील कर सुरक्षा घेरा इतना कड़ा कर दिया गया है कि उनके लिए दिल्ली में प्रवेश करना कठिन हो गया है। घंटों लंबे जाम लग रहे हैं। मेट्रो स्टेशनों पर एंट्री में भी दिक्कत पेश आ रही है।

दिल्ली चलो का नारा देकर आंदोलन करने वाले किसान अभी दिल्ली तक पहुंच नहीं पाए हैं। शंभू बॉर्डर पर किसानों और पुलिस के बीच भिड़ंतों का सिलसिला जारी है। सिंघु, टिकरी समेत अन्य बॉर्डरों पर निगरानी बढ़ा दी गई है। सिंघु बॉर्डर पर भारी बैरिकेडिंग की गई है। टिकरी बॉर्डर पर पुलिस चेकिंग और बैरिकेडिंग के बीच वाहनों की दो किलोमीटर से ज्यादा लंबी कतारें लग गई हैं। सीमावर्ती क्षेत्रों की निगरानी के लिए ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों का उपयोग किया जा रहा है। गुरुग्राम-दिल्ली नेशनल हाई-वे तथा गाजीपुर बॉर्डर पर भी हाल बेहाल हैं।

पुलिस ने लिंक सड़कों को बंद कर दिया है। कई किसान संघों ने फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी देने वाले कानून की मांग को लेकर विरोध-प्रदर्शन का आह्वान कर रखा है। किसानों के इस कूच में ज्यादार संघ उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब से हैं। दरअसल, दो साल पहले दिल्ली के बॉर्डर पर धरने पर बैठे किसानों का आंदोलन इतना मुखर हो गया था कि नरेंद्र मोदी सरकार को कृषक उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सरलीकरण) कानून -2020, कृषक (सशक्तीकरण व संरक्षण) कीमत आश्वासन और कृषि सेवा पर करार कानून 2020 और आवश्यक वस्तुएं संशोधन अधिनियम 2020 को रद्द करना पड़ा था।

किसानों को डर था कि सरकार इन कानूनों के जरिए कुछ चुनिंदा फसलों पर मिलने वाले न्यूनतम समर्थन मूल्य देने का नियम खत्म कर सकती है और खेती-किसानी के कॉरपोरेटाइजेशन (निगमीकरण) को बढ़ावा दे सकती है। इसके बाद उन्हें बड़ी एग्री-कमोडिटी कंपनियों का मोहताज होना पड़ेगा। इन कृषि कानूनों के रद्द होने के बाद किसानों ने भी अपना आंदोलन वापस ले लिया था।

इस दौरान सरकार ने उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी देने का वादा किया था। इसके साथ ही उनकी कुछ और मांगों को भी पूरा करने का वादा किया गया था। सरकार ने कमेटी भी बनाई थी। हाल ही में सरकार और किसानों के बीच दो दौर की बातचीत हुई, जो बेनतीजा रही।

इसके बाद ही किसान संगठनों ने यह दिल्ली कूच का फैसला लिया है। खैर, उम्मीद की जानी चाहिए कि किसानों के साथ सरकार की शीघ्र कोई बातचीत हो जाए और यह मसला शांत हो जाए, लेकिन अभी तक सरकार सिर्फ किसानों से बातचीत की बात तो कर रही है, लेकिन बात नहीं कर रही है।

# गांवों से शहरों की ओर पलायन का क्या है समाधान !



हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर



**गांवों** से शहरों की ओर पलायन आज के परिप्रेक्ष्य में आम धारणा बन चुका है क्योंकि अधिकांश गांवों से शहरों की ओर हो रहा पलायन हिमाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में देखने को मिलता है, जिस पलायन के अनेक कारण अलग-अलग क्षेत्रों में देखने को मिलते हैं, इसी पलायन का एक उदाहरण जिला सिरमौर के दुर्गम क्षेत्र शिलाई विधानसभा से भी देखने को मिलता है, जहां पिछले अनेक वर्षों से गांव से शहरों की ओर हो रहा पलायन एक बड़ी समस्या बनकर उभरी है, आलम यह है कि अधिकांश गांवों के लोग विभिन्न शहरों की ओर रुख करते जा रहे हैं।

सबसे बड़ा जो कारण बताया जाता है, वह है क्षेत्र में बेहतर शिक्षा का अभाव। बेहतर शिक्षा के अभाव में विभिन्न गांवों से लोगों द्वारा शहरों की ओर पलायन का कारण माना जाता है जबकि इस विकट समस्या के साथ एक बड़ी समस्या यह भी मानी जाती है कि महंगाई के इस दौर में शिलाई विधानसभा में रोजगार के कोई विशेष संसाधन उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं, जिसके कारण मजबूरन आम लोगों को विभिन्न शहरों जैसे पांवटा साहिब, नाहन, शिमला इत्यादि शहरों की ओर मजबूरन रुख अख्तियार करना पड़ता है, क्योंकि समय के साथ-साथ परिवर्तन भी देखने को मिलता है, तो वहीं अगर शिलाई के क्षेत्र में निजी व्यवसाय और कृषि बागवानी की ओर रुख अख्तियार किया जाए और सरकार इन विषयों पर आर्थिक सहयोग करे तो निसंदेह क्षेत्र के कृषकों और बागवानों को रोजगार के अवसर मिल सकते हैं, क्योंकि आज सरकारों को हर व्यक्ति को सरकारी नौकरी प्रदान करना भी एक बहुत बड़ी चुनौती है, तो अगर युवाओं द्वारा सरकारी नौकरी की तरफ रुख न करके स्वरोजगार प्राप्त करने की तरफ प्रयास किया जाएं तो भविष्य में हम बहुत जल्द आत्मनिर्भर भी बन सकते हैं और वहीं विभिन्न विभागों में हो रहा निजीकरण एक बड़ी समस्या है परंतु सबसे बड़ी चुनौती यह भी है कि गिरिपार के अनेकों क्षेत्रों में आज भी पानी की उपलब्धता सिंचाई योजनाओं और खेतीबाड़ी के लिए भरपूर मात्रा में उपलब्ध नहीं हो पा रही है। इसके परिणामस्वरूप किसानों को उनकी मेहनत के अनुसार वह लाभ प्राप्त नहीं हो पा रहे, जिसकी उनको इस समय दरकार है, तो वहीं दूसरी ओर एक दूसरे को देखकर भी युवाओं का पलायन हो रहा है कि अगर कोई व्यक्ति रोजगार और बच्चों को बेहतर शिक्षा के लिए रुख कर रहा है तो उनके अंदर भी कहीं न कहीं उसी राह पर प्रयास कर रहे हैं, जबकि अनेक परिवारों के पास गांव में भरपूर मात्रा में पानी की उपलब्धता, उपजाऊ जमीन, सभी संसाधन उपलब्ध है परंतु एक-दूसरे को देखकर भी लोगों का रुख शहरों की ओर कहीं ना कहीं पलायन हो रहा है, तो वहीं दूसरी ओर क्षेत्र में एक ऐसा सूनापन भी बनता जा रहा है जिसकी रोनक और चकाचौंध बच्चों, बुजुर्गों और युवाओं से गांवों गांवों में रहती थी।

आज आलम यह हो गया है कि गांव में बेशकीमती मकानों और उपजाऊ जमीन और बुजुर्गों के जैसे आंसू निकल रहे हैं और अनेक घरों में मात्र बुजुर्गों के द्वारा घरों में पहरा दिया जा रहा है, तो वहीं दूसरा कारण यह भी है कि शिलाई विधानसभा के विभिन्न विभागों में कार्यरत अधिकांश कर्मचारी शिलाई में न रहकर पांवटा, नाहन शिमला इत्यादि शहरों की ओर अपनी सेवाएं देना उचित समझ रहे हैं, तो वहीं अपने परिवार और बच्चों को भी सरकारी स्कूलों की वजाय प्राइवेट स्कूलों में दाखिला ले रहे हैं जबकि वे खुद सरकारी स्कूलों में शिक्षा प्रदान कर रहे हैं, जो कि उन तमाम कर्मचारियों को भी सोचने और समझने की परम आवश्यकता है कि अगर गांव में स्थानीय कर्मचारी क्षेत्र में सेवाएं नहीं प्रदान करेंगे, तो अन्य जिलों से आए कुछ कर्मचारियों से इस समस्या का समाधान नहीं हो सकता, क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में कर्मचारियों का हमेशा अभाव रहता है, तो वहीं दशकों से स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी सबसे बड़ी चुनौती और समस्या यही उत्पन्न हो रही है कि स्थानीय कर्मचारी शहरों की ओर रुख कर रहा है, तो उन तमाम जनप्रतिनिधियों के द्वारा स्थानीय कर्मचारियों से भी समय-समय पर आह्वान किया जाता है कि वे शहरों की ओर न जाकर अपने क्षेत्र में ही सेवाएं प्रदान करें, क्योंकि पलायन का यह भी एक बड़ा कारण माना जाता है तो वहीं कर्मचारियों के इस विषय पर अपने अपने तर्क-वितर्क रहते हैं, इसलिए आज इस गंभीर विषय पर गहन चिंतन और मंथन करने की परम आवश्यकता है। जैसा कि विदित है कि केंद्र सरकार द्वारा गिरिपार को एक बहुत बड़ी सौगात (जनजाति) के रूप में प्रदान की है जिस गिरिपार को उसकी भौगोलिक स्थिति, यहां के अनोखे रीति-रिवाज, पहाड़ी भाषा, सराहनीय संस्कृति, सभ्यता, खानपान, पहाड़ी व्यंजनों, वेशभूषा इत्यादि अनेक प्रकार की अलग पहचान कायम है। इन सभी खूबियों का औचित्य तभी है, अगर गिरिपार से किसी न किसी रूप से पलायन होने से बच पाए तो वहीं समय के साथ-साथ आज संयुक्त परिवारों का विखराव भी कहीं न कहीं कारण बनता जा रहा है।

पूर्व में संयुक्त परिवारों और गांवों में मिल-जुलकर काम किया जाता था और अपनी उपजाऊ जमीन और खेतीबाड़ी को आसानी से किया जाता था, परंतु वर्तमान में अब संयुक्त परिवार नामात्र के रह चुके हैं, जोकि जीवन की भागमभाग में व्यस्त हैं और जिसके कारण खेतीबाड़ी की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस समस्या के अनेक कारण और तर्क-वितर्क रहते हैं, तो वहीं क्षेत्र के बुद्धिजीवियों की पीड़ा, प्रयास और तर्क हमेशा रहता है कि अपनी मिट्टी, अपनी पहचान, अपने वजूद से कभी दूर नहीं जाना चाहिए और आज के युवाओं को इस गंभीर विषय पर सोचने और चिंतन करने की परम आवश्यकता है क्योंकि उन तमाम बुद्धिजीवियों ने अपनी मेहनत, संघर्ष, त्याग और समर्पण से अपने गांवों में घर, जमीन, रीति-रिवाज, संस्कृति, सभ्यता, वेशभूषा, भाईचारे को स्थापित किया है, उसी दर्द और समस्या से आज गिरिपार का बुद्धिजीवी वर्ग बहुत ही चिंतित और दुखी हैं कि शिलाई जैसे क्षेत्रों से भारी संख्या में दिन-प्रतिदिन पलायन होता जा रहा है।

इसमें क्षेत्र के अनेक बुद्धिजीवियों और बुजुर्गों से जानने का प्रयास किया, तो यही पीड़ा देखने और सुनने को मिल रही है कि हमारे क्षेत्र में रोजगार के संसाधन जैसे लघु उद्योग इत्यादि के माध्यम से रोजगार अनेक संसाधन उपलब्ध करवाया जाएं जिसमें कि वर्तमान विधायक और प्रदेश सरकार में उद्योग एवं श्रम रोजगार मंत्री ठाकुर हर्षवर्धन चौहान से उम्मीद है कि शिलाई विधानसभा में विभिन्न प्रकार के स्वरोजगार देने का प्रयास करें तो वहीं अच्छी शिक्षा व्यवस्था, सिंचाई योजनाओं की उपलब्धता, अच्छी स्वास्थ्य व्यवस्था हो, लोगों को शहरों की ओर रुख न करना पड़े। सुविधाएं और रोजगार के संसाधन उपलब्ध हो जाएं तो संभव है कि इस गंभीर समस्या से भविष्य में कुछ राहत मिल सके।

## नजरिया: कतर से भारतीय नौसैनिकों की रिहाई, भारतीय कूटनीति रंग लाई



लेखक : आरके सिन्हा
(वरिष्ठ संपादक, पूर्व सांसद)

**कतर** की जेल में बंद भारतीय नौसैनिकों की 18 महीने बाद जेल से रिहाई की सोमवार को जैसे ही खबर आई, तो सारा देश ही झूम उठा। कुछ समय पहले इन अधिकारियों की मौत की सजा को अलग-अलग अवधि की जेल की सजा में बदल दिया गया था। तब देश को कम से कम यह संतोष तो था कि चलो हमारे नागरिकों की जान तो बच गई, पर देश यह भी प्रार्थना कर रहा था कि कतर की जेल में बंद भारतीय नागरिक रिहा होकर सकुशल देश वापस आ जाएं। बेशक, इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की विदेश नीति की बड़ी सफलता ही माना जाएगा कि कतर से फांसी की सजा घोषित हुए नागरिकों की रिहाई हो गई। वे सभी सकुशल और ससम्मान जनक तरीके से भारत की धरती पर वापस लौट आए।

इस तरह से भारत की कुशल विदेश नीति को सारे संसार ने देखा और दांतों तले उंगलियां दबाकर आश्चर्य से देखते ही रह गए। अमूमन अरब देशों के शेख सामान्य तौर पर जासूसी के आरोप में सजा प्राप्त लोगों की सजा माफ नहीं करते हैं। केंद्र में मोदी सरकार के 2014 में गठन के बाद से भारत के अरब देशों के साथ संबंध लगातार सुधर रहे हैं। उसी के सार्थक परिणाम को भारतीय नौसैनिकों की रिहाई और घर वापसी के रूप में देखा जाना चाहिए। अब अबुधाबी में सनातन संस्कृति का भव्य मंदिर भी दुनिया देखेगी। 'अगर मोदी जी नहीं होते तो हम हिंदुस्तान की सरजमीं पर आज नहीं खड़े हो पाते'। अपनी रिहाई से खुश एक नौसैनिक ने भारत आने पर भारत मां की जय बोलते हुए कहा कि यदि नरेंद्र मोदी ने खुद हस्तक्षेप नहीं किया होता तो आज हमारी रिहाई संभव नहीं थी। यह बड़ी उपलब्धि भारत के शक्तिशाली नेतृत्व का प्रभाव प्रमाण है। यह कूटनीतिक जीत 140 करोड़ देशवासियों की जीत है।

आप कह सकते हैं कि अब विदेश मंत्रालय हमेशा सक्रिय रहता है। अगर संकट भारत से बाहर रहने वाले भारतीयों पर आता है, तो फिर इसके काम करने की गति कई गुना बढ़ जाती है।

## अंदाज-ए-बयां

### मेरे अपने

*मेरे अपने तुमको*
*कब से पुकारा मैंने*
*कभी सूरज को चाहा*
*कभी चंदा को निहारा मैंने*
*बहुत प्रयास*
*बाद कहीं दिखे हो*
*वैसी ही रहस्य*
*मुस्कान संग*
*जैसे कि चंद्र*
*तुम मुस्कुराए*
*आज दृष्टि मिलने के बाद*
*इतना माधुर्य समेटे हो*
*आज भी तुम*
*निज पलकों के साए*
*आंखों की झीलों में*
*कहीं इस जीवन को*
*ऊर्जा मिली जो*
*इनमें ही छुप गई थी*
*बहुत पहले*
*आओ न सदा का*
*याचक हूं तुम्हारा*
*तुमको तुमसे ही*
*मांगता हूं पुनः*
*कि तुमको पाकर*
*मेरे कोष में कोई*
*रिक्ति न रहेगी शेष*
*परिपूर्ण हो जाऊंगा*
*तुष्ट तृप्त होकर*
*मैं नहीं रहूंगा फिर मैं,*
*तुम ही हो जाऊंगा।*

राजेंद्र पॉल
सुंदरनगर, मंडी

## समान नागरिक संहिता पर केंद्रीय कानून की जरूरत, मुसलमानों को नहीं किया जा रहा टारगेट



डॉ. अनिल कुमार निगम
लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार

**समान** नागरिक संहिता बनाने के मामले में उत्तराखंड सरकार ने जिस तरीके से पहल की है, उससे हम सब के जेहन में एक अहम सवाल यह है कि क्या केंद्र की एनडीए सरकार इस पर कानून बनाकर संपूर्ण देश में लागू कर सकती है? अब देश के अन्य राज्यों ने भी इस पर कानून बनाने की योजना बनानी शुरू कर दी है। अगर हर राज्य समान नागरिक संहिता पर अलग-अलग कानून बनाते हैं, तो उससे जो संसद द्वारा कानून बनाए गए हैं, मसलन तलाक, उत्तराधिकार अधिनियम, विवाह जैसे अधिनियमों का क्या होगा? ऐसी स्थिति में केंद्र और राज्य सरकारों के कानूनों को लेकर भ्रम की स्थिति पैदा हो जाएगी, इसलिए आवश्यक है कि केंद्र सरकार समान नागरिक संहिता के मामले पर अपनी चुप्पी तोड़े।

उत्तराखंड में भाजपा की सरकार है। उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता को लागू करने का मुद्दा भाजपा के घोषणा पत्र का हिस्सा रहा है। इसलिए सवाल उठना लाजमी है कि क्या भाजपा लोकसभा चुनाव में स्पष्ट बहुमत मिलने के बाद समान नागरिक संहिता पर कानून बनाकर इसे पूरे देश में लागू करेगी? सवाल यह भी है कि अगर केंद्र सरकार ने देश में अपराधों को रोकने के लिए अलग कानून बनाए, तलाक के मामले में कानून बनाया, नकल रोकने के लिए संसद कानून बना रही है, तो फिर समान नागरिक संहिता पर प्रदेश स्तर पर कानून बनाने का क्या औचित्य है? उत्तराखंड मंत्रिमंडल ने चार फरवरी 2024 को समान नागरिक संहिता के मसौदे को मंजूरी दे दी। उत्तराखंड मंत्रिमंडल की मंजूरी मिलने के वहां की विधानसभा ने भी इसे पारित कर दिया। राज्यपाल की मंजूरी के बाद इस पर राष्ट्रपति की मंजूरी लेना आवश्यक होगा और उनकी मंजूरी मिलने के बाद यह कानून बन जाएगा। इस बिल के कानून बनने के बाद उत्तराखंड समान नागरिक संहिता लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन जाएगा। उत्तराखंड में इस बिल के पेश होते ही देश में तुष्टिकरण की नीति पर चलने वाले कुछ सियासी दलों ने बवाल मचाना शुरू कर दिया है। इस मामले में सियासी दल मुसलमानों को भड़काने की कोशिश कर रहे हैं कि यह कानून मुसलमानों को टारगेट करने के लिए बनाया जा रहा है, जबकि यह पूरी तरह से भ्रामक तथ्य है। इसका उद्देश्य सभी धर्म और जातियों के नागरिकों में लैंगिक असमानता को समाप्त करना है।

समान नागरिक संहिता को अगर पूरे देश में लागू किया जाता है तो सभी धार्मिक और आदिवासी समुदायों पर उनके व्यक्तिगत मामलों जैसे संपत्ति, विवाह, विरासत और गोद लेने आदि में लागू होगा। इसका मतलब यह है कि हिंदू विवाह अधिनियम (1955), हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम (1956) और मुस्लिम व्यक्तिगत कानून आवेदन अधिनियम (1937) जैसे धर्म पर आधारित मौजूदा व्यक्तिगत कानून भंग हो जाएंगे। उल्लेखनीय है कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 के मुताबिक, 'राज्य भारत के पूरे क्षेत्र में नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता को सुरक्षित करने का प्रयास करेगा। यानी संविधान सरकार को सभी समुदायों को उन मामलों पर एक साथ लाने का निर्देश दे रहा है, जो वर्तमान में उनके संबंधित व्यक्तिगत कानूनों द्वारा शासित है।

## बालश्रम की भट्ठी में झुलसता देश का भविष्य ?



नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

**बालश्रम** की समस्या हमारे देश में नई नहीं है। यह समस्या बेहद गंभीर स्थिति में पहुंच चुकी है। देश में बाल मजदूरों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है। जिन बच्चों के हाथों में किताब, कॉपी, पैंसिल होनी चाहिए, वे हाथ जोखिम उठा रहे हैं, मजदूरी कर रहे हैं, गैंती-बेलचा चला रहे हैं। नन्हे हाथों में छाले आ जाते हैं, जब ये मजदूरी करते हैं। समझ नहीं आता कि जिनके अभी खेलने-कूदने के दिन हैं, वे ऐसे काम करते हैं कि रुह कांप उठती है।

देश में समय पर बाल मजदूरी के हजारों मामले प्रकाश में आते रहते हैं। देश में बाल मजदूरी के आंकड़े चौंकाने वाले हैं। प्रतिदिन कहीं न कहीं बाल मजदूरों को रिहा करवाया जाता है। चाय की दुकानों, ढाबों, होटलों, उद्योगों और घरों में भी 18-18 घंटे काम लिए जाने की घटनाएं तो आम हैं हीं, इन्हें इसके बदले दिया जाने वाला मेहनतनामा भी कम होता है। प्रतिदिन देश में बाल मजदूरों को रिहा करवाया जाता है। अगर इस पर सख्त कानून बनाया जाए तो यह बाल मजदूरी पर रोक लग सकती है। देश का भविष्य कहलाले वाले इन नौनिहालों के साथ अमानवीय व्यवहार किया जाता है, यह किसी भी सभ्य समाज और कानून में मान्य नहीं होना चाहिए। बेशक देश आजाद हो चुका है, मगर देश का आधार माने जाने वाले बच्चे आज भी बाल मजदूरी की जजीरों से आजाद नहीं हो पाए हैं। बाल मजदूरों का शोषण किया जा रहा है। बालश्रम की भट्ठी में बचपन झुलस रहा है, मगर जनता के मसीहा बेखबर हैं।

प्रत्येक वर्ष 14 नवंबर को बाल दिवस मनाया जाता है, मगर ऐसे आयोजन औपचारिकता भर रह गए हैं। हर रोज एसे मामले समाचारों की सुर्खियां बनते हैं, ऐसे मामलों पर कुछ दिन कार्रवाई होती है, उसके बाद वही परिपाटी चलती रहती है। बाल मजदूर पिसते रहते हैं। जनमानस को भी बाल मजदूरी के ऐसे मामलों की शिकायत प्रशासन से करनी चाहिए ताकि उनका शोषण रोका जा सके। देश के प्रत्येक राज्य में ऐसे मामले घटित होते रहते हैं, अगर प्रशासन सतर्कता से इन पर संज्ञान ले, तब इस पर रोक लग सकती है। कानूनों की अवहेलना करने वालों पर शिकंजा कसा जाए। मालिकों को हवालात में डाला जाए, जो बच्चों का शोषण कर रहे है। प्रशासन को छापेमारी करके इन बच्चों को छुड़ाना चाहिए। आखिर कब तक बालश्रम कानून की धज्जियां उड़ती रहेंगी। बाल मजदूरी एक कड़वी सच्चाई है, इसे सरकारों को अनदेखा नहीं करना चाहिए, अपितु सख्त कानून बनाकर इसका खात्मा करना चाहिए। जिनके अभी खेलने कूदने के दिन हैं, वे ऐसे काम करते हैं कि रुह कांप उठती है। बाल मजदूरी आज एक बहस का विषय बनता जा रहा है, कानूनों का मजाक उड़ाया जा रहा है।

सरकारें भी कानून बनाकर इतिश्री कर लेती है, यदि शिकंजा कसा जाए तो इस पर कुछ हद तक रोक लग सकती है। श्रम विभाग द्वारा भी कभी-कभार छापामारी की जाती है, मगर फिर वही सिलसिला चलता रहता है। सरकारें मूकदर्शक बनी हुई हैं, यदि सरकारों को जरा भी सदमा होता तो इस प्रथा पर जरूर रोक लगाती। यह समस्या विश्व व्यापी है। आज पटाखा फैक्टरियों, चूड़ियों के उद्योगों में, गलीचा बनाने वाले उद्योगों में बाल मजदूरों की संख्या ज्यादा है। देश में समय पर बाल मजदूरों को सामाजिक संस्थाओं द्वारा छुड़ाया जाता है। भारतीय संविधान की अनुच्छेद 24 के अंतर्गत बालश्रम अवैध घोषित है, मगर कानून फाइलों की शोभा बढ़ा रहे हैं। उत्तर प्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडू, गुजरात, आंध्र प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में उद्योगों में अधिकतर काम बाल श्रमिकों के कंधों पर है। बाल श्रम का यह अवैध धंधा बड़े पैमाने पर पनपता जा रहा है। समाज को इस पर मंथन करना होगा। अगर समय रहते इस पर रोक न लगाई तो भविष्य में हालात बेकाबू हो सकते हैं।

देश में खैनी, जरदा, तंबाकू, गुटका, बीड़ी व अन्य नशीले पदार्थों के उद्योगों में बाल श्रमिक ही इनको बनाते हैं। माचिस, आतिशबाजी के उद्योगों में इनका शोषण किया जाता है। इनके मालिक इनको भर पेट खाना तक नहीं खिलाते हैं। इस कारण कई बाल मजदूर बीमार हो जाते हैं और असमय काल का ग्रास बन जाते हैं। इनके मालिकों द्वारा इनके स्वास्थ्य की जांच तो दूर की बात है। बाल मजदूरी गरीबी की वजह से पैदा होती है। परिवार पालने के लिए दिन-रात काम करते हैं, इन बाल मजदूरों को आराम तक का समय भी नहीं मिलता है। बालश्रम के उन्मूलन के लिए सरकार को प्रभावी कदम उठाने चाहिएं। यह देश के लिए बहुत ही शर्मनाक है। आज बाल मजदूरों की संख्या में अप्रत्याशित रूप से वृद्धि होती जा रही हैं, मगर सरकारें इस पर रोक लगाने में अक्षम नजर आ रही है। प्रतिदिन हजारों बाल मजदूरों को सामाजिक संस्थाओं के प्रयासों से मुक्त करवाया जाता है, मगर ऐसे भी मामले हैं, जो प्रकाश में नहीं आ रहे हैं और बाल मजदूर नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। प्रशासन को चाहिए बिना समय गंवाए इस पर त्वरित एक्शन लेना चाहिए। देश में आज बाल श्रमिकों का आंकड़ा कम होने के बजाए बढ़ता जा रहा है। इस पर रोक लगानी होगी। आज नाबालिग बच्चों को जबरदस्ती बाल मजदूरी की तरफ झोंका जाता है। बाल मजदूरों की सुरक्षा के लिए काफी कानून बने हैं, पर वे नाकाफी साबित हो रहे हैं। यदि इन्हें कारगर ढंग से लागू किया जाए तो इस पर कुछ हद तक रोक लग सकती है। आज यह समस्या विश्वव्यापी बनती जा रही है।

बाल मजदूरी को रोकने के लिए समाज के लोगों को आगे आना होगा, ताकि इस पर नकेल लग सके और देश का भविष्य बर्बाद होने से बच सके। समाज को एक व्रत लेना होगा, तभी इस पर लगाम लग सकती है, अन्यथा बाल मजदूर बालश्रम की भट्ठी में झुलसते रहेंगे। बाल मजदूरी की इस प्रथा को जड़ से मिटाना होगा। बचपन को बचाना होगा। एक अभियान चलाना चाहिए ताकि बाल मजदूरों को मुक्त करवाया जा सके। यह देश हित में भी है।

## साइबर अपराध के जाल में फंसते शिक्षित हिमाचल के भोले-भाले लोग



ब्लॉगर
लेखक : ठाकुर तारा
समाजशास्त्री, सुंदरनगर जिला मंडी

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें। ई-मेल editoranantgyaan@gmail.com

**साइबर** स्पेस से तात्पर्य आभासी या काल्पनिक संसार जो मोबाइल, पीसी को आपस में जोड़ता है। साइबर स्पेस में जो सूचनाएं एकत्रित हैं, उसी के आदान-प्रदान से साइबर अपराधी, इस अपराध को आसानी से अंजाम तक पहुंचाते हैं। आज देवभूमि की पढ़ी लिखी जनता इन साइबर अपराधों का शिकार आसानी से हो जा रही है। एक स्थान पर या देश के किसी भी कोने या विदेश में बैठकर यह साइबर अपराधी दूसरे व्यक्ति के नाम से जारी सिम कार्ड, जाली आईडी के सहयोग से आए दिन विभिन्न प्रकार के अपराध करते हैं।

इसमें से निम्न प्रमुख साइबर अपराध की श्रेणियां है। साइबर बुलिंग यह आपकी आईडी या सोशल मीडिया अकाउंट्स को हैक करके छिपे हुए तरीके से डरा-धमका कर किया जाता है। साइबर ग्रूमिंग यौन इरादों से संबंधित है, जो छोटे बच्चों को यौन क्रियाओं के लिए तैयार करना, जॉब फ्रॉड नौकरी का झांसा देने संबंधित है, ऑनलाइन सेक्सटोर्सन यह व्हाट्सएप, एफबी में वीडियो कॉल द्वारा अश्लील वीडियो रिकॉर्ड करके की जाती है।

सेक्सटिंग यह सेक्स वीडियो कॉल, विशिंग यह कॉल के माध्यम से, समीसिंग एसएमएस के द्वारा, फिसिंग यानी झूठी ई-मेल लाइक करने वाले लिंक्स भेजकर, सिम स्वैप स्कैम किसी सिम कार्ड का नकल कर सिम बनाना, एवं रैंसमवेयर ऑनलाइन माध्यम से फिरौती मांगकर, डाटा ब्रीच करना किसी की निजी जानकारी को इकट्ठा कर विभिन्न उपरोक्त तरीकों से साइबर अपराधी आपकी निजता का हनन कर, विभिन्न प्रलोभन देकर आपके साथ इस तरह के अपराध करते हैं। यह कानूनी जुर्म है।

आम जनता को इन अपराधों के मंतव्य और जालसाजी के बारे में पता नही होता। वे मुफ्त के चक्कर में अपने आप को उस बेहतास मछली की तरह फंसा हुआ पाते हैं, जिसके पास छटपटाने के अलावा कोई दूसरा चारा नहीं होता। इस तरह के अपराधी किसी के निजी कामुक चित्र बना कर, वीडियो कॉल के द्वारा अश्लील वीडियो बना कर टॉर्चर करते हैं। इसमें नाबालिग बच्चों के साथ-साथ, महिलाएं भी शामिल है। कई बार मानसिक दबाव न सहन कर ऐसे भुक्तभोगी अपनी जीवन लीला भी समाप्त कर लेते हैं, जो ऑनलाइन झूठे प्यार के बाद ऐसे झांसों के शिकार बनते हैं। यह इंटरनेट बहुत बड़ा मायाजाल है, जिसका कोई ठिकाना नहीं।

केवल नेट का 100 प्रतिशत में से हम चार प्रतिशत ही इस्तेमाल करते हैं, जो हम अपने रोजमर्रा जीवन की सहूलियत, सोशल मीडिया प्लेट फार्म और अन्य तरह की शिक्षा ग्रहण करने के लिए। बाकी 96 प्रतिशत डार्क वेब में नेट का इस्तेमाल होता है। वेब तीन प्रकार की होती है ओपन वेब, डीप वेब और डार्क वेब। पहली दो वेब हमें कहीं न कहीं दिखती है, लेकिन डार्क वेब का इस्तेमाल अवैध हथियारों की खरीद-परोख्त, ड्रग्स कारोबार, किसी की हत्या की सुपारी देना, मानव अंगों की तस्करी का अपराध होता है। यह कारोबार छुपकर रुपए या डॉलर में नहीं, बिटकॉइन और क्रीप्टोकरंसी में होता है। हिमाचल में हर घंटे में एक साइबर अपराध की शिकायत दर्ज होती है।

शिमला, कांगड़ा,और मंडी जिला इस तरह के अपराध में वरीय सूची में है। पुलिस रिपोर्ट के मुताबिक 2022 में प्राथमिकी की दर 11 रही। इसी के साथ 2023 में यह बढ़कर 69 हो गई। धोखाधड़ी के मामले 234 से बढ़कर 600 हो गए। सेक्सटोर्शन, ब्लैकमेलिंग के 162 से मामले बढ़कर 199 हो गए। दूसरी ओर फर्जी रूप से हैक किए गए सोशल मीडिया अकाउंट्स मामले 706 से बढ़कर 1314 हुए। यूपीआई धोखाधड़ी के मामलों में 436 से बढ़कर 1145 मामले संज्ञान में आए। साल 2022 में 4,593 शिकायतें मिलीं, इसके अलावा 2023 में इनकी संख्या 8,152 हो गई। इस तरह की अलग-अलग शिकायतों का यह 77 प्रतिशत है। यह चिंताजनक विषय है, इसमें कोई अनपढ़ जनता शिकार नहीं हो रही, बल्कि शिक्षित व्यक्ति इस साइबर अपराध के जाल में फंस रहे हैं। फर्जी कॉल प्राप्त कर लालच, लोभ में मुफ्त लेने के चक्कर में यह कुचक्र गहरा होता चला जा रहा है। पुलिस प्रशासन साइबर टीम इस तरह के अपराधों से जागरूकता के लिए विभिन्न प्रकार से धरातल पर कार्यक्रम चला रही है, ताकि आम लोगों की खून पसीने की गाढ़ी कमाई को इन अपराधियों के पास जाने से रोक सके। हम खुद जागरूक रहें और अन्य को भी मिल-जुलकर जागरूक करना होगा। किसी भी अंजान से दोस्ती न करें, अपनी निजी जानकारी गुप्त रखें, पासवर्ड आठ डिजिट से कम न हों और स्पेशल कैरेक्टर को भी शामिल करें। किसी भी प्रकार के प्रलोभन से बचें, साथ ही साथ अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स को लॉक करके रखें। अपने फोन में अनजान ऐप को इंस्टाल न करें, अपने फोन को अपडेट रखें। अपने निजी दौरे की फोटो अपलोड न करें, इसकी जानकारी साइबर अपराधियों तक आसानी से पहुंच जाती है।

अभिभावक अपने बच्चों को सोशल मीडिया का इस्तेमाल की मनाही करें, जब तक बच्चा समझदार न हो जाए। इसके लिए टोल फ्री नंबर 1930 पर भी साइबर अपराध की शिकायत भी दर्ज करवा सकते हैं, लेकिन यहां तक नौबत नहीं आने देना चाहिए। अगर शिकायत दर्ज हो भी जाती है और आपका भारी वित्तीय फ्रॉड हुआ है तो इस परिस्थिति में उस पैसे को वापस लाना मुश्किल हो जाता है क्योंकि साइबर अपराधी के नाम से यह सिम नहीं होते। फ्रॉड से बचने के लिए खुद ही सजग और सचेत रहें।

## आपकी डायरी

बहता है दर्द तो
लफ्जों में पिरो दो
झरता है इश्क तो
अल्फाजों में बटोर लो।
मिलता नहीं कोई
शख्स इश्क करने को
तो ख्वाबों में
किसी से इजहार
कर दो।
मिलता नहीं
कोई अपना
हाल-ऐ- दिल
बतलाने को
तो परायो से थोड़ी
गुफ्त-गू कर लो।
करता नहीं कोई वाह
बेहतरीन कार्य
करने पर
तो खुद ही आह को
वाह बना लो।

डॉ. राजीव डोगरा
गांव जनयानकड़

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## राजस्थान के सीकर में है खाटू श्याम जी का भव्य मंदिर, रोज हो रहा माखन रूपी शृंगार

# खाटू श्याम के रूप में हुए बाबा भूतनाथ के दर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**


खाटू श्याम के रूप में बाबा भूतनाथ का भव्य स्वरूप।

बाबा भूतनाथ मठ मंदिर छोटी काशी मंडी में रोज माखन रूपी शृंगार के माध्यम से जिला भर के लोगों ने बाबा भूतनाथ के अलग-अलग स्वरूपों में दर्शन किए। तारा रात्रि के पश्चात बुधवार को माखन रूपी शृंगार का छठा दिन था, इसमें भगवान खाटू श्याम के रूप में सभी भक्तों ने बाबा भूतनाथ के दर्शन किए। महंत देवानंद सरस्वती ने बताया कि खाटू श्याम मंदिर लोगों की आस्था का प्रमुख केंद्र है। यह मंदिर राजस्थान में सीकर नामक स्थान पर स्थित है। उन्होंने बताया कि मान्यता है कि खाटू श्याम भगवान श्री कृष्ण के कलयुगी अवतार है। खाटू श्याम पांडवों में प्रसिद्ध भीम के पौत्र और घटोत्कच के पुत्र है, जिनका असली नाम बर्बरीक है। उन्होंने कहा कि खाटू श्याम जी में बाल अवस्था में ही वीर योद्धा के गुण थे। महाभारत के युद्ध में हिस्सा लेने के लिए उन्होंने अपनी माता से आज्ञा मांगी थी और उनको आभास हुआ कि महाभारत के युद्ध में हिस्सा लेने को कौरवों की सेना अधिक होने के कारण पांडवों को युद्ध में परेशानी हो सकती है। इस पर बर्बरीक की मां ने उन्हें आज्ञा देते हुए यह वचन लिया कि वह युद्ध में हार रहे पक्ष का साथ देंगे। तभी से खाटू श्याम हारे का सहारा कहलाने लगे। बर्बरीक से प्रसन्न होकर भगवान शिव उन्हें तीन अभेद्य बाण दिए थे, इसलिए इन्हें तीन बाण धारी भी कहा जाता है। इन तीन बाणों में इतनी ताकत थी कि महाभारत का युद्ध इन तीन बाणों द्वारा ही खत्म किया जा सकता था। अपनी मां के कहे अनुसार बर्बरीक युद्ध में हारने वाले पक्ष का साथ देने आए, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण जानते थे कि कौरवों को हारता देखकर बर्बरीक कौरवों का साथ देंगे, जिससे पांडवों का हारना तय है। तब भगवान श्री कृष्ण ने ब्राह्मण का रूप बनाकर बर्बरीक से शीश दान में मांगा। इस पर बर्बरीक ने अपनी तलवार के द्वारा भगवान के चरणों में अपना सिर अर्पित कर दिया।

# 5 महीने में नहीं बना 50 मीटर हाई-वे

## सरकाघाट में ठेकेदार और प्रशासन एक-दूसरे पर डाल रहे हैं जिम्मेदारी

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

सरकाघाट मेन बाजार में निर्माणाधीन नेशनल हाई-वे के 50 मीटर हिस्से का पिछले पांच महीनों से निर्माण अभी भी जारी है जो हजारों लोगों के लिए परेशानी का सबक बन चुका है। इसके लिए नेशनल हाई-वे के अधिकारी और निर्माण में जुटी कंपनी प्रशासन को दोष दे रहे है वहीं प्रशासन मौन बना बैठा है।

दर्शन शहर के सेंटर पार्क से अस्पताल की तरफ और कुनालग वार्ड की ओर जाने वाले संपर्क सड़क के चौराहे पर निर्माण कंपनी ने हाई-वे का निर्माण शुरू किया है और पुरानी सड़क को उखाड़ कर उससे एक मीटर ऊंची सड़क का निर्माण किया जा रहा है जिसके चलते न सिर्फ पुरानी नालियां टूट चुकी है वही सीवरेज का पानी सड़क पर बह रहा है। दूसरा इससे कुनालग लुकानु खलारडू की तरफ जाने वाली सड़क की ऊंचाई भी घट गई है और वहां से आम गाड़ियां क्रॉस नहीं हो सकती है जिससे जनता में कंपनी और प्रशासन के प्रति गुस्सा। आए दिन हो रहे झगड़ों के कारण निर्माण कार्य एक दिन शुरू होता है और 15 दिन बंद रहता है। (अनंत ज्ञान)

### प्रशासन नहीं कर रहा सहयोग : प्रवीण सिंह

निर्माण में जुटी कंपनी के एमडी प्रवीण सिंह ने कहा की प्रशासन कोई भी सहयोग नहीं कर रहा है जिसके चलते कार्य में विलंब हो रहा है। न तो प्रशासन उन्हें साइट उपलब्ध करवा रहा है और न ही पुलिस की सिक्योरिटी दी जा रही है। काम शुरू करें तो लोग मरने मारने पर उतारू हो जाते हैं ऐसे में काम नहीं किया जा सकता है। उधर नाही के साइट इंचार्ज और सहायक अभियंता सुभाष ठाकुर ने कहा कि डीपीआर के तहत ही काम होना है जो साइट प्रशासन की तरफ से क्लियर मिलेगी तभी काम किया जा सकता है।

### देरी करने वालों पर हो कानूनी कार्रवाई

कुनालग वार्ड से पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष संदीप वशिष्ठ, पूर्व पार्षद रत्न सिंह ठाकुर और वरिष्ठ अधिवक्ता केके वर्मा ने कहा की काम करने वाली कंपनी भारत सरकार सड़क मंत्रालय राष्ट्रीय हाई-वे जानबूझकर एक दूसरे के ऊपर अपनी-अपनी गलतियों को डाल रहे हैं, जबकि वास्तव में सड़क कार्य तभी शुरू होता है जब अधिकृत की गई भूमि पर पूरी निशानदेही को मार्क किया जाता है यहां के स्थानीय लोगों के विरोध के चलते ही दोबारा काम शुरू हुआ है जिसने भी लटकाया है उस पर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए।



### प्रशासन ने की है हरसंभव मदद : एसडीएम

एसडीएम स्वामी डोगरा ने कहा कि उन्होंने डिस्प्यूट निपटाने में हाइवे अथॉरिटी की पूरी मदद की थी तभी ठेकेदार ने काम शुरू किया था। अब दोबारा कोई इशू हो गया है इसे लेकर आपात बैठक बुलाई गई है ताकि जल्द से जल्द शहर का यह बचा हुआ हिस्सा तैयार हो सके।

## न्यूज ब्रीफ

### परीक्षा फॉर्म भरने को तिथि बढ़ाए एचपीयू


कॉलेज प्राचार्य को ज्ञापन सौंपते एनएसयूआई कार्यकर्ता।

**मंडी।** एमएलएसएम कॉलेज सुंदरनगर की एनएसयूआई इकाई ने बुधवार को इकाई अध्यक्ष अनित जसवाल की अध्यक्षता में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. कामेश्वर कुमार के माध्यम से एचपीयू के परीक्षा नियंत्रक को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि को आगे बढ़ाने की मांग की है। अनित जसवाल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों के लिए परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि 15 फरवरी निर्धारित की गई थी, लेकिन अभी तक बहुत से विद्यार्थी ऐसे है जो अभी तक किन्ही कारणों से परीक्षा फॉर्म नहीं भर पाए हैं। उन्होंने कहा कि हमने विद्यार्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन से तिथि को आगे बढ़ाने की मांग की है ताकि कोई भी विद्यार्थी परीक्षा देने से वंचित न रह जाए। इस अवसर पर एनएसयूआई अध्यक्ष अनित जसवाल, उपाध्यक्ष पल्लवी, महासचिव करण सिंह, सचिव भवानी, वर्षा, कोमल, कुंवर, हर्ष, धीरज व अन्य एनएसयूआई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मास्टर ट्रेनर्स के लिए प्रशिक्षण शिविर


डीआरडीए हॉल में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते एडीसी रोहित राठौर।

**मंडी।** जिला निर्वाचन कार्यालय मंडी द्वारा डीआरडीए हॉल में बुधवार को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ एडीसी मंडी रोहित राठौर ने किया। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया के सही संचालन में मास्टर ट्रेनर्स की अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि हर बार का चुनाव पिछले चुनाव से कुछ अलग होता है। इसलिए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देशों की सही जानकारी होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि मास्टर ट्रेनरों को चुनाव प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों को यहां प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत आगे प्रशिक्षित करना है। इसलिए मास्टर टेनर्स यहां से सही ढंग से प्रशिक्षण प्राप्त करके जाएं। एडीसी ने कहा कि कोई भी अधिकारी चुनाव प्रक्रिया के दौरान नियमों को ताक पर रखकर कार्य न करें, जिससे की उन्हें असुविधा का सामना करना पड़े। शिविर में एसडीएम सदर ओमकांत ठाकुर ने चुनावों में आदर्श आचार संहिता, व्यय निगरानी, मीडिया शिकायतें, एमसीएमसी और पेड न्यूज के बारे जानकारी दी।

### कल की हड़ताल की रणनीति बनाई

**मंडी।** रेहड़ी-फड़ी वर्कर यूनियन संबंधी सीटू के पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में 16 फरवरी को अखिल भारतीय हड़ताल में शामिल होने के लिए रणनीति बनाई गई। रेहड़ी-फड़ी यूनियन के प्रधान सुरेंद्र कुमार ने कहा कि जिला भर से तमाम रेहड़ी-फड़ी धारक इस हड़ताल में शामिल होंगे और केंद्र की मोदी सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ लड़ाई को मजबूत करेंगे। मोदी सरकार द्वारा स्ट्रीट वेंडर एक्ट को खत्म करने की कोशिश का पूर्ण रूप से विरोध करती है। उन्होंने बताया कि अभी भी प्रशासन बहुत से लोगों को लाइसेंस जारी नहीं कर पाया है और न ही पीने के पानी का प्रबंध कर पाया है। इन सभी मांगों को लेकर रेहड़ी-फड़ी वर्कर यूनियन इस प्रदर्शन में शामिल होगी।

### पुलवामा के शहीदों को दी श्रद्धांजलि


200 फुट तिरंगे के साथ सेरी मंच पर एबीवीपी के कार्यकर्ता।

**मंडी।** 14 फरवरी को जहां कुछ युवा वेलेंटाइन डे मनाते है वहीं देश के प्रति देश भक्ति का जज्बा रखने वाले अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मंडी के कार्यकर्ताओं ने पुलवामा में शहीद हुए जवानों की पुण्यतिथि पर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मंडी शहर में 200 फुट तिरंगे के साथ एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय करते हुए यात्रा निकाली। यह यात्रा वल्लभ कॉलेज मंडी से शुरू होकर ऐतिहासिक सेरी मंच पर संपन्न हुई। एबीवीपी के प्रदेश सह मंत्री विशाल ठाकुर ने कहा कि पुलवामा हमले को पांच साल का समय बीत चुका है और 14 फरवरी के दिन पूरे देश में ब्लैक डे के रूप में मनाया जा रहा हैं। उसी के तहत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने भी 200 फुट तिरंगे के साथ शहर में तिरंगा यात्रा निकाली और पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि इस तिरंगा यात्रा में युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विशाल ठाकुर ने कहा कि शहीदों की शहादत को देश हमेशा याद रखेगा।

### हमेशा याद रहेगा सिम्मी का योगदान

**मंडी।** मंडी की बेटी सिम्मी अग्निहोत्री के अकस्मात निधन पर बुधवार को एक सभा का आयोजन किया गया। सभा में धर्म संघ भूतनाथ मंदिर मंडी ने प्रोफेसर सिम्मी अग्निहोत्री के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया और कहा कि सिम्मी अग्निहोत्री का शालीन व्यवहार और उनका समाज के प्रति सकारात्मक योगदान हमेशा याद किया जाता रहेगा। शोक सभा में प्रधान बीसी सरोच, जीसी सैनी, आरके शर्मा, नीरज हांडा, अनिल शर्मा, एमपी राणा, एमएल शर्मा, अनुपम टंडन व नरेश कुमार उपस्थित रहे। धर्म संघ भूतनाथ मंदिर मंडी के सदस्यों ने दो मिनट का मौन रख कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

### डिजिटल क्लासरूम हैंडलिंग के गुर सिखाए

**मंडी।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में इंप्लीमेंटेशन ऑफ डिजिटल क्लासरूम इन स्कूल और प्रॉपर हैंडलिंग ऑफ हार्डवेयर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला आईसीटी को-ऑर्डिनेटर अंजलि ठाकुर के अनुसार कार्यशाला की अध्यक्षता कार्यवाहक प्रधानाचार्य सरिता शर्मा ने की। नानक चंद, दिनेश कुमार, सुनील कुमार, ललिता ठाकुर तथा आशा कुमारी द्वारा स्रोत व्यक्ति के तौर पर जानकारी प्रदान की।

### अनुदेशक हमीरपुर में ले रहे अल्प अवधि प्रशिक्षण

**जोगिंद्रनगर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जोगिंद्रनगर के अनुदेशक उन्नत शैक्षणिक प्रथाओं और शिक्षण उत्कृष्टता विषय पर पांच दिवसीय अल्प अवधि प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। 12 फरवरी से शुरू हुआ यह कार्यक्रम 16 फरवरी तक जारी रहेगा। इस अल्प अवधि प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ एनआईटी हमीरपुर के निदेशक प्रो. एचएम सूर्यवंशी ने किया है। इस संबंध में आईटीआई जोगिंद्रनगर की प्रधानाचार्य इंजीनियर नवीन कुमारी ने बताया कि तकनीकी निदेशालय सुंदरनगर द्वारा प्रायोजित यह पांच दिवसीय अल्प अवधि प्रशिक्षण कार्यक्रम आईटीआई जोगिंद्रनगर के अनुदेशकों के लिए आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के दौरान एनआईटी हमीरपुर के विभिन्न विषय विशेषज्ञ अत्यधिक प्रासंगिक विषयों पर नवीनतम विकास संबंधी जानकारी प्रदान करेंगे।

# मंडी में जुटे वैज्ञानिक-शोधार्थी

## वल्लभ कॉलेज में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**


वल्लभ राजकीय महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान मौजूद गणमान्य।

वल्लभ राजकीय महाविद्यालय में सतत विकास के लिए जैव विविधता और पर्यावरण के उभरते मुद्दों पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन में देश व दुनिया के 160 से अधिक वैज्ञानिक, प्रोफेसर व शोधार्थी भाग ले रहे हैं। सम्मेलन का शुभारंभ उच्च शिक्षा के एडिशनल डायरेक्टर प्रो. कृष्ण कुमार वैद्य सेवानिवृत्त ने किया। उन्होंने जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग व उपभोक्तावादी संस्कृति पर विस्तृत व्याख्यान दिया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. सुरीना शर्मा ने देश व दुनिया से अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के प्रतिभागियों का स्वागत किया व महाविद्यालय के इतिहास व हिमालय के पर्यावरण व जैव विविधता पर प्रकाश डाला। सम्मेलन की स्मारिका का लोकार्पण भी किया गया। इस दौरान कौनकू विश्वविद्यालय साउथ कोरिया के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शशिकांत भाटिया ने शाश्वत विकास के लिए माइक्रोबज विषय पर ऑनलाइन, पंजाब यूनिवर्सिटी के प्रोफ़ेसर एमसी सिद्धू ने जैव विविधता व उसकी संरक्षण पर, हिप्र विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. विनोद ने ऑनलाइन शोध पत्र प्रस्तुत किया।

### छात्र शिकायत निवारण अधिसूचना पर चर्चा

**मंडी।** सरदार पटेल विश्वविद्यालय में छात्रों की शिकायतों का निवारण विनियम 2023 से संबंधित यूजीसी अधिसूचना के बारे में चर्चा करने के लिए बैठक आयोजित की गई। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के पूर्व कुलपति व हि प्र उच्च शिक्षा के अध्यक्ष प्रो. सुनील गुप्ता मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता थे। उन्हें विश्वविद्यालय और इसके संबद्ध संस्थानों के छात्रों की शिकायतों के निवारण के लिए सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मंडी का लोकपाल भी नियुक्त किया गया है। बैठक में छात्रों से जुड़े इस महत्वपूर्ण यूजीसी रेगुलेशन के बारे में चर्चा की।

### पधर में जागरूक किए लोग

**पधर।** उपमंडल पधर की ग्राम पंचायत सिउन में बुधवार को अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के अंतर्गत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सौजन्य से एकदिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में तहसील कल्याण अधिकारी पधर सरला शर्मा ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा अनुसूचित जातियों, जनजातियों अन्य पिछड़ा वर्गों और शारीरिक रूप से विकलांगों और वृद्धों के लिए चलाई गई प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। शिविर में विशेष रूप से उपस्थित पुलिस विभाग से सहायक उपनिरीक्षक रणजीत सिंह ने अनुसूचित जाति, जनजाति अधिनियम 1989 के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस श्रेणी के लोगों को संविधान में दिए गए अधिकारों का लाभ उठाना चाहिए। शिविर में विशेष रूप से प्रकाशित प्रचार सामग्री का वितरण भी किया गया।

### सुनील को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड



**सरकाघाट।** रुड़की के कोर विश्वविद्यालय के प्रांगण में आयोजित भारत ज्ञान समागम में हिमाचल प्रदेश सरकाघाट निवासी सुनील कौशल को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। सुनील कुमार एडु फ्यूचर संस्था के संस्थापक भी हैं और 25 साल से शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। सुनील कौशल ने कोरोना से लेकर अब तक चार सालों में लगभग 5000 से भी ज्यादा अध्यापकों की नौकरी लगने में पूरे भारत में अध्यापकों की सहायता की है, जिसके लिए यूनिवर्सिटी ने उन्हें इस समागम में आमंत्रित किया और लाइफ टाइम अचीवमेंट सम्मान के साथ सम्मानित किया। भारत ज्ञान समागम कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड गुरमीत सिंह को आमंत्रित किया गया तथा ऑथर और एक्टिविस्ट शिव खेड़ा को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था।

### भाजपा ने नियुक्त किए प्रवक्ता



**मंडी।** भाजपा जिला अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा ने अपनी टीम में भ्यूली से संबंध रखने बाले सुरेंद्र ठाकुर को मुख्य प्रवक्ता, नगर निगम में सनयार्ड वार्ड से पार्षद वीरेंद्र आर्य, सराज के प्रताप ठाकुर को जिला प्रवक्ता बनाया है। निहाल चंद शर्मा ने कहा कि यह नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। निहाल चंद शर्मा ने कहा कि आने वाले समय में प्रदेश सरकार के गलत नितियों को जनता के बीच में रखा जाएगा।

### किसानों को नैनो उर्वरकों पर दिया प्रशिक्षण

**मंडी।** इफको मंडी द्वारा दो दिवसीय नैनो उर्वरकों पर आधारित प्रशिक्षण एवं भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र सुंदरनगर जिला मंडी में किया गया। इसमें 30 प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों मंडी,कुल्लू, सोलन, बिलासपुर और हमीरपुर से आए किसानों को विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न विषयों पर विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एपीएमसी मंडी के चेयरमैन संजीव गुलेरिया ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कृषि उपनिदेशक डॉक्टर राजेश डोगरा ने की। संजीव गुलेरिया ने प्रदेश सरकार द्वारा किसानों की आय दोगुनी करने पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया की युवाओं को भी खेती बाड़ी की तरफ अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है जिसके लिए सरकार द्वारा विभिन्न स्कीमें चलाई गई हैं।

### चुनाव 24 को

**मंडी।** सरकारी, गैर सरकारी चालक एवं परिचालक महासंघ सदर इकाई के प्रधान जसपाल सिंह व महासचिव चेतराम ने इकाई के समस्त सदस्यों से आग्रह किया है कि 24 फरवरी को महासंघ के चुनाव होने हैं इसलिए सभी इस दिन अपनी उपस्थिति दर्ज करें ताकि इस चुनाव को सफल बनाया जा सके।

**कार्यक्रम** प्रतिभा बोली-केंद्र ने विशेष पैकेज न देकर किया सौतेला व्यवहार

# आपदा के कारण लेट हुई 1500 की गारंटी

**अनंत ज्ञान, करसोग**


करसोग के रामलीला मैदान में महिला जागरूकता सम्मेलन में उपस्थित सांसद प्रतिभा सिंह व अन्य।

करसोग के रामलीला मैदान में महिला जागरूकता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन की मुख्यातिथि मंडी संसदीय क्षेत्र की सांसद प्रतिभा सिंह रही। इस अवसर पर प्रतिभा सिंह ने कहा कि महिलाओं के विकास व उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह का अहम योगदान है।

उन्होंने सम्मेलन में उपस्थित महिलाओं को विश्वास दिलाया कि प्रदेश सरकार के घोषणा पत्र के अनुसार शीघ्र ही पात्र महिलाओं को 1500 रुपए देना शुरू किए जाएंगे, जिस पर प्रदेश सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इस घोषणा को पूरी करने में जो देरी हुई है उसका कारण प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा है। प्रदेश अब धीरे-धीरे इस प्राकृतिक आपदा से उभर रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा आपदा से प्रभावित लोगों को 4500 करोड़ रुपए का आपदा राहत पैकेज देकर प्रभावितों को राहत पहुंचाने का कार्य किया गया है।

उन्होंने कहा कि आपदा के दौरान केंद्र सरकार से कोई भी राहत पैकेज नहीं मिल पाया है। केंद्र सरकार ने प्रदेश के साथ सौतेला व्यवहार किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की पूर्व भाजपा सरकार ने भी कांग्रेस के कार्यकाल के दौरान किए गए विकास कार्यों के उद्घाटन कर वाहवाही लुटने का कार्य किया है और प्रदेश पर 77 हजार करोड़ का कर्ज छोड़ा है।

सांसद ने सम्मेलन में उपस्थित महिलाओं की मांग पर सिविल अस्पताल करसोग में स्त्री रोग विशेषज्ञ का पद भरने का आश्वासन दिया और रामलीला मैदान में मंच निर्माण के लिए पांच लाख रुपए देने की भी घोषणा की। इस अवसर पर पूर्व मंत्री व कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रकाश चौधरी, नगर पंचायत की अध्यक्ष सविता गुप्ता, चमेलू देवी, निर्मला चौहान, महेश राज, पृथी सिंह नेगी, हरिओम शर्मा, एसडीएम करसोग नरेंद्र सिंह सहित विभिन्न गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### पीले रंग के वस्त्र पहनकर स्कूल पहुंचे छात्र

**जोगिंद्रनगर।** न्यू क्रिसेंट सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर स्थित गरोडू में वसंत पंचमी का पर्व बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। स्कूल के विद्यार्थी पीले रंग के आकर्षक परिधान में सुसज्जित थे। बच्चों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष संगीतमय वंदना प्रस्तुत की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शशि किरण ने जीवन में वसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य ने कहा कि यह दिन मां सरस्वती के जन्मोत्सव के रूप में भी मनाया जाता है, कई महापुरुषों को भी इस दिन ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। स्कूल निदेशक विजय शर्मा ने कामना की है कि सभी विद्यार्थियों के जीवन में वसंत आए तथा विद्यार्थी अथाह ज्ञान प्राप्त कर समाज व राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

### गुरुकुल स्कूल में मनाई वसंत पंचमी

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर उपमंडल के गुरुकुल पब्लिक स्कूल झलवान में वसंत पंचमी का त्योहार माता सरस्वती के पूजन के साथ मनाया गया। इसमें गायत्री परिवार से सुरेंद्र सोमेंद्र और रिटायर्ड प्रधानाचार्य गोपाल ने वसंत पंचमी के उपलक्ष्य पर सरस्वती वंदना की। वहीं बच्चों द्वारा सरस्वती माता और वाद्य यंत्रों की पूजा की गई। प्रधानाचार्य सतीश ने बच्चों को नशे से दूर रहने की सलाह दी। इस अवसर पर स्कूल निदेशक विशाल अवस्थी ने स्कूल स्टाफ व बच्चों को वसंत पंचमी की शुभकामनाएं दी।

### वसंत पंचमी पर बहुभाषी कवि सम्मेलन

**धनोटू।** वसंत पंचमी के शुभ अवसर पर एलआर शर्मा कहानीकार के सौजन्य से एवं सुकेत साहित्यिक एवं सांस्कृतिक परिषद सुंदरनगर के सहयोग से लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह के प्रांगण पर बहुभाषी कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें बिलासपुर, मंडी शहर, सुंदरनगर के कवियों ने अपनी-अपनी कविताओं का पाठ किया। कुमारी हरपिंद्र कौर ने वसंत की देवी माता शारदा को नमन करते हुए तुझे क्या समर्पित करूं, सब कुछ तो तेरा है कविता सुनाई। लतेश शर्मा ने वीरों के शौर्य पर कविता सुनाई। हेमराज मुकेश ने दो सुंदर गीत सुनाए। पहाड़ी कवि विनोद गुलेरिया ने छोड़ जो बोला है पत्थर बहुत सुंदर पहाड़ी कविता सुनाई। कुलभूषण चब्बा ने बहुत सुंदर गीत प्रस्तुत किया। कवि सुरेंद्र मिश्रा ने दो कविताएं प्रस्तुत की। कवि रतन लाल शर्मा ने अपनी हास्य कविताओं से सब का मन मोह लिया। मंडी के कवि और लेखक जगदीश कपूर ने मुंह घड़वाई कविता सुनाकर खूब वाहवाही लूटी। वहीं कृष्ण चंद्र महादेविया ने ठरकी नजरों से घूरे है अधेड़ वह बाप। दोहा सुनाते वर्तमान समय में ठरकियों पर करारा व्यंग्य कसा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉक्टर जगदीश कपूर ने कहा कि विद्या की देवी मां सरस्वती के लिए समर्पित वसंत पंचमी के दिवस पर कवि सम्मेलन करना बहुत सार्थक पहल है।

### सरकाघाट कॉलेज में मां सरस्वती की पूजा की

**सरकाघाट।** रविंद्र नाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट के संगीत विभाग द्वारा वसंत पंचमी का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस उपलक्ष्य पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रिखी राम कौंडल मुख्य अतिथि रहे। जिन्होंने संगीत के छात्रों को संगीत के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय में स्थित सरस्वती मंदिर में पूजा अर्चना से किया गया। इसके पश्चात संगीत विभाग के छात्रों ने सरस्वती वंदना के साथ मनमोहक भजन गाकर इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस कार्यक्रम में प्रोफेसर तेज सिंह वर्मा, प्रोफेसर अनीता शर्मा, डॉ. विनोद कुमार, प्रोफेसर शक्ति चंद, डॉ. बनिता, राकेश कुमार, संजीव कुमार, राजेश कुमार, मनोज कुमार उपस्थित रहे।

### पंचवक्त्र महादेव पर गाया भजन रिलीज

**मंडी।** मंडी में ब्यास नदी व सुकेती के संगम पर स्थित प्राचीन मंदिर पंचवक्त्र महादेव पर लोक गायक जगदीश सनवाल, जग्गू मामा द्वारा गाए गए भजन को बुधवार को मंदिर परिसर में रिलीज किया गया। इस भजन व इसके पोस्टर को हिमाचल गौरव बीरबल शर्मा जो हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी के संस्थापक भी हैं उन्होंने धर्मपुर के एक स्कूल से शैक्षणिक भ्रमण पर आई बालिकाओं व अन्य गणमान्य की मौजूदगी में मंदिर परिसर में ही रिलीज किया। वर्मा फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले डायरेक्टर आर के वर्मा के द्वारा किया गया फिल्मांकन एलबम पंचबख्तर महादेव के सुंदर भजन को लोक गायक जगदीश सनवाल ने अपने मधुर स्वरों में आवाज दी है जिसका संगीत चंद्रमोहन ने दिया है।

### मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता कार्यक्रम

**गोहर।** अभिलाषी विश्वविद्यालय के रेड रिबन क्लब ने हिमाचल प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से एचआईवी एड्स और मानसिक स्वास्थ्य पर एकदिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. देवेंद्र शर्मा और रेड रिबन क्लब की समन्वयक डॉ. अंकिता चौधरी ने सभी गणमान्य व्यक्तियों और छात्रों का स्वागत किया। इस कार्यक्रम में डॉ. राकेश रोशन भारद्वाज, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर, बगस्याड ने मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थिति दर्ज करवाई। उन्होंने एचआईवी एड्स और मानसिक स्वास्थ्य पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पूरे विकासशील विश्व में एचआईवी एड्स महामारी की गंभीरता लगातार बढ़ रही है। रेड रिबन क्लब की समन्वयक बंदना कपूर ने सभी गणमान्य व्यक्तियों और अभिलाषी विश्वविद्यालय के प्रबंधन का धन्यवाद किया।

### मसौली पंचायत में जागरूक की महिलाएं

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर उपमंडल की ग्राम पंचायत मसौली महिला एवं बाल विकास परियोजना द्रंग पधर द्वारा बुधवार को ग्राम पंचायत मसौली में वो दिन कार्यक्रम के तहत किशोरियों महिलाओं को दो साल तक के बच्चों से संबंधित विभिन्न तरह की होने वाली समस्याओं से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग से आए सुपरवाइजर विजय कुमार ने महिलाओं और किशोरियों को एनीमिया से संबंधित जानकारी तथा उसके बचाव के उपाय बताएं वहीं महिलाओं को माहवारी से संबंधित समस्याओं की जानकारी तथा उनके बचाव एवं स्वच्छता के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर पंचायत कार्यकर्ता व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सपना कटोच, चंद्र रेखा,समिता रणजीता, मंजू वाला, भगवती निशा कृष्णा आदि शामिल थे।

### अधिकारियों को कीट प्रबंधन बारे किया प्रशिक्षित

**सुंदरनगर।** कृषक प्रशिक्षण केंद्र सुंदरनगर में परियोजना निदेशक जाइका हमीरपुर फेज-2 के सौजन्य से एकीकृत कीट प्रबंधन विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षण केंद्र की प्रधानाचार्य डॉ. प्राची, उपप्रधानाचार्य डॉ. हितेंद्र सिंह तथा सभी प्रशिक्षण अधिकारी, कृषि विकास अधिकारी व प्रसार अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. मीना ने कहा कि 12 फरवरी से शुरू हुए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि विभाग के 21 कृषि प्रसार अधिकारी भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ. हितेंद्र सिंह, डॉ. मीना, डॉ. बीएस देओल, डॉ. बीडी शर्मा, डॉ. नरेश कुमार, डॉ. भारत भूषण द्वारा अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों को प्राकृतिक खेती के माध्यम से विभिन्न प्रकार के कीटनाशक, कवकनाशी तैयार करने की विधि, कीटनाशक दवाइयों के अलावा कीट पतंगों को विभिन्न प्रकार के फिरोमिन ट्रैप के द्वारा रोकथाम बारे तथा मुख्य फसल के चारों ओर ट्रैप फसलों के द्वारा कीट पतंगों को रोकने की जानकारी दी गई।

# जय श्रीराम के उद्घोष से गूंजी अठारह करडू की सौह




## ढालपुर में भगवान रघुनाथ जी का रथ खींचने के लिए उमड़ा जनसैलाब

**रघुनाथपुर में होली का आगाज ▸ वसंत पंचमी उत्सव पर कुल्लू में हुआ राम-भरत मिलन ▸ शाम तक ढालपुर स्थित भगवान रघुनाथ जी के अस्थायी शिविर में श्रीराम का हुआ गुणगान**

कमलेश वर्मा, कुल्लू

कुल्लू में बुधवार को वसंत पंचमी पर्व की खूब धूम रही। इस मौके पर अठारह करडू की सौह (ढालपुर)भगवान रघुनाथ जी के उद्घोष से गूंज उठी। दोपहर करीब पौने दो बजे सुल्तानपुर (रघुनाथपुर) से अधिष्ठाता रघुनाथ जी की शोभायात्रा निकली, जो कि अढ़ाई बजे के करीब रथ मैदान पहुंची। यहां पर पहुंचने पर जहां भगवान रघुनाथ जी, सीता माता व हनुमान जी को रथ में बैठाया गया और उसके बाद विधिवत रूप से सभी परंपराओं का निर्वहन हुआ, जिसके बाद भाइयों राम-भरत और हनुमान जी का महामिलन हुआ।

इसे देखकर वहां मौजूद हजारों लोग भाव-विभोर हुए। परंपरा के अनुसार भरत की भूमिका महंत खानदान के व्यक्ति ने निभाई गई। इस दौरान हनुमान जी की अठखेलियां भी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहीं। केसरी रंग में पूरी तरह से रंगे हनुमान ने श्रद्धालुओं के ऊपर गुलाल फेंका। मान्यतानुसार हनुमान द्वारा फेंका गुलाल, जिनके ऊपर भी गिरता है, वह सौभाग्यशाली होते हैं। अधिकतर लोग यहां पर पीले वस्त्रों में नजर आए, वहीं भगवान रघुनाथ जी को भी पीले ही वस्त्र पहनाए गए थे।

कुल्लू के अलावा इस परंपरा का निर्वाह कुल्लू की प्राचीन राजधानी नग्गर, ठावा व मणिकर्ण में भी किया गया। सभी जगह इस पल के सैकड़ों लोगों गवाह बने।

### रथ को खींचकर हजारों लोगों ने कमाया पुण्य

**इस** अवसर पर हजारों लोगों ने ऐतिहासिक ढालपुर मैदान में रथ को खींच कर पुण्य कमाया। गौर रहे कि अंतरराष्ट्रीय दशहरा पर्व के बाद रघुनाथ जी की यह दूसरी रथ यात्रा होती है। इस मौके पर जिला के हजारों लोगों की भीड़ भगवान रघुनाथ के दर्शन करने के लिए यहां पहुंचती है। वसंत पंचमी के अवसर पर हुई इस रथयात्रा में रामायण काल की घटना का चित्रांकन देखने को मिलता है। वसंत पर्व के मौके पर राम, भरत और हनुमान का मिलन आकर्षण का केंद्र रहता है। सदियों से चली आ रही परंपरा के अनुसार भरत की भूमिका महंत खानदान का व्यक्ति निभाता है। वहीं, हनुमान की भूमिका में भी एक ही खानदान का व्यक्ति केसरी रंग में रंगा होता है। उधर, बसंत पंचमी के साथ ही अधिष्ठाता रघुनाथ पर अगले 40 दिनों तक हर दिन गुलाल फेंका जाएगा। होली से आठ दिन पूर्व यहां होलाष्ठक का भी आयोजन होगा। देशभर में मनाई जाने वाली होली से एक दिन पूर्व ही कुल्लू में होली खेलने की रस्म अदा की जाती है। उधर, वसंत पंचमी के उपलक्ष्य पर मणिकर्ण में भी भगवान श्रीराम के दर्शन के लिए भारी सख्या में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा।

### 42 पर्व अयोध्या की तरह यहां मनाए जाते हैं

वहीं, कुल्लू में रथयात्रा के दौरान भगवान रघुनाथ जी के रथ को खींचने में लोगों में काफी उत्साह दिख और लोगों ने रथ को खींचकर पुण्य कमाया। वसंत पर्व के साथ ही कुल्लू में होली का भी आगाज हो गया है। अब 40 दिनों तक रघुनाथ की नगरी में खूब गुलाल उड़ेगा। बहरहाल, भगवान रघुनाथ जी की रथयात्रा के साथ ही देवभूमि कुल्लू में वसंत पर्व की खूब धूम रही। उधर, मणिकर्ण में भी भगवान श्रीराम के दर्शनों के लिए भीड़ उमड़ी। सनद रहे कि इस परंपरा का निर्वहन कुल्लू, मणिकर्ण व ठावा में 1651 से किया जा रहा है, हर साल देश सहित विदेशी पर्यटक भी इसके साक्षी बनते हैं।

(अनंत ज्ञान)

### अयोध्या की तर्ज पर होता है भव्य आयोजन

**मान्यतानुसार** इस दिन ऋतुराज वसंत का आगमन होता है तथा इसी दिन सरयू नदी के किनारे श्रीराम के वनवास के समय राम-भरत मिलाप हुआ था। भगवान रघुनाथ जी के अयोध्या से कुल्लू आगमन के बाद से ही जहां हर वर्ष अयोध्या की तरह यहां पर भगवान रघुनाथ जी के 42 पर्व मनाए जाते हैं वहीं, वसंत पंचमी पर्व भी इन्हीं पर्व में से एक है। इसी परंपरा को निभाते हुए सदियों से देवभूमि कुल्लू में भी वसंत पर्व के दिन राम-भरत के साथ साथ हनुमान का मिलन होता है।

## राममय हुआ ढालपुर



भगवान रघुनाथ जी के अस्थायी शिविर में भजन-कीर्तन करते हुए लोग।



भगवान रघुनाथ जी के अस्थायी शिविर में भगवान रघुनाथ जी।



ढालपुर मैदान में अस्थायी शिविर की ओर ले जाते हुए भगवान रघुनाथ जी के पुजारी।



वसंत पंचमी के मौके पर राम-भरत आपस में गले मिलते हुए।

### लाहौल में स्नो फेस्टिवल 19 से 24 फरवरी तक

**केलांग।** जिला लाहौल-स्पीति के उपमंडल उदयपुर में 19 फरवरी तथा जिला मुख्यालय केलंग में 24 फरवरी को पुलिस मैदान केलंग में लाहुल प्रशासन स्नो फेस्टाइवल का आयोजन कर रहा है। स्नो फेस्टिवल का आगाज मृकुला माता मंदिर से शोभा यात्रा के साथ किया जाएगा। शोभा यात्रा लता ठाकुर मेमोरियल मैदान तक की जाएगी। जनजातीय लोग कला व लोक संस्कृति तथा घाटी में मनाऐ जाने वाले पारंपरिक उत्सवों का प्रचार-प्रसार करने तथा उन्हें संरक्षण प्रदान करने और साहसिक खेल पर्यटन, धार्मिक और एतिहासिक पर्यटन तथा स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्नो फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। इस उत्सव में पारंपरिक खेलों के साथ आधुनिक शरद खेलों को भी एकीकृत किया जाऐगा जिसमें तीर अंदाजी छोलो तथा बर्फ शिल्प जैसे खेलों का आयोजन किया जाऐगा इसके अलावा बालीवाल, बेडमिंटन ,हस्तकारधा प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाऐगा। स्वास्थ्य विभाग तथा आयुर्वेदिक विभाग के माध्यम से स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाऐगा। इस दौरान बेबी-शौ तथा स्वस्थ बालक-बालिका प्रतियोगिता का आयोजन किया जाऐगा। मेले के दौरान विभिन्न महिला मंडल तथा युवक मंडलों के माध्यम से स्थानीय व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी । उन्होंने बताया कि स्नो फेस्टिबल का समापन्न समारोह स्नो मेराथॉन के साथ किया जाऐगा।

### स्वावलंबन योजना के 74 मामलों को स्वीकृति

**कुल्लू।** कुल्लू जिला में मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के तहत 74 मामलों को व प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत 2359 आवेदन स्वीकृति मिली है। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अश्विनी कुमार ने बुधवार को जिला स्तरीय कमेटी द्वारा मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के तहत प्राप्त 85 मामलों में से 74 मामलों को स्वीकृति प्रदान की गई, जिनमें 16 .94 करोड़ रुपए का निवेश होगा और 400 से अधिक लोगों को रोजगार व स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि स्वीकृत मामलों में अधिकतर मामले पर्यटन से संबंधित, जिनमें गेस्ट हाउस, कॉटेज निर्माण, साहसिक खेल गतिविधियों परियोजनाएं, कैफे, रेस्टोरेंट के अलावा किराना दुकान, हार्डवेयर स्टोर, हल्के मालवाहक वाहन और टेंट हाउस से संबंधित हैं। उन्होंने कहा कि इन अनुमोदित मामलों में लाभार्थियों को चार करोड़ रुपए का अनुदान दिया जाएगा। अश्वनी कुमार ने कहा कि जिला स्तरीय कमेटी द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत कुल्लू जिला में प्राप्त सभी दो 2359 आवेदनों को अनुमोदित कर प्रस्तावनाओ को स्वीकृति के लिए राज्य स्तरीय कमेटी को भेजा जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### अग्निवीर भर्ती के लिए 22 मार्च तक करें आवेदन

**कुल्लू।** भर्ती निर्देशक, सेना भर्ती कार्यालय, मंडी ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश के मंडी, कुल्लू और लाहौल-स्पीति जिले के युवा 13 फरवरी से 22 मार्च 2024 तक अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर क्लर्क/स्टोर कीपर टेक्निकल, अग्निवीर ट्रेड्समन और अग्निवीर टेक्निकल के लिए ऑनलाइन पंजीकरण और आवेदन करें। इसके लिए सभी उम्मीदवारों ने वेबसाइट पर लॉगिन करके आवेदन करना होगा। उम्मीदवारों के सुविधा के लिए वेबसाइट में विडियो लिंक है, जिसमें उम्मीदवार पंजीकरण कैसे करें और ऑनलाइन परीक्षा में कैसे उपस्थित हो, समझने के लिए देख सकते हैं। वेबसाइट पर ऑनलाइन प्रैक्टिस टेस्ट की सुविधा भी उपलब्ध है।

### 28 तक ई-केवाईसी करवाएं उज्ज्वला के उपभोक्ता

**आनी।** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत रसोई गैस कनेक्शन लेने वाले उपभोक्ताओं को 28 फरवरी तक अपनी ई-केवाईसी करवानी होगी। इस तिथि तक ई-केवाईसी नहीं करवाने वाले इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के रसोई गैस उपभोक्ताओं को अगले महीने से सिलेंडर नहीं मिलेगा और प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत मिलने वाली सब्सिडी भी बंद हो सकती है। गैस एजेंसी प्रभारी आनी ऋषि शर्मा ने बताया कि इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ने 28 फरवरी तक इन उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि ई-केवाईसी के लिए आधार कार्ड की कॉपी और मोबाइल नंबर अनिवार्य है।

### पुलिस पेंशनर वेलफेयर ने बढ़ाया कुनबा

**आनी।** पुलिस पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन खंड आनी की बैठक मंगलवार को विश्राम गृह परिसर आनी में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के प्रधान अमर सिंह ने की। बैठक में संघ के सचिव सूरज शर्मा सहित संघ के विभिन्न सदस्यों ने भाग लिया। इस मौके पर संघ के प्रधान अमर सिंह ने पुलिस पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला और कहा कि यह संघ पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हुए अधिकारी कर्मचारियों की समास्याओं के समाधान व उनके हितों की रक्षा के लिए बनाया गया है। प्रधान अमर सिंह ने बताया कि बैठक में संघ की विभिन्न समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। संघ में चार नए सदस्यों सेवानिवत्त एएसआई उगम राम, हीरा सिंह, एसएचओ ओम प्रकाश तथा एएसआई शोभा राम को शामिल किया गया।

### मंदिर में अनियमितता की एसडीएम से शिकायत

**आनी।** आनी की प्रसिद्ध कुसुंबा भवानी मंदिर खेगसू के हरियानों ने ट्रस्ट के अधीन इस मंदिर में हो रही कई अनियमितताओं की शिकायत एसडीएम आनी से की है । 34 लोगों ने एक हस्ताक्षरित शिकायत पत्र में सरकार से खेगसू मंदिर को ट्रस्ट से बाहर करने की मांग की है। खेगसू माता मंदिर के हरियान रामसिंह, एमडी अकेला, भीमीराम, सहित अन्य लोगों ने एसडीएम आनी को दिए शिकायत पत्र के माध्यम से अवगत करवाते हुए लिखा है कि खेगसू स्थित कुसुंबा भवानी का यह मंदिर 2016 में ट्रस्ट के अधीन गया था, जिसे स्थानीय कमेटी के अधीन किया जाए। साथ ही उन्होंने मासिक तौर पर होने वाली मासिक रिपोर्ट जनता के समक्ष पेश करने की मांग उठाई है। वहीं इस बारे में एसडीएम आनी नरेश वर्मा ने कहा कि ट्रस्ट के यह मामला माननीय हाइकोर्ट के विचाराधीन है।

### एबीवीपी कुल्लू ने पुलवामा शहीदों को किया याद

**कुल्लू।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला कुल्लू ने 14 फरवरी को पुलवामा में भारतीय जवानों पर हुए हमले के दिन को ब्लैक डे के रूप में मनाते हुए इस उपलक्ष्य पर विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। बुधवार को जिला कुल्लू के प्रत्येक इकाई के कार्यकर्ताओं व आम जनमानस ने भी इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित कि इस विशाल तिरंगा यात्रा को ढालपुर मैदान से शुरू किया। कुल्लू जिला संयोजक ऋषभ ठाकुर ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही छात्र हित राष्ट्र हित व समाज हित के लिए कार्य करता आ रहा है। आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने शहीदों को याद करते हुए इस भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया।

### सोलंगनाला में आयोजित राज्य स्तरीय स्की एंड स्नो बोर्ड चैंपियनशिप का समापन

## स्नो बोर्ड पुरुष वर्ग में कमलजीत ने मारी बाजी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली

कुल्लू में साहसिक गतिविधियों के माध्यम से पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जल्द ही स्टेक होल्डर के साथ बैठक कर प्लान तैयार किया जाएगा। इस बैठक के दौरान पर्यटन कार्यबारियों को आ रही समस्याओं का भी समाधान करने के लिए सुझाव लिए जाएंगे।

डीसी कुल्लू यहां विंटर स्पोर्ट्स कार्यक्रम के समापन समारोह में पहुंची थीं, उन्होंने कहा कि विंटर स्पोर्ट्स से जुड़ी सुविधाएं मुहैया करवाना प्रशासन की प्राथमिकता रहेगी। उपायुक्त ने सोलंगनाला में राज्य स्तरीय आयोजित स्की एंड स्नो बोर्ड चैंपियनशिप के विजेताओं को सम्मानित करने के बाद पत्रकारों को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि हिमपात के बीच पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं देने के प्रयास किए जाएंगे। इस मौके पर जिला पर्यटन विकास अधिकारी सुनयना शर्मा ने कहा कि इस तरह की गतिविधियां पर्यटन को बढ़ावा देती हैं। वहीं, बीआरओ योजक परियोजना के चीफ इंजीनियर कर्नल विकास गुलिया सहित एसडीएम मनाली रमण शर्मा व डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने भी मेधावी खिलाड़ियों को सम्मानित किया और भविष्य की शुभ कामनाएं दीं। हिमाचल प्रदेश विंटर गेम्स एसोसिएशन के अध्यक्ष लुदर ठाकुर ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता को सफल बनाने में सहयोग देने वालों का आभार जताया।

### प्रतियोगिता के विजेताओं को मिला सम्मान

**स्नो** बोर्ड पुरुष वर्ग ओपन में कमलजीत विजेता बने। सूरज ने दूसरा और मनीष ठाकुर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी प्रतियोगिता के महिला वर्ग में प्रीति ने बाजी मारी। दीपिका ठाकुर दूसरे और दीक्षा तीसरे स्थान पर रही। स्नो बोर्ड अंडर-19 सलालम में भी वंश, दीपक और इशांत का दबदबा रहा। अंडर-12 लड़कों में अंशुल, जतिन और तनुज ने पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। लड़कियों में सानिया, श्रेया और अश्मिता ने बाजी मारी। स्नो बोर्ड अंडर-19 पुरुष वर्ग में वंश ठाकुर, दीपक ठाकुर, इशांत ठाकुर, महिला वर्ग में प्रीति, दीपिका और हेमलता क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। स्नो बोर्ड जाइंट सलालम पुरुष वर्ग का खिताब भी कमलजीत और महिला वर्ग का खिताब प्रीति ने जीता। पुरुष वर्ग में मनीष, जबकि महिला वर्ग में दीपिका दूसरे स्थान पर रहे। उपायुक्त ने स्नो बोर्ड और स्कीइंग प्रतियोगिता के विभिन्न वर्ग में विजेता रहे प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर विंटर गेम्स एसोसिएशन के अध्यक्ष लुदर ठाकुर ने उपायुक्त को सम्मानित किया। उन्होंने शीतकालीन खेलों को बढ़ावा देने के लिए जरूरी सुविधाएं जुटाने की भी प्रशासन से मांग की। इस अवसर पर एसडीएम रमण कुमार शर्मा, डीएसपी केडी शर्मा, आइस स्केटिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष रोशन ठाकुर, पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष टशी, एटीवी के अध्यक्ष नारायण ठाकुर, स्नो स्कूटर एसोसिएशन के अध्यक्ष भूमि ठाकुर, प्रसिद्ध पर्वतारोही कृष्णा ठाकुर समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को भेजा मांग पत्र

**बंजार।** जलोड़ी टनल प्रभावित संघर्ष समिति सोझा के प्रतिनिधि मंडल ने मांग पत्र जारी करते हुए बताया कि सोझा गांव के नीचे से हुए टनल के सर्वे को छोड़ दिया जाए, क्योंकि इस से सोझा गांव की अस्तित्व खतरे में आ जाएगा। छोड़कर बाकी के आठ विकल्पों से टनल निकाली जाए, जिसमें समिति का कोई विरोध नही है। जलोड़ी टनल प्रभावित संघर्ष समिति सोझा के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष राजेंद्र प्रकाश की अध्यक्षता में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी सहित इसकी प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, लोक निर्माण मंत्री, उपायुक्त कुल्लू, अधिशाषी अभियंता, एनएच पीडब्ल्यूडी रामपुर प्रोजेक्ट डायरेक्टर, अल्टीनोक कंसल्टिंग इंजीनियरिंग एलटीडी को एसडीएम नागरिक बंजार पंकज शर्मा के माध्यम से एक मांग पत्र भेजा। इस दौरान राजिंद्र प्रकाश, टेक सिंह ठाकुर, ऐलू राम, विजय सिंह, सुनील दत्त, ओम प्रकाश, रोहित ठाकुर, शिव राम आदि मौजूद रहे।

### नोडल अधिकारियों को बताए उनके कर्तव्य

**कुल्लू।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तोरुल एस रवीश ने बुधवार को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि वे निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का गहराई से अध्ययन करें, ताकि स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव संपन्न हो सकें। उन्होंने नोडल अधिकारियों को उनके कार्य व कर्तव्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि चुनाव की घोषणा के तुरंत बाद उनका कार्य शुरू हो जाएगा। उन्होंने नोडल अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनसे संबंधित कार्य व कर्तव्यों को लेकर जारी अधिसूचनाओं व दिशा-निर्देशों का अध्ययन करने के निर्देश दिए तथा उसके अनुरूप कार्य व कर्तव्यों का निर्वहन करने को कहा । उन्होंने नोडल अधिकारियों से अपने-अपने से संबंधित कार्य की तैयारियां समय पर पूरी करने के निर्देश दिए। बैठक की कार्रवाई का संचालन तहसीलदार निर्वाचन वीना कुमारी ने किया। उन्होंने इस दौरान नोडल अधिकारियों के दायित्व और कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ. कार्तिकियन गोकुलचंद्रन, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अश्विनी कुमार सहित आगामी लोकसभा चुनाव के लिए तैनात विभिन्न नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

**रोष** | 22 फरवरी को शिमला पहुंच कर विधानसभा का करेंगे घेराव

## हनुमान मंदिर से निकली पैदल तिरंगा यात्रा

सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू

सवर्ण समाज संगठन कुल्लू के सदस्यों ने सवर्ण आयोग की मांग रखते हुए शुरू की अपनी पैदल तिरंगा यात्रा। सवर्ण समाज के संगठन के सदस्यों ने बुधवार को कुल्लू जिला के रामशिला में स्थित हनुमान मंदिर से सवर्ण समाज की मांगों को लेकर तिरंगा हाथों में थामे सवर्ण समाज की हितों की रक्षा का बीड़ा उठाए कुल्लू से शिमला तक तिरंगा यात्रा का आगाज किया।



सवर्ण समाज संगठन के सदस्य पैदल तिरंगा यात्रा कर शिमला के लिए निकलते हुए।

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र राजपूत ने इस यात्रा के बारे में बताया कि ये तिरंगा यात्रा सवर्ण समाज के लोगों की हितों की रक्षा एवं उनके अधिकारों के लिए की जा रही है और तिरंगा यात्रा के माध्यम से जनरल कैटेगरी के लोगों के लिए भी सवर्ण आयोग की मांग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सवर्ण आयोग को जब तक लागू नहीं किया जाएगा, तब तक विरोध-प्रदर्शन चलता रहेगा। उन्होंने बताया कि अन्य जिलों से भी सवर्ण समाज के लोग 22 फरवरी तक शिमला पहुंचेंगे ओर सवर्ण समाज की मांगों को मनवाने के लिए विधानसभा का घेराव किया जाएगा।

गौर रहे कि तिरंगा यात्रा शिमला तक संगठन के सदस्यों द्वारा पैदल ही तय की जाएगी और इस दौरान हर रोज 35 से 40 किलोमीटर की यात्रा तय की जाएगी। संगठन के कुछ सदस्य इस यात्रा के पूरा होने तक पूरी तरह से अन्न त्याग कर यात्रा कर रहे हैं और इस दौरान सिर्फ पानी और फल का सेवन करेंगे। जितेंद्र राजपूत सहित अन्य सदस्यों ने भी प्रदेश के अन्य सवर्ण समाज के सदस्यों से अपील की है कि सवर्ण समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए भारी संख्या में 22 फरवरी तक शिमला पहुंचे और सवर्ण समाज के लिए अपनी आवाज़ बुलंद करें। राजपूत न बताया कि अगर शिमला में प्रदेश सरकार की तरफ से सवर्ण समाज की मांगों को अगर अनदेखा किया गया तो फिर सवर्ण समाज विरोध स्वरूप एक विशाल आंदोलन करेगा। बहरहाल बुधवार को सवर्ण समाज के सदस्य पैदल यात्रा करते हुए औट में अपना विश्राम कर वीरवार को फिर से अपनी पैदल यात्रा जारी रखेंगे।

(अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### महंत शिवगिरी की पुण्य तिथि पर चौकी 19 को



**बिझड़ी।** उत्तरी भारत की विश्व प्रसिद्ध सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में ब्रह्मलीन महंत शिवगिरी महाराज की पुण्यतिथि पर 19 फरवरी को वार्षिक चौकी एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। महंत आवास में होने वाले इस विशेष आयोजन के लिए पूर्ण रूप से तैयारी को अंतिम रूप दे जा रहा है। वर्तमान गद्दीनशीन महंत श्रीश्रीश्री 1008 राजेंद्र गिरी महाराज की मौजूदगी में इस वर्ष भी गुरु परंपरा के अनुसार संत समाज की गरिमामयी उपस्थिति में सुबह झंडा रस्म अदा की जाएगी। इसके उपरांत कई कलाकार बाबा पौणाहारी की भेंटों का गुणगान करेंगे। महंत आवास प्रबंधन ने चौकी में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए हैं। 19 फरवरी को भव्य आयोजन सुबह 10 बजे झंडा रस्म अदायगी से शुरू होगी। बाबा जी की चौकी में पंजाब के जालंधर के प्रसिद्ध गायक मुकेश इनायत, हरजीत सिंह अनिल होशियारपुर एवं ऊना के अजय माही बाबा की भेंटों से श्रद्धालुओं को निहाल करेंगे।

### राजेंद्र राणा ने विकास कार्यों के लिए दी पहली किस्त

**सुजानपुर।** सुजानपुर के विधायक राजेंद्र राणा ने विभिन्न विकासात्मक कार्यों के लिए 12 लाख 25 हजार रुपए की पहली किस्त जारी की। उन्होंने ग्राम पंचायत बस्सी झनीयारा में संपर्क मार्ग आयकर विभाग के कार्यालय से लेकर गांव छल बुला तक दो लाख रुपए, कोहलड़ी में शिव महिला मंडल भवन के निर्माण के लिए दो लाख 50 हजार रुपए, ग्राम पंचायत दरोगण पति कोट के गांव धनवां में मुख्य सड़क से लेकर मनोज कुमार के घर तक रास्ते को रेलिंग लगाने के लिए 75 हजार रुपए, ग्राम पंचायत मझोग सुल्तानी में महिला मंडल मझोग खास के आंगन के सैड के लिए एक लाख 50 हजार रुपए, ग्राम पंचायत टिब्बी के तरीयोगलां में श्मशानघाट और रेनशेल्टर के लिए 75 हजार रुपए, ग्राम पंचायत ऊटपुर में सुनील कुमार के घर तक रास्ता व सुरक्षा दीवार के लिए 75 हजार, ग्राम पंचायत नारसी में महिला मंडल भवन की पहली मंजिल के निर्माण के लिए दो लाख रुपए, ग्राम पंचायत भेरड़ा में बाकर खड्ड में श्मशानघाट के निर्माण के लिए एक लाख 50 हजार रुपए, ग्राम पंचायत बजरोल के वार्ड नंबर तीन में राजेश कुमार के घर से लेकर व्यास देव के घर तक रास्ता व सुरक्षा दीवार के लिए 50 हजार रुपए शामिल हैं।

### ठाकुर राम सिंह की 109वीं जयंती 16 को

**रंगस।** नेरी स्थित ठाकुर राम सिंह इतिहास शोध संस्थान में संस्थापक ठाकुर राम सिंह की 109वीं जयंती पर 16 फरवरी को कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में शूलिनी यूनिवर्सिटी सोलन के कुलपति प्रो. प्रेम कुमार खोसला बतौर मुख्यातिथि एवं पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। शोध संस्थान के निदेशक डॉ. चेतराम गर्ग ने बताया कि इसमें देश भर के विभिन्न यूनिवर्सिटी, कॉलेज व शिक्षण संस्थानों के विद्वान एवं शोधार्थी भाग लेंगे।

### पुलवामा हमले में हुए शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित

**हमीरपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई हमीरपुर के कार्यकर्ताओं द्वारा पुलवामा हमले में शहीद हुए सैनिकों को पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रमोद पटियाल व स्टाफ ने पुष्पांजलि अर्पित की। इकाई अध्यक्ष आशुतोष ने बताया कि एबीवीपी हर वर्ष 14 फरवरी काला दिवस के रूप में मनाती है और पुलवामा हमले में शहीद हुए सैनिकों को याद व नमन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित करती है। उन्होंने कहा की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एक मात्र ऐसा संगठन है जो समाज और राष्ट्रहित के बारे मे सोचता और राष्ट्रीय हित के किए कार्यरत रहता है।

### उचित मूल्य की दुकानों के लिए आवेदन 22 तक

**हमीरपुर।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में खुलने वाली उचित मूल्य की चार दुकानों के लिए 22 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक अरविंद कुमार शर्मा ने बताया कि ग्राम पंचायत चलोह के गांव थैल, ग्राम पंचायत क्याराबाग के गांव सुनवीं ब्राह्मणा, ग्राम पंचायत दैण के गांव दैण और ग्राम पंचायत हणोह के गांव जड़ोह में उचित मूल्य की एक-एक दुकान खोली जाएगी। उन्होंने बताया कि इन दुकानों के लिए इच्छुक व्यक्ति या संस्थाएं वेबसाइट एमर्जिंगहिमाचल.एचपी.जीओवी.इन पर 22 फरवरी तक आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला नियंत्रक कार्यालय के दूरभाष नंबर 01972-222335 पर संपर्क किया जा सकता है।

### वसंत पंचमी पर लगाया भंडारा

**बड़ा।** उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा में श्रीराम क्लब बड़ा द्वारा वसंत पंचमी के अवसर पर बाबा सीता राम जी की पुण्यतिथि पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस भंडारे में दूर-दूर से लोगों ने आकर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर श्रीराम क्लब बड़ा के सदस्य एवं ब्लॉक समिति के वाइस चेयरमैन वीरेंद्र पठानिया ने बताया की वसंत पंचमी के दिन बाबा सीता राम जी ब्रह्मलीन हुए थे इसलिए उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर यह भंडारा हर वर्ष आयोजित किया जाता हैं।

### विशाल को मिला 20 लाख का वार्षिक पैकेज

**भोरंज।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी के पहले सत्र 2018-22 के विशाल ठाकुर का चयन दुबई के ताज जुमेराह लेक्स टावर्स में हुआ है। इसके लिए विशाल ने पांच चरण की साक्षात्कार प्रक्रिया पूरी की है, जहां अब विशाल को लगभग 20 लाख रुपए से अधिक वार्षिक पैकेज मिलेगा। इससे पूर्व विशाल ने डिग्री पूरी करने के बाद पाम जुमेराह में प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

### शास्त्रीय गायन में डाइट गौना की अंजलि विजेता

**नादौन।** नादौन के गौना में स्थित डाइट की अंजलि ने राज्य स्तरीय एकल शास्त्रीय गायन प्रतियोगिता में प्रदेश भर में पहला स्थान हासिल करके जिला हमीरपुर का नाम रोशन किया है। राज्य स्तर पर प्रथम स्थान हासिल करके अन्य विजेताओं के साथ डाइट गौना करौर लौटी अंजलि व अन्य अच्छा प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों का डाइट प्रिंसीपल धर्मपाल चौधरी ने स्वागत करते हुए सम्मानित किया है। धर्मपाल चौधरी ने बताया कि तीन दिवसीय राज्य स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं डाइट गौना करौर के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। अंजलि के अलावा उदयवीर ने लोक गायन में द्वितीय, समूह गान में द्वितीय लोक गायन महिला वर्ग में अंजलि ने तृतीय तथा सुनंदन ने भाषण प्रतियोगिता में तृतीय स्थान हासिल किया।

### शहीदों की याद में युवाओं ने किया रक्तदान

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में एबीवीपी द्वारा पुलवामा हमले में शहीद हुए सैनिकों को पुष्पांजलि अर्पित की, वहीं रक्तदान शिविर भी आयोजित किया गया। इस शिविर में युवाओं ने 53 यूनिट रक्तदान किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में नवीन शर्मा और विशिष्ट अतिथि के रूप में बीएल बिश्नोई उपस्थित हुए। मुख्यातिथि नवीन शर्मा ने कहा कि एबीवीपी ने पुलवामा हमले में शहीद सैनिकों की याद में पुष्पांजलि अर्पित की जवानों की याद में रक्तदान करवाया। इकाई अध्यक्ष आदित्य ने बताया कि एबीवीपी हर वर्ष 14 फरवरी काला दिवस के रूप में मनाती है।

### राहुल शर्मा ने चमकाया गलोड़ का नाम

**गलोड़।** जिला हमीरपुर के गलोड़ क्षेत्र के राहुल शर्मा की नियुक्ति केंद्रीय विद्यालय संगठन में संगीत अध्यापक के पद पर गुरुग्राम क्षेत्र में हुई है। वर्तमान में वह हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से संगीत विषय में पीएचडी कर रहे हैं। उनके कई वीडियो सांग यू-ट्यूब पर उपलब्ध हैं, जिन्हें लोगों ने खूब सराहा है। उन्होंने कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपने क्षेत्र एवं प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया है।

# मार्केट फीस की चोरी रोकना सबसे बड़ी चुनौती : अजय शर्मा

**प्रदेश** में सुक्खू सरकार के गठन के लंबे समय बाद हमीरपुर स्थित एपीएमसी के गठन के साथ ही अब इसमें सुधार की सारी संभावनाओं को लेकर भी कवायद शुरू हो गई है। जिला कांग्रेस के जिन तेजतर्रार नेताओं की श्रेणी में पंक्तिबद्ध अजय शर्मा को जैसे ही इसके अध्यक्ष का पदभार सौंपा गया, उसके साथ ही इसके मूलभूत ढांचे को नए और आधुनिक माहौल में ढालने के लिए भी उन्होंने काम शुरू कर दिया है। कारण यह है कि लंबे समय से इस पद पर उनकी तैनाती को लेकर न केवल उन्हें खुद, बल्कि उनके समर्थकों को भी लंबा इंतजार करना पड़ा है। चुनाव सभा के बाद भी जब उन्हें इसका अध्यक्ष चुन लिया गया, तो दफ्तर संभालने में उन्होंने किसी तरह की कोई जल्दबाजी भी नहीं दिखाई। कारण साफ है कि अजय इस पद के लिए पहले से ही पार्टी स्तर तैयार हो चुके थे। 'अनंत ज्ञान' के **ब्यूरो चीफ विक्रम ढटवालिया** ने उनसे इस मंडी समिति के मूलभूत ढांचे और अन्य समस्याओं को लेकर लंबी बातचीत की। पेश है उसके कुछ अंशः-

**एपीएमसी अध्यक्ष अजय शर्मा से विशेष बातचीत**

***सवाल : मंडी समिति के मूलभूत ढांचे को सुधारने के लिए आपके दिलो दिमाग पर क्या चल रहा है?***

**जवाब :** इसके संपूर्ण ढांचे में बदलाव होगा। आय के स्रोत बढ़ाए जाएंगे। मार्केट फीस ही इस समिति को आर्थिक रूप से मजबूती प्रदान करती है। उसमें कई छेद हैं, इन्हें बंद किया जाना बेहद जरूरी है। मार्केट फीस की चोरी के तमाम रास्तों को बंद करना बड़ी चुनौती होगा लेकिन उम्मीद यही है कि बहुत जल्दी इस पर काम शुरू हो जाएगा, जो व्यापारी अभी तक रजिस्टर्ड नहीं है। उन्हें हर हाल में समिति के पास रजिस्टर्ड किया जाएगा। रजिस्ट्रेशन नहीं होने की वजह से लाखों रुपए एपीएमसी के खाते में नहीं आ पा रहा है।

***सवाल : मौजूदा मंडी समिति का परिसर बेहद छोटा और तंग है, क्या दूसरी जगह पर आधुनिक सुविधाओं वाला कोई परिसर भवन बनाने की योजना है?***

**जवाब :** हां, बिलकुल योजना है। बाईपास रोड पर तकरीबन 25 कनाल भूमि पर नया आधुनिक भवन बनाया जाएगा। जहां पर तमाम तरह की सुविधाएं व्यापारियों, किसानों-बागवानों और अन्य लोगों को उपलब्ध होंगी। जिनकी मौजूद परिसर में बेहद कमी है, हालांकि शिफ्टिंग को लेकर पिछले कई सालों से चर्चा होती रही है। मगर अब बहुत जल्दी इसे मूर्त रूप दे दिया जाएगा। भूमि हस्तांतरण से संबंधित फाइल डीसी ऑफिस में पेंडिंग है। उसे बहुत जल्दी बातचीत करके सिरे चढ़ाया जाएगा। उसके बाद जैसे ही यह भूमि मंडी समिति के नाम हो जाएगी। चंडीगढ़ जैसे बड़े शहरों की तर्ज पर नई मंडी समिति की ड्राइंग तैयार की जाएगी। उसी के आधार पर इसका निर्माण होगा।

- **बाईपास रोड पर शिफ्ट होगी हमीरपुर की एपीएमसी, चिन्हित भूमि का ट्रांसफर प्रोसेस शुरू**
- **सुविधाओं से लैस होगा नया भवन, किसानों बागवानों और व्यापारियों में बनाया जाएगा समन्वय**



***सवाल : नई मंडी समिति भवन में और क्या-क्या सुविधाएं होंगी?***

जवाब : तमाम तरह की आधुनिक सुविधाएं जिनकी आज के समय में बेहद जरूरत है। एटीएम की व्यवस्था, किसानों के ठहरने के लिए कमरों का इंतजाम, रेस्ट हाउस और वाहनों की पार्किंग के लिए भी बेहतर व्यवस्था का दायरा बढ़ाया जाएगा।

***सवाल : मंडी समिति में रजिस्टर्ड होने के दायरे में जो लोग आते हैं और लंबे समय से किसी न किसी तरीके से खासकर राजनीतिक प्रभाव के बूते मार्केट फीस देने से अब तक बचते रहे हैं। बहुतों को नोटिस भी गए हैं। लेकिन प्रभाव असरदार साबित होता है उनका क्या करेंगे?***

**जवाब :** वही लोग तो असल में इस मंडी समिति के विरोध में रहे हैं। मंडी समिति का मतलब नहीं समझ रहे। और नियमों को ताक पर रखकर कारोबार कर रहे हैं। उनका लाखों का धंधा हर महीने होता है, लेकिन मार्केट फीस देने के मामले में कन्नी काट रहे हैं। ऐसा अब नहीं होगा, उन पर निश्चित तौर पर 'नकेल' डाली जाएगी और यह काम बहुत जल्दी शुरू होगा।

***सवाल : नए परिसर में जाने के लिए बहुत ज्यादा और बड़े बजट की जरूरत होगी कैसे करेंगे?***

जवाब : मुख्यमंत्री का हमीरपुर गृह जिला है। निश्चित तौर पर उन्हें इसकी चिंता है, बजट मिलेगा। फिलहाल सरकार अभी जो बजट पेश कर रही है। उसमें किसानों बागवानों के लिए कई तरह की सहूलियतें और लाभ मिलने की संभावना है। मंडी समितियों के लिए भी उसी में प्रावधान होगा। कोई दिक्कत नहीं है, सरकार सबका ख्याल रखेगी।

# केवट बस्ती का गंदा पानी राहगीरों के लिए बना परेशानी

## लोक निर्माण विभाग भी इस समस्या को आज दिन तक हल करने में रहा हैं नाकाम

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

उपमंडल नादौन की पंचायत बड़ा के गांव जोल में केवट बस्ती का गंदा पानी वर्तमान समय में राहगीरों एवं सरूह गांव के लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ हैं।

आलम इस कद्र हैं कि जोल गांव के केवट बस्ती के लिए सीवरेज व्यवस्था न होने के कारण उनके घरों का गंदा पानी मुख्य सड़क से होता हुआ सरूह गांव के लोगों के लिए आवागमन हेतु जो संपर्क रास्ता जाता हैं वहां खुले में बह रहा है, इससे न केवल उस गांव के लोगों को अपने घरों के लिए जाने में मुश्किल हो रही हैं बल्कि उस गंदे पानी से बीमारियां भी फैलने की आशंका बनी हुई हैं। इस गांव के शिकायतकर्ता संजू पटियाल, मुनीश, संदीप, सुरिंद्र, मोहिंद्र सिंह आदि ने बताया कि उन्होंने अपनी इस समस्या के बारे में लोक निर्माण विभाग के कर्मचारियों एवं स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों से भी इस समस्या को हल करने का आग्रह किया, लेकिन यह समस्या आज दिन तक जस की तस बनी हुई है। उन्होंने इस बारे में पंचायत से भी लिखित शिकायत की है और पंचायत से अतिशीघ्र इस समस्या को हल करने का आग्रह किया है। ग्राम पंचायत बड़ा की प्रधान सरिता देवी का कहना है कि लिखित शिकायत उन्हें प्राप्त हुई हैं अतिशीघ्र उनकी इस समस्या का समाधान किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)



गांव जोल की केवट बस्ती का गंदा पानी जो सरूहूं गांव वासियों के लिए बना परेशानी का आलम।

### महिला के साथ जबरदस्ती करने वाले को एक साल सजा

**हमीरपुर।** जिला सत्र न्यायालय के एलडी न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) कोर्ट नंबर तीन शैविक घई ने आरोपी व्यक्ति रूप लाल निक्कू पुत्र स्व. लक्ष्मण दास लीला नंदा निवासी गांव जाखू को आईपीसी की धारा 452, 354 के तहत दोषी करार दिया है। रूप लाल के खिलाफ महिला के साथ घर में घुसकर उसके साथ अश्लील हरकते करने व जबदस्ती करने के आरोप लगे थे, जब वह घर पर अकेली थी। महिला के पति ने सुजानपुर थाना में 24 जून 2016 को रूपलाल के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई थी। इस मामले की जांच पूरी होने के बाद पुलिस ने एलडी के समक्ष आरोप पत्र पेश किया गया। इस मामले की सुनवाई एलडी सहायक लोक न्यायवादी रितिका तेज्टा ने की। एलडी ट्रायल कोर्ट ने आरोपी व्यक्ति को दोषी ठहराते हुए एक वर्ष का साधारण कारावास व पांच हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। यह दोनों सजाएं एक साथ चलेंगी।

### लड़ाई-झगड़े का क्रॉस केस दर्ज

**भोरंज।** उपमंडल भोरंज के भरेड़ी में लड़ाई झगड़ा करने पर दो पक्षों में क्रॉस केस दर्ज हुआ है। रमेश कुमार पुत्र बेली राम निवासी गांव कक्कड़ ने शिकायत की है कि जब यह भरेड़ी से बाइक पर आ रहा था तो दिनेश कुमार पुत्र कस्तूरी लाल गांव फगलोट ने रास्ते में इसकी बाइक पर प्रहार किया, जिससे इसकी दाईं टांग पर चोट आई हैं। दूसरी तरफ दिनेश कुमार पुत्र कस्तूरी लाल ने शिकायत की कि जब यह भरेड़ी बाजार में गाड़ी लगा रहा था तो रमेश कुमार ने उसे गाली-गलौच शुरू कर दी और मारपीट करने पर उतारू हो गया। रमेश कुमार की प ी और बेटा भी आकर गाली-गलौच करने लग पड़े। जिला पुलिस अधीक्षक पदम चंद ने क्रॉस मामला दर्ज होने कि पुष्टि की है।

### 15 को बिजली बंद रहेगी

**हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-दो हमीरपुर के अंतर्गत पक्का भरो में इलेक्ट्रिकल वाहन चार्जिंग स्टेशन और इससे संबंधित लाइनों के कार्य के चलते 15 फरवरी को श्यामनगर, इनकम टैक्स कार्यालय और इसके आसपास के क्षेत्रों में सुबह नौ से सायं पांच बजे तक बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता सौरभ राय ने बताया कि 15 फरवरी को अगर मौसम खराब रहा तो यह कार्य 16 फरवरी को किया जाएगा। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### सुजानपुर में लगाया मुफ्त स्वास्थ्य शिविर

**सुजानपुर।** सुजानपुर में मुफ्त स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लोगों के स्वास्थ्य की मुफ्त जांच की गई। भाजपा नेता प्रकाश संडयाल ने बताया कि शिविर में 70 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। उन्होंने बताया कि सांसद मोबाइल सेवा योजना द्वारा लोगों को क्षेत्र के सांसद अनुराग ठाकुर द्वारा मुफ्त स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करवाई जा रहा है।

### भगवती स्कूल में वसंत पंचमी पर्व मनाया

**नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी में वसंत पंचमी का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। साथ ही पुलवामा हमले में शहीद हुए 40 जवानों को श्रद्धांजलि भी दी व दो मिनट का मौन रखकर उन शहीद वीरों को याद किया गया। प्रिंसीपल आरती कटोच ने शहीदों को श्रद्धांजलि देने के बाद बच्चों को वसंत पंचमी पर्व बारे बताते हुए कहा कि यह त्योहार आपसी मेल-जोल और स्नेह का प्रतीक है।

### अजय ने डीसी को दी शुभकामनाएं

**हमीरपुर।** दोसड़का में स्थित कृषि उपज मंडी समिति (एपीएमसी) के अध्यक्ष अजय शर्मा ने बुधवार को डीसी अमरजीत सिंह से शिष्टाचार भेंट की तथा उन्हें हमीरपुर के उपायुक्त का कार्यभार संभालने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अजय शर्मा ने हमीरपुर में प्रस्तावित नई सब्जी मंडी के लिए भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया और एपीएमसी से संबंधित अन्य मुद्दों पर भी उपायुक्त के साथ चर्चा की।

### वाहन चालकों को किया जागरूक

**हमीरपुर।** जिला मुख्यालय के पास नालटी रोड पर बुधवार को रोड सेफ्टी अवेयरनेस कार्यक्रम के तहत पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों और कर्मचारियों ने वाहन चालकों को जागरूक किया। इस मौके पर एसडीओ के अलावा विभाग के कई कर्मचारी मौजूद थे सुप्रीम कोर्ट के आदेशों पर हमीरपुर जिला के अलग-अलग हिस्सों में पिछले एक माह से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं बुधवार को हमीरपुर एसडीओ संजय कटोच सहित दिनभर वाहन चालकों को सीट बेल्ट बांधकर और ट्रैफिक नियमों का मुकम्मल तौर पर पालन कैसे करना है, इस बारे जगह-जगह रोक रहे थे और उन्हें इसकी जानकारी दे रहे थे।

### एसडीएम ने किया गोशालाओं का निरीक्षण

**सुजानपुर।** एसडीएम सुजानपुर ने विधानसभा क्षेत्र में गोशालाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने विनोद मेमोरियल गोशाला समोना, काऊ सेंचुरी खेरी, गोपाल गोशाला खेरी साधु राम गोशाला का निरीक्षण किया यहां पर पशुओं को मिलने वाली सुविधाओं को लेकर जानकारी प्राप्त की और इसके साथ-साथ किस तरह से पशुओं को बेहतर तरीके से और बेहतर सुविधाएं दी जा सकती हैं इसको लेकर गोशाला संचालकों से बातचीत की। एसडीएम ने लोगों से मुलाकात करने के लोगों की जन समस्याओं को भी सुना अधिकारी ने वहीं पर बैठकर लोगों से मुलाकात की और अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही समाधान करवाया।

## एनएचएम में कार्य कर रहे कर्मचारियों को 24 वर्षों से रेगुलर पे स्केल नहीं किया जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

स्वास्थ्य अनुबंधित समिति (राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन) कर्मचारी संघ के प्रदेश प्रैस सचिव राज महाजन ने जारी बयान में बताया कि स्टेट हेल्थ सोसायटी के अंतर्गत लगभग 2000 कर्मचारी 54 विभिन्न पदों पर पिछले 24 वर्षों से काम कर रहे, लेकिन आज तक किसी भी सरकार ने इन्हें नियमित या रेगुलर पे स्केल जारी नहीं किया है।

संघ कांग्रेस की सरकार के बनते ही मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, विभिन्न मंत्रियों, विधायकों के समक्ष अपनी मांग को कई बार रख चुका है, वहीं मुख्यमंत्री ने भी इसके बारे में सकारात्मक निर्णय लेने का आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया है। जिससे कर्मचारी बेहद हताश हैं, हालांकि संघ ने अपनी मांग को शांतिपूर्ण तरीके से रखा है तथा आपदा में भी इन कर्मचारियों ने कम वेतन होते हुए भी वित्तीय सहयोग सरकार को दिया है।

राज महाजन ने बताया कि संघ ने सरकार से यह भी आग्रह किया है कि अगर नियमित करने में कोई कठिनाई हो तो वर्ष 2016 की नोटिफिकेशन के आधार पर इन्हें नियमित पे स्केल दिया जाए, क्योंकि यह नोटिफिकेशन स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न समितियों के लिए की गई थी।

## बचत अभियान में हमीरपुर मंडल में सबसे अधिक खाते खोले

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

डाक मंडल हमीरपुर का विशेष सम्मान समारोह मिलन पैलेस घुमारवीं में बुधवार को आयोजित किया गया। इस मौके पर हिमाचल परिमंडल डाक सेवाएं के निदेशक बिशन सिंह मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रवर अधीक्षक डाकघर हमीरपुर मंडल हेमशंकर ने की।

बचत बैंक महाअभियान नवंबर 2023 में पूरे मंडल मे चलाया गया था। उसकी पूरी रिपोर्ट संदीप धर्माणी सहायक अधीक्षक डाकघर हमीरपुर मंडल द्वारा प्रस्तुत की गई और बताया गया कि कैसे पूरे हमीरपुर मंडल मे शाखा डाकघर के छोटे स्तर से प्रधान डाकघर तक लोगों के बीच मे जा-जाकर बचत अभियान के बारे मे जागरूकता लाकर रिकार्ड स्तर पर 49000 से अधिक पोस्ट ऑफिस की विभिन्न बचत योजनाओं के खाते खोले गए। हमीरपुर मंडल में इस पूरे वित्तीय वर्ष मे रिकार्ड खाते खोले जा रहे है जिसके परिणाम स्वरूप हमीरपुर मंडल पूरे परिमंडल मे इस वित्तीय वर्ष मे प्रथम स्थान पर चला हुआ है।

इस समारोह मे बचत बैंक अभियान मे उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों, ग्रामीण डाक सेवकों, बचत अभिकर्ताओं व उपमंडल अधिकारियों को मुख्यातिथि द्वारा मंडलीय स्तर पर सम्मानित किया गया।




कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि।

## पुलवामा के शहीदों को दी पुष्पांजलि

**एसके ठाकुर, बिझड़ी**

14 फरवरी 2019 को पुलवामा हमले में शहीद जवानों की याद में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चकमोह इकाई द्वारा बाबा बालक नाथ महाविद्यालय चकमोह में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्यातिथि रिटायर्ड कमांडर प्रेम सिंह चौधरी व विशिष्ट अतिथि कैप्टन हरबंस सिंह देहल के अलावा महाविद्यालय पीटीए प्रधान सीमा व उपप्रधान इंद्रजीत सिंह व अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

पुलवामा हमले में शहीद जवानों की शहादत का व्याख्यान करते हुए सभी उपस्थित सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखा। माहौल उस समय गमगीन हो गया जब कॉलेज की छात्रा किरण व खुशबू ने अपनी-अपनी प्रस्तुति पेश की। मुख्यातिथि ने अपने सेवाकाल के दौरान भारतीय सेना द्वारा विभिन्न ऑपरेशनों में कार्य करने के अपने अनुभव को साझा किया। मुख्यातिथियों ने 3100 रुपए आयोजकों को दान दिए। (अनंत ज्ञान)



छात्र-छात्राओं को भारतीय सेवा में शामिल होकर देश सेवा करने के लिए प्रेरित किया।

## किसान सभा ट्रेड यूनियनों के साथ गांधी चौक पर 16 को करेगी प्रदर्शन

**हमीरपुर।** हिमाचल किसान सभा 16 फरवरी को मजदूर किसान संघर्ष में हमीरपुर में शामिल होगी। हिमाचल किसान सभा के जिला संयोजक रंजन शर्मा ने कहा है कि मोदी सरकार किसानों की आय तो दोगनी करना दूर की बात किसानों को जो सब्सिडी मिलती थी उसे भी खत्म कर दिया है। बीज व खाद के दाम कई गुना बढ़ चुके हैं। किसान अपनी फसल का लागत मूल्य भी हासिल नहीं कर पाता है इसलिए खेती करना घाटे का सौदा हो गई है। जिसके चलते आज देश में हर आधे घंटे में एक किसान आत्महत्या कर लेता है। किसानों को कोई सामाजिक सुरक्षा नहीं है।

देशभर के किसान 16 फरवरी होने वाले ऐतिहासिक मजदूर किसान संघर्ष में शामिल हो रहे हैं और किसानों की मांग है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए कानून बनाया जाए, मजदूरों के लिए बनाए गए चार नए लेबर कोड निरस्त किया जाएं। बिजली बिल व मोटर व्हीकल्स बिल वापस लिया जाए। इन मांगों को लेकर किसान सभा ट्रेड यूनियनों के साथ मिलकर 16 फरवरी को हमीरपुर के गांधी चौक पर प्रदर्शन करेगी।

# केसीसी बैंक के भवन का पठानिया ने किया उद्घाटन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो हमीरपुर**

कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक की भोटा शाखा को अब नए परिसर में स्थानांतरित कर दिया गया है। बुधवार को बैंक के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने इस नए परिसर का शुभारंभ किया। पठानिया ने कहा कि नए परिसर में यह शाखा बेहतर ढंग से कार्य कर सकेगी तथा लोगों को अच्छी सेवाएं प्रदान करके बैंक के कारोबार में वृद्धि करेगी।

उन्होंने कहा कि कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के विस्तार और आधुनिकीकरण की दिशा में पिछले एक वर्ष के दौरान कई बड़े कदम उठाए गए हैं। इससे बैंक के कारोबार में बढ़ोतरी हो रही है। इस दौरान बैंक के अधिकारियों-कर्मचारियों को भी लाभान्वित किया गया है और उनके वेतन-भत्तों से संबंधित कई मामलों को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाया गया है। बैंक के एजीएम हंसराज चड्ढा, एजीएम समीरपुर हरि चंद भाटिया और स्थानीय शाखा के प्रबंधक दौलत राम शर्मा ने कुलदीप सिंह पठानिया, बैंक के निदेशक मंडल के सदस्य देशराज और अन्य अतिथियों का स्वागत किया तथा बैंक की उपलब्धियों की जानकारी दी।



कुलदीप पठानिया नए भवन का उद्घाटन करते हुए।

**गुजारिश** नवीन शर्मा ने नेशनल हाई-वे के अधिकारियों के साथ बैठक कर उचित कदम उठाने का किया आग्रह

# कुसवाड़ में ग्रामीणों की सुविधा के लिए बनाया जाए ओवरब्रिज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य नवीन शर्मा ने हमीरपुर विधानसभा के कुसवाड़ गांव में बन रहे फोरलेन का निरीक्षण किया व ग्रामीणों के साथ उनकी मांगों को लेकर नेशनल हाई-वे के अधिकारियों के साथ बैठक करके उचित कदम उठाने का आग्रह किया।

नवीन शर्मा ने कहा कि हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के कुसवाड़ गांव में फोरलेन का काम चला हुआ है। उन्होंने कहा कि कुसवाड़ गांव में ग्रामीणों के घर फोरलेन की एक तरफ है और उनकी उपजाऊ भूमि दूसरी तरफ है इसलिए ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

नवीन शर्मा ने कहा कि पहले भी ग्रामीण अपनी समस्या के समाधान के लिए एसडीएम हमीरपुर व डीसी हमीरपुर से मिल कर ओवरब्रिज बनाने के लिए गुहार लगा चुके हैं परंतु अभी तक कोई निर्णय नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि बुधवार को ग्रामीणों के साथ मिलकर फोरलेन के प्रोजेक्ट डायरेक्टर से मिल कर यह मुद्दा उठाया और ग्रामीणों की सुविधा के लिए ओवरब्रिज बना कर समस्या का समाधान हो ऐसी अपेक्षा करते हैं। अगर शीघ्र ग्रामीणों की समस्या को हल नहीं किया गया तो ग्रामीणों सहित आंदोलन किया जाएगा।



फोरलेन के निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों के साथ भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य नवीन शर्मा।

# पेयजल योजना विवाद : अर्की, बिलासपुर के लोगों के रिश्ते हुए खराब

## अर्की से योजना शुरू करना और बिलासपुर योजना के विरोध के उठ रहे स्वर, त्रिवेणीघाट में हुए लाठीचार्ज के बाद बिलासपुर की जनता बोली हमारे रिश्ते हो गए खराब

**शुभम राही, बिलासपुर**

कीकर-नवगांव पेयजल योजना के विवाद ने अर्की और बिलासपुर जिले के लोगों के आपसी संबंध खराब कर दिए हैं।

अर्की और बिलासपुर के त्रिवेणीघाट के लोगों का आपसी तालमेल आज दुश्मनी पर आ गया है क्योंकि अब इस विवाद ने इतना बड़ा तूल पकड़ लिया है कि इसमें अब सीधे क्षेत्रवाद पर निशाना साधा जा रहा है क्योंकि बिलासपुर जिले की बात करें, तो इसका विरोध यहां पर लगातार जारी है तो वहीं, दूसरी ओर अर्की क्षेत्र के लोग इस पेयजल योजना को शुरू करने की लगातार मांग उठा रहे हैं। त्रिवेणीघाट की बात करें, तो यहां के ग्रामीणों का कहना है कि अलीखड्ड पर पहले से ही दर्जनों पेयजल योजना चल रही हैं, ऐसे में अगर एक और पेयजल योजना जिसमें 10 लाख लीटर प्रतिदिन पानी उठाना होगा, तो इससे आने वाले समय में बिलासपुर में पूरी तरह से सूखे का माहौल पैदा हो जाएगा और इसका सीधा असर बिलासपुर की जनता पर पड़ेगा, जिसके चलते यहां के लोगों का इस पेयजल योजना को



कीकर-नवगांव पेयजल योजना के विरोध में बैठे लोग प्रदर्शन करते हुए।

बंद करने का आंदोलन लगातार जारी है। वहीं, इस आंदोलन का इतना बड़ा विवादरूप तैयार होना कहीं न कहीं सरकार की भी कमी दिखाई दे रही है। अगर सरकार समय रहते इस सारे मसले पर हस्तक्षेप करती तो आज यह आंदोलन लड़ाई-झगड़े में तब्दील नहीं होना था।

जिला परिषद सदस्य प्रेम सिंह ठाकुर का कहना है कि अर्की और त्रिवेणीघाट क्षेत्र के लोगों का आपसी भाईचारा बहुत अधिक है।

उनके क्षेत्र की कुछ बेटियां अर्की क्षेत्र में बहु बनकर गई हैं, तो अर्की क्षेत्र की बेटियां उनके क्षेत्र में बहुएं बनकर आई हैं। इन दोनों क्षेत्रों के पारिवारिक रिश्तें भी इस विवाद के चलते खराब होने की कगार पर आ गए हैं, जिससे बीते मंगलवार को हुआ उग्र आंदोलन की वजह से दो क्षेत्रों के रिश्ते खराब हुए हैं, जिसका सीधा असर दो क्षेत्रों की जनता और उनके परिवार पर पड़ा है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि इस सारे मसले पर प्रदेश सरकार जल्द हस्तक्षेप करें, वरना यहां पर कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। (अनंत ज्ञान)

### खारसी चौकी में दी है शिकायत

आपको बता दें कि कीकर-नवगांव पेयजल योजना के विरोध में बीते मंगलवार को हुए घटनाक्रम को लेकर संघर्ष समिति ने खारसी पुलिस चौकी में शिकायत पत्र भी दिया है। समिति ने बताया कि वहां पर लोगों को डराने के लिए गुंडों का सहारा लिया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष रजनीश शर्मा ने बताया कि वह 20 दिनों से त्रिवेणी घाट में शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी दौरान उस तरफ टैंक के ऊपर लोग छुप कर बैठे हुए थे। उन्होंने वहां से पत्थरबाजी शुरू कर दी। इसके बाद महापंचायत में बैठे लोग भड़क गए। इसके बारे में अधिकारियों को भी अवगत करवाया गया कि मामला गंभीर है। इसके बावजूद कोई बड़ा अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा।

### प्रशासन पूरी तरह इस मामले को देख रहा

उधर, बिलासपुर सदर एसडीएम आईएएस अभिषेक कुमार गर्ग ने बताया कि बुधवार को शांतिपूर्ण तरीके से लोग वहां पर धरने पर बैठे हुए हैं। प्रशासन पूरी तरह इस मामले को देख रहा है। पुलिस रिपोर्ट आने के बाद प्रशासन सारे मामले की जांच करेगा।

## कुष्ठ रोग अभियान के बारे में बताया

**घुमारवीं।** विकास खंड के पंचायत समिति हॉल में खंड विकास अधिकारी विपिन ठाकुर की अध्यक्षता में पंचायत प्रधान को टीवी मुक्त पंचायत अभियान के तहत प्रशिक्षण दिया गया। इसमें उपस्थित सभी प्रतिनिधियों को बताया कि घुमारवीं खंड की 12 पंचायतें क्षय मुक्त होने जा रही हैं, जिसमें 1000 जनसंख्या पर 30 बलगम के सैंपल चेक होने जरूरी हैं। टीवी की दवाई खा चुके हैं उनका ठीक होने का लक्ष्य 85 प्रतिशत होना चाहिए, 60 प्रतिशत मरीज का यूडीएसटी होना जरूरी है। निक्षय पोषण योजना के तहत कम से कम एक किस्त उनके खाते में पड़ जानी चाहिए। टीवी रोगियों को निश्चय मित्रों की ओर से पोषण सहायता प्राप्त होनी चाहिए। इसके साथ ही टीवी के लक्षण के बारे में भी जानकारी दी गई।

## कैंप में 100 व्यक्तियों का किया चैकअप

**दधोल।** दाबला पंचायत के गांव वड्डू में 10 दिवसीय कैंप का शुभारंभ किया हुआ। प्रयास संस्था की ओर से दस दिवसीय निशुल्क थेरेपी का शुभारंभ हुआ, जिसमें डॉ अनुप भट्ट की ओर से इस कैंप में जोड़ों में दर्द, घुटनों में दर्द, डिस्क प्रोब्लम, सर्वाइकल, अधरं एवं गैस्ट्रिक का निशुल्क उपचार किया जा रहा है। कैंप का आयोजन 14 फरवरी से 23 तक चलेगा। कैंप का उद्घाटन रिटायर थानेदार बृज लाल शर्मा ने किया। यह निशुल्क थेरेपी कैंप केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के सौजन्य के द्वारा प्रयास संस्था की ओर से चलाया जा रहा है। कैंप में 100 व्यक्तियों का चैकअप किया ।

## भारतीय सांस्कृतिक विविधता में ही एकता

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय में एक भारत श्रेष्ठ भारत और अंग्रेजी विभाग ने वसंत पंचमी का कार्यक्रम हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण ने की। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने स्वयं बनाए हुए विभिन्न राज्यों के पारंपरिक व्यंजन जैसे गुजिया, आलू और लुची, बेसन का चूरमा, चिनापोड़ा, मीठा भात और सिड्डू प्रस्तुत किए। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों ने विभिन्न राज्यों के पारंपरिक नृत्य जैसे राजस्थान का



स्वामी विवेकानंद कॉलेज में एक भारत श्रेष्ठ भारत और अंग्रेजी विभाग वसंत पंचमी का कार्यक्रम हर्षोल्लास से मनाते हुए।

घूमर, मध्यप्रदेश का बधाई नृत्य, महाराष्ट्र का लावणी, पश्चिम बंगाल का लोक नृत्य, उत्तराखंड का नृत्य और पंजाबी गिद्दा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर 14 फरवरी के दिन पुलवामा में शहीद हुए जवानों को याद कर दो मिनट का मौन रखा गया और देश भक्ति नृत्य और विभिन्न प्रदेशों के लोकगीत भी प्रस्तुत किए गए। प्राचार्य ने अपने संबोधन में एक भारत श्रेष्ठ भारत के अभियान के बारे में प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत में अनेक संस्कृतियों, भाषाओं, रीति रिवाजों में विविधताओं के बावजूद भी एकता है। एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान उद्देश्य विद्यार्थियों को भारत में पाई जाने वाली विभिन्न संस्कृतियों को आपस में जोड़ना है।

## नारा लेखन जूनियर वर्ग में शालू ने झटका प्रथम स्थान



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गवालमुठानी में कार्यक्रम पर मौजूद स्टूडेंट्स व अन्य।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गवालमुठानी में यूथ एवं यूको क्लब की ओर से नारा लेखन, चित्रकला व पर्यावरण प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई। स्कूल प्रधानाचार्य सुखदेव रत्न ने बताया कि नारा लेखन जूनियर वर्ग में शालू प्रथम स्थान पर रही। वहीं, आंशिका दूसरे और शैलजा ठाकुर तृतीय स्थान पर रही। वहीं, चित्रकला प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में गुंजन शर्मा प्रथम, प्रिंशिका दूसरे और मीनाक्षी तीसरे स्थान पर रही, जबकि चित्रकला प्रितियोगता के सीनियर वर्ग में गौरव ने प्रथम स्थान हासिल किया।

## नेशनल स्तर पर हिमाचल का प्रतिनिधित्व करेंगे मिनर्वा के होनहार

### ऑक्सीजन की कमी, पल्स जैसी चुनौतियों पर नजर रखेगा वंश का तैयार किया मॉडल

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

मिनर्वा संस्थान घुमारवीं के तीन होनहार नेशनल स्तर पर आयोजित होने वाले बाल वैज्ञानिक सम्मेलन में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने पर तीनों छात्रों का चयन नेशनल स्तर के बाल वैज्ञानिक सम्मेलन के लिए हुआ है। जोनल स्तर से शुरू हुआ यह सफर अब नेशनल लेबल तक पहुंच गया है। पांच बच्चों ने राज्य स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया। पाठशाला प्रधानाचार्य परवेश चंदेल ने बताया कि इन बच्चों में वंश बजाज, गरिमा, अखिलेश जोशी, सोनाक्षी व सूर्यांश शामिल रहे। इनमें से वंश बजाज, गरिमा व सोनाक्षी नेशनल के लिए चयनित हुए हैं। इस मॉडल में पल्स सेंसर की मदद से पर्वतारोहियों की पल्स निरंतरता पर नजर रखी जाएगी और यदि पल्स एक निश्चित मूल्य से नीचे या ऊपर है, तो यह जीएसएम की मदद से संबंधित एजेंसी को एक संदेश भेजेगा। ऑक्सिजन कम होने के कारण पर्वतारोही वेहोश हो जाते हैं। ऐसी परिस्थिति में एक ऐसा माध्यम होने अनिवार्य हो, ताकि एसकी एजेंसी तक यह सूचना मिल सके कि पर्वतारोही मुश्किल में है और उसकी पल्स डाउन हो चुकी है, जिस पर उन्हें रेस्क्यू की जरूरत है। (अनंत ज्ञान)

> स्कूल के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया है। देश के बच्चों में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देनेए लोकप्रिय बनाने और विकसित करने की दृष्टि से एनसीईआरटी द्वारा हर साल ब्लॉक से लेकर राष्ट्रीय स्तर की विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता है जहां बच्चे विज्ञान और गणित में अपनी प्रतिभा और दैनिक जीवन से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों में अपने अनुप्रयोगों का प्रदर्शन करते हैं।
> **परवेश चंदेल, प्रधानाचार्य मिनर्वा स्कूल घुमारवीं।**

## बिलासपुर कॉलेज में स्थापित की मां सरस्वती देवी की प्रतिमा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में वसंत पंचमी के पावन अवसर पर विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा की स्थापना, प्राण-प्रतिष्ठा व हवन का आयोजन किया गया।

बिलासपुर कॉलेज के वाणिज्य विभाग के सेवानिवृत्त प्रोफेसर प्रोफेसर प्रतिमा नड्डा की ओर से उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर मां सरस्वती की प्रतिमा कॉलेज को भेंट की गई थी और वसंत पंचमी के दिन कॉलेज प्रांगण में प्रतिमा को स्थापित किया गया। मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा पंडित आचार्य रेवा शंकर कौशिक व कॉलेज के संगीत विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मनोहर लाल की ओर से करवाई गई। पूजा कार्यक्रम में प्रोफेसर



प्रतिमा नड्डा वह उनके परिवार ने भी हिस्सा लिया। इस अवसर पर संगीत विभाग की ओर से भजन-कीर्तन का आयोजन व महाविद्यालय प्रशासन की ओर से प्रसाद वितरण भी किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर नीना वासुदेवा ने कहा कि यह महाविद्यालय के लिए बहुत ही हर्ष का विषय है कि आज हमारे प्रांगण में मां सरस्वती की प्रतिमा विराजमान हुई है।

## विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताया और जागरूक किया



बरठीं के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान केंद्र में समाज सुधारक समिति बरठीं की ओर से बच्चों को नशे के प्रभाव के बारे में जागरूक करते हुए।

**अनंत ज्ञान, बरठीं**

बरठीं के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान केंद्र में समाज सुधारक समिति बरठीं की ओर से बच्चों को नशे के प्रभाव के बारे में बताया गया और जागरूक किया गया।

इस मौके पर आईटीआई प्रशिक्षण संस्थान केंद्र के सभी अध्यापक गण और 100 से ज्यादा बच्चे मौजूद रहे। इसमें बच्चों को नशे के दुष्परिणाम और इसकी रोकथाम करने के बारे में अवगत करवाया गया और आजकल हमारे युवा पीढ़ी क्यों नशे का शिकार होती चली जा रही है इसके बारे में काउंसलिंग की गई। जिसमें समाज सुधारक समिति के अध्यक्ष सूबेदार कुलवंत सिंह डटवालिया, सूबेदार महेंद्र सिंह राणा उपाध्यक्ष, सूबेदार राज कुमार पटियाल समिति सचिव, सूबेदार मेजर कुलवंत सिंह पटियाल, सूबेदार विकास, सूबेदार मेजर नानक चंद और भी समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## महिलाओं के योगदान व कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

- **बिलासपुर कॉलेज में मनाया राष्ट्रीय महिला दिवस**
- **सरकार ने महिलाओं के लिए विशेष रूप से कई योजनाएं शुरू की**

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में एनसीसी आर्मी विंग और गणित विभाग ने संयुक्त रूप से राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। समारोह में स्थानीय कॉलेज की प्राचार्य प्रोफेसर नीना वासुदेवा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत में एनसीसी कैडेट गगन ठाकुर ने सभी का कार्यक्रम में आने पर स्वागत किया।

कैडेट पलक गुप्ता ने फूल जैसी कोमल नारी, कांटों जितनी कठोर नारी कविता प्रस्तुत कर तालियां बटोरी। मुख्यातिथि ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कॉलेज में हर साल मनाया जाता है। राष्ट्रीय महिला दिवस महाविद्यालय में पहली बार मनाया जा रहा है। इसके लिए उन्होंने एनसीसी आर्मी विंग और गणित विभाग को शुभकामनाएं दीं। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य महिलाओं की ओर से किए गए कामों और उनके अधिकारों का सम्मान करना है। महिलाओं को समाज में बराबरी मिले। सरकार ने महिलाओं के लिए विशेष रूप से कई योजनाएं शुरू की हैं। कैडेट नम्रता शर्मा ने भारत में महिलाओं के योगदान और उनके किए गए कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कैडेट अभिषेक ने बताया कि महिला दिवस एक अवसर है, जब हम महिलाओं के प्रति सम्मान, समानता और समर्थन प्रकट करते हैं। समारोह में एनसीसी कैडेट्स ने पोस्टर भी बनाए थे। इस अवसर पर गणित विभाग से प्रोफेसर रितु शर्मा, डॉ. राधेश्याम, डॉक्टर रेणु कुमारी, एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉक्टर जय महलवाल ने राष्ट्रीय महिला दिवस के ऊपर अपने विचार रखे।

## 28 फरवरी तक करवाएं ई-केवाईसी

**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत रसोई गैस कनेक्शन लेने वाले उपभोक्ताओं को 28 फरवरी तक अपनी ई-केवाईसी करवानी होगी। यदि उपभोक्ता ई-केवाईसी नहीं करवाते हैं, तो उन्हें अगले माह से सिलिंडर नहीं मिलेगा। इन उपभोक्ताओं को योजना के तहत मिलने वाली सब्सिडी भी बंद हो जाएगी।

बिलासपुर नड्डा गैस एजेंसी के प्रबंधक यशिवन नड्डा ने बताया कि इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ने 28 फरवरी तक इन उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी करवाने के निर्देश दिए। ई-केवाईसी के लिए आधार कार्ड की कॉपी और मोबाइल नंबर अनिवार्य है। उन्होंने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत रसोई गैस कनेक्शन लेने वाले सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया कि 28 तक अपनी ई-केवाईसी अवश्य करवाएं, ताकि आगामी समय में उन्हें परेशानियों का सामना न करना पड़े। जिले में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के 9963 उपभोक्ता हैं। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि अपना मोबाइल नंबर में अपडेट अवश्य करवाएं।

## 18 फरवरी को सीएम आएंगे कलोल एडीसी ने तैयारियों को लेकर की बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

एडीसी बिलासपुर डॉ. निधि पटेल की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री प्रदेश सुखविंद्र सिंह सुक्खू के प्रस्तावित दौरे को लेकर तैयारी की समीक्षा के लिए बचत भवन में बैठक आयोजित की गई।

आगामी 18 फरवरी को सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्यमंत्री का आगमन कलोल के लिए रहेगा। उन्होंने विभिन्न विभागों को कार्यक्रम स्थल पर प्रदेश सरकार की कल्याणकारी नीतियों की जानकारी उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से प्रदर्शनी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग एवं जल शक्ति विभाग के अंतर्गत अथवा अन्य विभागों के अधीन होने वाले शिलान्यास एवं उद्घाटन के संबंध में जानकारी तत्काल उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। कार्यक्रम क्षेत्र की सभी व्यवस्थाओं तथा कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी को समन्वय स्थापित कर कार्य करने के निर्देश दिए।



सीएम के कलोल दौरे को लेकर एडीसी तैयारियों पर बैठक करती हुई।

बैठक में सहायक आयुक्त नरेंद्र अहलूवालिया, अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग जीत राम, अधीक्षण अभियंता जल शक्ति विभाग राहुल दुबे, एसडीएम झंडूता योगराज धीमान एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### झंडूता में भी बैठक की आयोजित

**झंडूता।** झंडूता में वन विभाग के विश्राम गृह बरनोट में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह के अगले सप्ताह होने वाले दौरे को लेकर उपमंडल स्तर पर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम झंडूता योगराज धीमान ने की। बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव विवेक कुमार विशेष तौर पर उपस्थित रहे। बैठक में एसडीएम ने उपमंडल स्तर के सभी विभागों के अधिकारियों को अपने-अपने विभागों के कार्य की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए। वहीं, विवेक ने कहा कि मुख्यमंत्री का झंडूता विस क्षेत्र में यह दौरा ऐतिहासिक रहेगा। मुख्यमंत्री अपने दौरे के दौरान कई बड़ी योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री के दौरे को सफल बनाने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को अपने-अपने कार्य आवंटित किए जाएंगे। इस अवसर पर सहायक आयुक्त एवं तहसीलदार झंडूता अर्शिया, सहायक अभियंता राजेश सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रदेश के विद्यार्थियों ने चंडीगढ़ में लगाया ब्लड डोनेशन कैंप



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

गलवान घाटी में शहीद हुए सिपाही अंकुश ठाकुर को श्रद्धांजलि देने के लिए पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का आयोजन बिलासपुर, हमीरपुर व कांगड़ा स्टूडेंट एसोसिएशन के तत्वाधान में किया गया।

इस अवसर पर पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

इस मौके पर शाहिद अंकुश के पिता अनिल निवासी गांव कड़ोता जिला हमीरपुर भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर राजेंद्र गर्ग ने कहा कि अंकुश ने देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए अपने प्राण त्याग दिए। पूरा देश इन शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। राजेंद्र गर्ग ने कहा कि विद्यार्थियों को रक्तदान जैसे समाज के महान कार्यों के आयोजन से जुड़ना चाहिए, ताकि उनमें लोगों के दुख-दर्द को भली भांति समझ सकने के साथ समाज सेवा का जज्बा पैदा हो सके। स्टूडेंट तभी स्वस्थ एवं सशक्त राष्ट्र का निर्माण में अपनी भूमिका निभा सकते हैं। जीवन में एक उद्देश्य लेकर कड़ी मेहनत करनी चाहिए। तभी विद्यार्थी अपने गोल को हासिल कर सकते हैं।

**कार्यक्रम** बिलासपुर के हर विधानसभा क्षेत्र में बनेंगे पांच-पांच आदर्श आंगनबाड़ी सेंटर : एडीसी

## चंगर में पहले आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

विधानसभा क्षेत्र सदर बिलासपुर के चंगर में जिले की पहले आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन बुधवार को अतिरिक्त उपायुक्त बिलासपुर डॉ. निधि पटेल ने किया।

एडीसी ने बताया कि जिला प्रशासन ने एक आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र बनाने का निर्णय लिया था, जिसके लिए प्रशासन ने एनटीपीसी कोल डैम से सहयोग मांगा था। इस आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र में एनटीपीसी कोल डैम के सीएसआर फंड का इस्तेमाल किया गया है। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त ने एनटीपीसी कोलडैम की अधिकारी अनुजुला अग्रवाल को जिला प्रशासन की ओर से शॉल टोपी भेंट कर सम्मानित किया। इस



चंगर में पहले आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र के उद्घाटन पर एडीसी को सम्मानित करते हुए।

आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को खेल-खेल में सीखने के लिए सभी नवीनतम उपकरण स्थापित किए गए हैं, जिसमें स्मार्ट टीवी, स्मार्ट टॉयज, कलरफुल मीटिंग फ्लोरिंग फर्नीचर चेयर्स सहित चाइल्ड फ्रेंडली टॉयलेट इत्यादि स्थापित किए गए। आंगनबाड़ी भवन को चाइल्ड फ्रेंडली बनाने के लिए कक्ष के अंदर एक से 100 तक अंक, वर्णमाला के सरल अक्षर व व्यंजन आदि के चित्र, शरीर के अंग, गोल, तिकोन, चैकोर आकृतियां किसी कहानी के क्रमबद्ध चित्र आदि के कटआउट्स से सुसज्जित किया जाएगा। बच्चों के बैठने के लिए आसन व एक्टिविटी टेबल भी उपलब्ध करवाई गई है। खेल सामग्री की किट भी उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त स्मार्ट टीवी में टीचिंग लर्निंग मटेरियल उपलब्ध करवाया गया है, ताकि नोनिहालों का मन आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र में लगा रहे।

इस अवसर पर उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी समय में जिला बिलासपुर की चारों विधानसभा क्षेत्र में सीएसआर फंड के माध्यम से हर विधानसभा क्षेत्र में पांच-पांच आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जिसके लिए आंगनबाड़ी केंद्रों का चयन भी कर लिया गया है। इस केंद्र में अपने बच्चे भेजने से पहले केवल पांच से सात बच्चे ही आंगनबाड़ी केंद्र आते थे, अब इस केंद्र में 20 से अधिक बच्चे आ रहे हैं। बच्चों के विकास के लिए उनके शुरुआती जीवन का ये हिस्सा बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसी दौरान बच्चे भाषा, बुनियादी अंक याद करना, चलना फिरना और सामाजिक कौशल सीखते हैं। ज्यादातर रिसर्च ये बताते हैं कि मौखिक भाषा के विकास और संख्या सीखने का अधिकतम समय बच्चे के जीवन के शुरुआती तीन साल होते हैं, जबकि सामाजिक कौशल को वो तीन से पांच साल के दौरान सीखते हैं।

## एबीवीपी ने बिलासपुर में 104 फुट तिरंगे के साथ निकाली विशाल रैली



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता बिलासपुर में 104 फुट तिरंगे के साथ विशाल रैली निकालते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बिलासपुर इकाई की ओर से बुधवार को शहर में ब्लैक-डे को लेकर विशाल रैली निकाली गई। करीब 104 फुट तिरंगे के साथ निकाली इस रैली में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

बिलासपुर कॉलेज से शुरू हुई यह रैली चंगर सेक्टर में स्थित शहीद स्मारक में समाप्त हुई। इस दौरान पूरा शहर भारत माता की जय के उद्घोष से गूंज उठा। बिलासपुर कॉलेज इकाई के अध्यक्ष निखिल राजपूत ने बताया कि 14 फरवरी 2019 को पुलवामा अटैक हुआ था, जिसमें करीब 40 जवान शहीद हो गए थे। उन्हीं के बलिदान को समर्पित यह रैली निकाली गई है। इसके माध्यम से यह बताया गया है कि उस समय जो धोखे से हमारे वीर जवानों को मारा गया, उसका दर्द आज भी हमारे दिलों में है। इस अवसर पर उन्होंने पूरे बिलासपुर शहर में रैली निकालते हुए पुलवामा हमले में शहीदों के अमर रहने के भी नारे लगाए। वहीं, शहर की जनता ने भी एबीवीपी की ओर से निकाली गई इस रैली का काफी समर्थन किया।

## न्यूज ब्रीफ

### बीजापुर में श्रीमद् भागवत कथा कल से

**गोंदपुर बनेहड़ा।** प्रातः स्मरणीय ब्रह्मलीन स्वामी भूमानंद तीर्थ जी महाराज की असीम कृपा से एवं स्वामी अच्युतानंद तीर्थ जी महाराज पीठाधीश्वर भूमा निकेतन हरिद्वार के पावन सानिध्य एवं संरक्षण में बीजापुर में श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह 16 फरवरी से शुरू होगा जो 22 फरवरी तक चलेगा। इस अवसर पर 15 फरवरी को विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा 22 फरवरी को मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा हवन यज्ञ और विशाल भंडारा भी आयोजित किया जाएगा। इसमें कथा वाचक श्री गणेश दत्त शास्त्री होंगे।

### कैप्टन धर्मवीर ठाकुर ने 5100 रुपए किए भेंट

**गोंदपुर बनेहड़ा।** गोंदपुर बनेहड़ा लो के कैप्टन धर्मवीर सिंह ठाकुर ने गोंदपुर बनेहड़ा में गांव की समाजसेवी संस्था को 5100 रुपए की राशि भेंट की है। कैप्टन धर्मवीर सिंह का कहना है कि गांव के प्रत्येक व्यक्ति को गांव के विकास और अपने समाज को सशक्त करने में अपना योगदान देना चाहिए।

### गोंदपुर बनेहड़ा के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**गोंदपुर बनेहड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोंदपुर बनेहड़ा के वोकेशनल के टेलीकॉम के छात्रों ने आज शैक्षणिक भ्रमण किया। इसके अंतर्गत उन्होंने अंबोटा में पोलीटेक्निक कॉलेज से संबंधित विषियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर प्रिंसिपल राजेश कुमार वोकेशनल को-ऑर्डिनेटर अजय शर्मा दीक्षा कुमारी दीपिका ठाकुर भी उपस्थित रहे।

### सहायक व्यय पर्यवेक्षक किए नियुक्त

**ऊना।** लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त जतिन लाल ने पांचों विधानसभा क्षेत्रों के लिए सहायक व्यय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर दी है। उन्होंने बताया कि संजय संख्यान सीपीओ, को जिला स्तर का सहायक व्यय पर्यवेक्षक, मनीष कुमार सहायक प्रबंधक यूको बैंक को 41-चिंतपुर्णी(एससी), कुलदीप कुमार एसीएफए, को 42-गगरेट, कमल किशोर सेक्शन ऑफिसर को 43-हरोली, जगदेव सिंह डढवाल डिप्टी मैनेजर पंजाब नेशनल बैंक को 44-ऊना व दीपक चौधरी एएसीएफए को 45-कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के लिए सहायक व्यय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त जिला अकाउंट अधिकारी पीडब्ल्यूडी अमित कुमार और वरिष्ठ प्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा के सुरेश कुमार गौतम को रिजर्व में रखा गया है।

### अजय, विशाल व अमरजीत कौर को सौंपी कमान

**ऊना।** आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान आम जनता को चुनावी प्रक्रिया में उनकी भागीदारी के लिए शिक्षित और प्रेरित करने के लिए जिला स्तर पर जिला के तीन महत्वपूर्ण व्यक्तियों को स्वीप आइकन नियुक्त किया गया है। इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त जतिन लाल ने आदेश जारी कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि स्पोर्ट्स श्रेणी में पदमश्री व अर्जुन अवार्डी एवं डीएसपी ऊना अजय सिंह ठाकुर, युवा स्पोर्ट्स श्रेणी में भारतीय कबड्डी टीम के खिलाड़ी विशाल भारद्वाज तथा दिव्यांग श्रेणी में प्रधानाचार्य विशेष आश्रेय विशेष स्कूल देहलां की मिस अमरजीत कौर को स्वीप आइकन नियुक्त किया गया है।

### निविदाएं 24 फरवरी तक आमंत्रित

**ऊना।** जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्त मामले ऊना राजीव शर्मा ने बताया कि हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के गेहूं खरीद केंद्रों से जिला के विभिन्न स्थानों में ढुलाई कार्य तथा चयनित मंडियों टकारला व रामपुर में गेहूं खरीद के लिए मजदूरी कार्य हेतु निविदाएं 24 फरवरी तक ऑनलाइन आमंत्रित की गई हैं। उन्होंने बताया कि इच्छुक व्यक्ति निविदाएं ऑनलाइन पोर्टल http://hptender.gov.in पर 24 फरवरी सायं पांच बजे तक अपलोड कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्राप्त निविदाएं 26 फरवरी को दोपहर 12 बजे खोली जाएंगी। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय में के दूरभाष नंबर 01975-226016 पर संपर्क किया जा सकता है।

### डॉक्टर अजय कुमार ने संभाला कार्यभार

**गोंदपुर बनेहड़ा।** डॉक्टर अजय कुमार ने राजकीय महाविद्यालय चिंतपूर्णी में प्राचार्य पद पर कार्यभार संभाला, बताते चले कि इससे पहले अजय कुमार दयानंद एंग्लो वैदिक महाविद्यालय अमृतसर में प्राध्यापक के पद पर 20 वर्ष अपनी सेवाएं प्रदान की हैं इसके बाद वह हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा प्राचार्य पद पर सीधे नियुक्त हुए हैं, प्राचार्य पद पर कार्य भारत ग्रहण करने के उपरांत महाविद्यालय कर्मचारी से महाविद्यालय व बच्चों के उत्थान के सहयोग की अपेक्षा की उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए नौकरी के अवसर प्रदान करने के लिए बाहर से विशेषज्ञ बुलाया जाएगा साथ ही प्राचार्य ने बताया कि महाविद्यालय में उद्यमिता के कार्यक्रम भी करवाए जाएंगे।

### तिलक राज के अध्यक्ष बनाने पर जताया आभार

**बंगाणा।** तिलक राज ब्लॉक कुटलैहड़ कांग्रेस अनुसूचित विभाग के अध्यक्ष बनाए गए। आपको बता दें इन्हें यह नियुक्ति इनकी कार्यशैली को देखते हुए दी गई। इस नियुक्ति के लिए उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, कुटलेहड़ के माननीय विधायक दविंद्र कुमार भुट्टो, माननीय सांसद प्रतिभा देवी सिंह, अनुसूचित विभाग के प्रदेश अध्यक्ष अमित नंदा व महासचिव लेख राज नेगी, अनुसूचित विभाग के प्रदेश पर्यवेक्षक लेख राज भारती, अनुसूचित विभाग के जिला अध्यक्ष तरसेम सहोता व कुटलैहड़ के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राम आसरा शर्मा व समस्त जिला कार्यकारिणी का इस कार्यभार को सौंपने के लिए आभार प्रकट करते है।

### निधन पर जताया शोक

**ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की धर्मपत्नी के स्वर्गवास होने पर पूर्व मंत्री भाजपा महिंद्र सिंह, विधायक हंसराज, पंजाब कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह राजा वरिंग, हिमाचल कांग्रेस सह प्रभारी संजय दत्त तथा हिमाचल भाजपा प्रभारी अविनाश राय खन्ना ने गहरा अफसोस प्रकट करने उनके निवास स्थान गोंदपुर जयचंद पहुंचे।

# कैरी बैग से हो रहा सालाना 20 करोड़ का टर्नओवर

## ऊना के जतिंद्र सिंह ने चार साल में अपने स्वरोजगार को लगाए चार चांद, युवाओं के लिए बने मिसाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

जिला मुख्यालय के समीप बसाल औद्योगिक क्षेत्र में चार वर्षों में कोई सफल उद्यमी बन जाएगा ऐसी मात्र कल्पना की जा सकती थी। ऊना के रहने वाले जतिंद्र सिंह ने जमा दो की पढ़ाई करने के बाद महज चार साल में अपने अपने स्वरोजगार को ऐसे चार चांद लगाए कि कई सफल उद्यमी भी उनकी ओर देख रहे हैं। उनकी ऐसी सफलता की कहानी अब चर्चित हो रही है।

जतिंद्र ने ऊना में मिठाई की डिब्बे बनाने का कार्य शुरू किया था। मिठाई के डिब्बे बनाने के दौरान उनके मन में कुछ नया करने की सोच पैदा हुई और उन्होंने पर्यावरण मित्र कैरी बैग बनाने का मन बनाया, ताकि खुद का रोजगार शुरू कर अन्य बेरोजगारों युवाओं को भी रोजगार उपलब्ध करवाया जा सके। वहीं, 2018 में जतिंद्र सिंह ने कैरी बैग बनाने की शुरुआत की। उद्योग विभाग द्वारा उन्हें उद्योग स्थापित करने के बारे में पूर्ण जानकारी दी तथा 50 प्रतिशत अनुदान राशि पर यानि साढ़े सात रुपए की राशि उन्हें बसाल में प्लॉट के उपलब्ध करवाई। वर्तमान में जतिंद्र सिंह ने कैरी बैग यूनिट में 42 अन्य लोगों को भी रोजगार दे रखा है । उन्होंने बताया कि यूनिट में लगभग 80 प्रतिशत कार्य करने वाले लोग हिमाचली है। इसके अतिरिक्त जतिंद्र सिंह अन्य 10-12 लोगों को भी रोजगार उपलब्ध करवा सकते हैं।



कैरी बैग दिखाते हुए युवा।

### लोगों की जरूरत है कैरी बैग

**उन्होंने** बताया कि उनका सालाना टर्नर लगभग 20 करोड़ रुपए है और कैरी बैग बनाने का कार्य बढ़िया ढंग से चल रहा है। जतिंद्र सिंह ने कहा कि उन्हें खुशी होती है कि स्वरोजगार से आत्मनिर्भर बनकर दूसरों को भी रोजगार उपलब्ध करवाने का मौका मिला। जतिंद्र सिंह ने बताया कि कैरी बैग (पर्यावरण मित्र बैग) बनाने का कच्चा माल नजदीक बद्दी और नालागढ़ से ही मिल जाता है। कैरी बैग की विक्री हिमाचल और पंजाब से आसानी से हो जाती है क्योंकि कैरी बैग समय की मांग है और लोगों की जरूरत भी है।

### योजनाओं का लाभ लें युवा

**जतिंद्र** सिंह ने जिला के युवाओं से आह्वान किया कि वे सरकारी नौकरी के पिछे न भाग कर प्रदेश सरकार द्वारा बेरोजगार युवाओं के लिए स्वरोजगार हेतु चलाई जा रही योजनाओं का लाभ लें। यूनिट में काम करने वाले लोगों ने बताया कि पहले वे घर से दूर नौकरी करते थे। लेकिन वर्तमान में घर के समीप ही कैरी बैग यूनिट में रोजगार मिला है यहां पर सभी बेहतर सुविधाएं मिल रही है और घर का पालन -पोषण भी कर रहे हैं।

### अग्निवीर सेना भर्ती के लिए आवेदन 22 मार्च तक

**ऊना।** सेना भर्ती कार्यालय हमीरपुर ने अग्निपथ योजना के तहत वर्ष 2024-25 के लिए अविवाहित पुरुषों के प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए सेना भर्ती कार्यालय हमीरपुर के निदेशक ने बताया कि अग्निवीर सेना भर्ती प्रक्रिया दो चरणों में आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया के पहले चरण में कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन लिखित परीक्षा आयोजित होगी। इसके उपरांत दूसरे चरण में अग्निवीर सेना भर्ती रैली करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी 13 फरवरी से 22 मार्च तक भारतीय थल सेना की वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि उम्मीदवार अपनी पात्रता की जांच करने और अपना प्रोफाइल बनाने के लिए वेबसाइट पर लॉगइन कर सकते हैं। उम्मीदवार के पास ऑनलाइन आवेदन करने के लिए सक्रिया ई-मेल और मोबाइल नंबर होना अनिवार्य है।

# महंगाई पर रोक लगाने कल गरजेगी सीटू

## केंद्र सरकार की नीतियों को लेकर करेंगे हड़ताल, सीटू जिला सचिव गुरनाम सिंह ने दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

केंद्र सरकार की मजदूर कर्मचारी व आम जनता विरोधी नीतियों के खिलाफ 16 फरवरी को सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) ऊना रैली में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेगी और हड़ताल करेगी । बुधवार को यहां यह जानकारी देते हुए सीटू जिला सचिव गुरनाम सिंह ने पत्रकारों को प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि केंद्र सरकार अच्छे दिन लाने, महंगाई पर रोक लगाने, सब के खाते में 15 लाख रुपए डालने, प्रति वर्ष दो करोड़ रोजगार देने 40 रुपए लीटर पेट्रोल देने, काला धन वापस लाने, 100 स्मार्ट सिटी बनाने, किसानों की आय दोगुनी करने, आम जनता के टैक्स में कटौती करने आदि के मोदी सरकार के हवा हवाई वादों की पोल सबके सामने खुल चुकी है। सचिव गुरनाम सिंह ने कहा कि आजादी के पहले और बाद में, मजदूरों के संघर्षों एवं कुर्बानियां से बने 44 श्रम कानून को चार मजदूर विरोधी श्रम संहिताओं (लेबर कोड) में बदल दिया गया है। इससे 74 प्रतिशत मजदूर सामाजिक सुरक्षा को कानून के दायरे से बाहर हो जाएंगे। केंद्र सरकार ने फिक्स्ड टर्म रोजगार की अधिसूचना पहले ही जारी कर दी है इससे मजदूर नियमित रोजगार से वंचित हो जाएंगे। स्थायी किस्म की सरकारी नौकरी खत्म कर दी गई है और उसकी जगह सरकारी कोंट्रेक्ट, ठेका, पार्ट टाइम, टेंपरेरी और आउटसोर्स के आधार पर भर्ती की जा रही है। अत: आपसे अपील है कि केंद्र सरकार की मजदूर, कर्मचारी किसान व आम



जनता विरोधी नीतियों के खिलाफ 16 फरवरी को म्यूनिसिपल पार्क ऊना से 11 बजे रैली का आयोजन करने जा रही है। इसमें आप सब इस रैली में बढ़-चढ़कर भाग लें ताकि केंद्र की जनता विरोधी नीतियों को पलटा जा सके। जिला सचिव कुमार सिंह मांगों को उठाते हुए कहा कि महंगाई पर रोक लगाओ, खाद्य वस्तुओं दालों, रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल आदि की कीमतें कम करो । मनरेगा में 33 प्रतिशत कटौती वापस लो।

### ये है मुख्य मांगें

- मनरेगा में 120 दिन के रोजगार की गारंटी दो।
- मनरेगा में सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम दिहाड़ी 375 लागू करो।
- मनरेगा में निर्माण मजदूर का श्रमिक कल्याण बोर्ड में पंजीकरण व नवीनीकरण बहाल करो।
- वजीफा, मेडिकल, मृत्यु, शादी, प्रसूति सहायता, -
- पेंशन व अन्य आर्थिक लाभ जारी करो।
- केंद्र सरकार द्वारा श्रम कानून को खत्म करके बनाए गए मजदूर विरोधी चार लेबर कोड वापस लो।
- बिजली का निजीकरण बंद करो, स्मार्ट मीटर योजना वापस लो ।
- मजदूरों को 26000 न्यूनतम वेतन दो।
- बैंक, बीमा, रेलवे, बिजली व अन्य सार्वजनिक क्षेत्र का निजीकरण बंद करो ।
- ठेका व आउटसोर्स मजदूरों को नियमित करने की नीति बनाओ ।
- आंगनबाड़ी, मिड-डे मील, आशा आदि स्कीम वर्कर्स को रेगुलर करो वह ग्रेच्युटी सुविधा दो ।
- परिवहन क्षेत्र को बर्बाद करने हेतु मोटर व्हीकल एक्ट में किए गए मजदूर व मालिक विरोधी भारी जुर्माने और जेल की सजा के प्रावधानों को निरस्त करो ।

# जब बच्चों के साथ बच्चे बनकर मिले उपायुक्त जतिन लाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**



छात्रों के साथ सामूहिक चित्र डीसी ऊना।

उपायुक्त जतिन लाल ने वसंत पंचमी के शुभ अवसर पर केंद्रीय विद्यालय सलोह में माता सरस्वती की प्रतिमा का अनावरण किया तथा हवन कार्यक्रम में आहुतियां भी डाली। उपायुक्त ने वसंत पंचमी की सभी को बधाई और शुभकामनाएं भी दीं। इस दौरान उपायुक्त बच्चों के बीच बैठ गए और उनके साथ वार्तालाप किया। इस मौके उपायुक्त ने स्कूली बच्चों के साथ कुछ पल बिताए और उनके साथ विभिन्न विषयों पर बातचीत की।

उन्होंने बच्चों को अपने माता-पिता व गुरुजनों का आदर करना एवं समाज व देशहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उपायुक्त जतिन लाल ने केंद्रीय विद्यालय के नव निर्मित भवन का निरीक्षण भी किया। उन्होंने बताया कि केंद्रीय विद्यालय भवन आधुनिक सुविधाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया ताकि बच्चों को उचित व गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने का अच्छा वातावरण मिल सके। उन्होंने स्कूली अध्यापकों से भी आह्वान किया कि बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करें। केंद्रीय विद्यालय की प्राचार्य नीलम गुलेरियां ने मुख्यातिथि व अन्य आतिथियों का स्वागत किया गया। इसके अतिरिक्त स्कूली बच्चों द्वारा, सरस्वती वंदना, समूह नृत्य इत्यादि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

### युवा संवाद प्रतियोगिता में प्रिया भाटिया रही प्रथम

**अंब।** अंब महाराणा प्रताप राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में एनसीसी यूनिट तथा वूमन सेल के संयुक्त तत्वावधान में नेशनल वूमन डे के उपलक्ष में युवा संवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार ने इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। वुमन सेल की इंचार्ज डॉ. सुरुचि शर्मा, डॉ. कुमारी सुजाता, तथा प्रो. वंदना कौंडल ने युवा संवाद प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। युवा संवाद प्रतियोगिता में 11 एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया, युवा संवाद प्रतियोगिता का शीर्षक वुमन इम्पॉवरमेंट रहा। इस प्रतियोगिता में कैडेट प्रिया भाटिया ने प्रथम, कैडेट जसविंदर ने द्वितीय तथा कैडेट कृतिका ने तृत्य स्थान हासिल किया।

# वसंती रंग में रंग गई धार्मिक नगरी रुद्रानंद धाम

## आश्रम के अधिष्ठाता वेदांताचार्य सुग्रीवानंद महाराज के जन्मोत्सव पर भक्तिमय हुआ धाम

**राजेश शर्मा, ऊना**

उत्तर भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल डेरा बाबा रुद्रानंद धाम नगरी बसंती रंग में रंगी रही। इसे आश्रम के अधिष्ठाता वेदांताचार्य सुग्रीवानंद महाराज के जन्मोत्सव के रूप में भी मनाया गया। इस अवसर पर स्वामी सुग्रीवानंद महाराज के शिष्य आचार्य हेमानंद जी ने कहा कि धन्य है ऐसे भक्त जिनको स्वामी सुग्रीवानंद जी महाराज जैसे गुरु और डेरा बाबा रूद्रानंद जैसा आश्रम का सानिध्य मिला है। उन्होंने कहा की इस आश्रम की दिव्यता नर को नारायण से जोड़ने की शक्ति प्रदान करती है। हम सब मानव योनि में नर हैं नर का काम नर को नारायण के साथ जोड़ने का है। जब तक नर नारायण से नहीं जुड़ पाएगा उसकी मुक्ति संभव नहीं है। नर को ऐसा कोई गलत कर्म नहीं करना है जो उसके लिए नरक का दरवाजा खोल दे। उन्होंने कहा कि गुरु महाराज के चरणों में रहकर मनुष्य नारायण से जुड़ सकता है।

गुरु जी के चरणों में ही स्वर्ग है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि रूद्रानंद आश्रम द्वारा कोरोना काल में लगभग 200 लोगों को आश्रय प्रदान किया गया था, बहुत स्थानों पर लोगों को जान गंवानी पड़ी। यहां यमराज का प्रवेश नहीं हुआ। यह सारी गुरु की शक्ति का ही चमत्कार था और इस आश्रम की दिव्यता का एक प्रमाण है। गुरु आश्रम की सेवा मनुष्य को भवसागर से पार लगती है। संतों और साधुओं का संघ मनुष्य को अध्यात्म के साथ जोड़ता है। उन्होंने एक प्रसंग सुनाया कि सात्विक साधना में बहुत बड़ी शक्ति है। एक गुरु और शिष्य किसी जंगल में रहते थे। शिष्य पास के ही किसी गांव में भिक्षा मांगने गए तो वहां एक तांत्रिक साधना करने वाला व्यक्ति भी रहता था। जैसे ही शिष्य ने उस तांत्रिक के घर के बाहर भिक्षाम देही का अलख जगाया सुनते ही तांत्रिक बाहर आया और पूछने लगा कि तुम भिक्षा किसके लिए मांग रहे हो। उन्होंने बताया कि वह जंगल में अपने गुरु की सेवा में हैं और उनके गुरु सात्विक साधना करते हैं, इतने में वह तांत्रिक क्रोधित हुआ और उसे अभिशाप दे डाला कि तुम कल सुबह का सूर्य नहीं देख पाओगे। ऐसे में शिष्य उदास मन से आश्रम लौटा और अपने गुरु को पूर्ण घटनाक्रम बताया। गुरु हंसने लगे और कहने लगे कि तुम ऐसे ही रात भर गुरु चरणों में विराजमान रहो तुम्हारा कोई कुछ नहीं कर सकता। रात भर तांत्रिक द्वारा तंत्र विधाओं से शिष्य के मन को विचलित करने का प्रयास किया गया, लेकिन वह सफल नहीं हुआ और शिष्य गुरु के चरणों को छोड़कर नहीं गया। दूसरे दिन सुबह हुई और शिष्य को देखकर गुरु ने हंसते हुए कहा की देखा गुरु के चरणों में गुरु के स्थान पर मनुष्य जो भी आया उसका जीवन सफल हो गया और वह सभी भय से मुक्त हो गया। (अनंत ज्ञान)



डेरा बाबा रुद्रानंद धाम में प्रवचन करते आचार्य हेमानंद महाराज।

### 25 को मनाई जाएगी गुरु रविदास जयंती

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के बल्ह खालसा के गुरु आदिद्वारा में 25 फरवरी को श्री गुरुदास जी महाराज का 647वां जन्म महोत्सव बड़ी धूमधाम से बनाया जाएगा। गुरुद्वारा बल्ह खालसा कमेटी के सह प्रबंधन राजीव कुमार एवम सचिव सूरम सिंह ने बताया कि गुरुआदिद्वारा बल्ह खालसा के प्रवंधक बाबा कमल दास जी महाराज के नेतृत्व में श्री गुरु रविदास जी महाराज का 647वां जन्म महोत्सव मनाया जाएगा और 25 फरवरी को सुबह दस बजे राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रो प्रेम कुमार धूमल, पूर्व मंत्री एवं राज्य भाजपा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विरेंद्र कंवर, राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार, देवभूमि ग्रुप के सीएमडी राजेंद्र वशिष्ठ एवं जिला पार्षद उपाध्यक्ष कृष्ण पाल शर्मा गुरुद्वारा बल्ह खालसा में शिरकत करके अशीर्वाद लेंगे। इसमे 23 फरवरी को गुरुद्वारा बल्ह खालसा में सुबह दस बजे गुरु आद प्रकाश पाठ आरंभ होगा और 24 फरवरी को सुबह दस बजे निशान साहब रस्म अदा की जाएगी और 25 फरवरी को सुबह दस बजे कीर्तन दरबार सजेगा।

### नुक्कड़ नाटक दिखाकर बताए नशे के दुष्प्रभाव

**बंगाणा।** जिला प्रशासन ने हर ब्लॉक में नशा मुक्त ऊना अभियान चलाया हुआ है। इसमे जिला कल्याण अधिकारी द्वारा अब हर ब्लॉक में लोगो को नशे के खिलाफ नुक्कड़ नाटक दिखाकर नशे से दूर रहने की सलाह दी जा रही है। कहीं न कहीं यह मुहिम चलाकर जनता को नशे के खिलाफहर जगह पहुंचकर जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए जिला प्रशासन का बहुत ही बेहतरीन प्रयास कर रहा है। जिला प्रशासन ने नशा मुक्त ऊना अभियान चलाया हुआ है जो हर घर हर जन तक पहुंच रहा है। उसके तहत आज ग्राम पंचायत सोहारी में जिला कल्याण अधिकारी द्वारा नुक्कड़ नाटक करवा कर महिलाओं और जनता से वार्तालाप किया और जाना की नशे से आज के समाज में बहुत ज्यादा समस्या पैदा हो गई है लोग नशे में फसकर अपने घर के बरतन तक बेच देते हैं घर में खाने के लिए राशन हो न हो बच्चों के लिए स्कूल की फीस देने के लिए पैसा हो न हो, लेकिन नशे को खरीदने के लिए उनके पास पैसा होना जरुरी है लोग नशे के जाल में फसकर अपना और अपने परिवार का भविष्य दोनो खराब कर लेते हैं। इसलिए उनको नशे से दूर रखने के लिए ज़िला प्रशासन हर तरीके से कोशिश कर रहा है। इस अवसर पर तहसील कल्याण अधिकारी विवेक कुमार, स्थानीय पंचायत प्रधान संजीव कुमार संधू, चौली पंचायत के उपप्रधान विकास शर्मा नशा मुक्त ऊना अभियान के बंगाणा ब्लॉक के प्रोग्राम अधिकारी सतपाल राणावत और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### 615 कारीगर किए पंजीकृत

**ऊना।** पीएम विश्वकर्म योजना के अंतर्गत जिला ऊना में अब तक 615 कारीगर पंजीकृत किए जा चुके हैं जिन्हें निकट भविष्य में पांच से सात दिन का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा तथा प्रशिक्षण के उपरांत अपना व्यवसाय आरंभ करने के लिए आवश्यक मशीनों, औजारों व उपकरणों की खरीद के लिए आर्थिक मदद के साथ-साथ अनुदानित ब्याज दरों पर ऋण भी उपलब्ध करवाया जाएगा। यह जानकारी उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने इस संबंध में आयोजित बैठक के दौरान दी। उन्होंने बताया कि योजना के तहत जिला ऊना की 237 ग्राम पंचायतों के प्रधानों ने योजना से संबंधित पोर्टल पर पंजीकरण करवा लिया है तथा शेष आठ ग्राम पंचायत के प्रधानों का पंजीकरण भी शीघ्र सुनिश्चित किया जाएगा। उपायुक्त ऊना ने बताया कि योजना के तहत विभिन्न 18 व्यवसायों से संबंधित व्यक्तियों का नजदीकी लोक मित्र केंद्र अथवा सीएससी के माध्यम से योजना के पोर्टल पर निशुल्क पंजीकरण किया जा रहा है। इसके पश्चात संबंधित पंचायत प्रधान तथा संबंधित खंड विकास अधिकारी स्तर पर सत्यापित करने के पश्चात जिला स्तरीय समिति द्वारा सत्यापित किया जाएगा। इसके पश्चात संबंधित व्यवसाय के विषय में व्यक्ति को पांच से सात दिन का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस दौरान उन्हें रोजाना 500 रुपए की दर से भत्ता भी प्रदान किया जाएगा।

# कार्यालयों के कंप्यूटर सिस्टम में सरकारी कार्यों के अलावा कोई भी अन्य काम न करें



अधिकारियों के साथ बातचीत करते डीसी ऊना।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

जिला मुख्यालय ऊना में साइबर सुरक्षा के विषय में एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें जिला के विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला की अध्यक्षता उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने की।

इस अवसर पर उपायुक्त ऊना ने राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र ऊना के अधिकारियों को निर्देश दिए की कार्यशाला में साझा की गई जानकारी को जिला के सभी कार्यालय में भी साझा किया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रत्येक कार्यालय द्वारा अपने स्तर पर भी साइबर अपराध से संबंधित कार्यशाला का आयोजन हो, ताकि विभिन्न कार्यालयों में अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों को भी इस महत्वपूर्ण विषय बारे जागरूक किया जा सके। इसके अलावा सभी जिला अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि सरकारी कार्यालयों के कंप्यूटर सिस्टम में सरकारी कार्यों के अलावा कोई भी निजी कार्य न किया जाए और न ही कोई अन्य वेबसाइट को चलाया जाए, ताकि साइबर अपराध की शत-प्रतिशत रोकथाम सुनिश्चित की जा सके।

**परीक्षा** | महाराणा प्रताप कॉलेज अंब में एनसीसी कैडेट्स ने दी प्रैक्टिकल परीक्षा

# एनसीसी सी सर्टिफिकेट की परीक्षा 18 फरवरी को

**अनंत ज्ञान, अंब**

महाराणा प्रताप राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में एनसीसी के सी सर्टिफिकेट के लिए प्रैक्टिकल परीक्षा का आयोजन छह हिमाचल प्रदेश सीओ वाय एनसीसी ऊना द्वारा मंगलवार को किया गया। इस प्रैक्टिकल परीक्षा में महाराणा प्रताप राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब के कैडेट्स के साथ-साथ राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय दौलतपुर चौंक के कैडेट्स ने भी भाग लिया। परीक्षा के लिए छह हिमाचल प्रदेश सी ओ वाय एनसीसी ऊना की ओर से एनसीसी कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल आरके सैनी के साथ-साथ सूबेदार सुनील कुमार, हवलदार अजय सिंह तथा हवलदार राजेश कुमार ने इस परीक्षा का आयोजन किया।

एनसीसी केयर टेकर ऑफिसर प्रोफेसर अनिल वर्मा ने बताया की एनसीसी कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल आरके सैनी का स्वागत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार द्वारा किया गया। प्रैक्टिकल परीक्षा में कैडेट्स का वेपन ट्रेनिंग, ड्रिल, गार्ड, सलामी जैसे मापदंडों पर मूल्यांकन किया गया। ये सभी कैडेट्स प्रैक्टिकल परीक्षा के उपरांत 18 फरवरी को ऊना में आयोजित होने वाली सी सर्टिफिकेट की परीक्षा में भाग लेंगे।

कर्नल सैनी ने सभी प्रतिभागियों का व्यकतिगत इंटरव्यू के माध्यम से भी मूल्यांकन किया। इस मौके पर सूबेदार सुनील कुमार, हवलदार अजय सिंह और हवलदार राजेश कुमार ने राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब के प्रथम तथा द्वितीय वर्ष के कैडेट्स को 7.62 एसएलआर रायफल (सेल्फ लोडिंग रायफल) के पुर्जो को खोलना और दोबारा सही तरिके से लगाना भी सिखाया। प्रथम तथा द्वितीय वर्ष के सभी कैडेट्स ने 7.62 एसएलआर रायफल पर स्वयं अभ्यास भी किया और इसके अलावा कैडेट अनमोल तथा कैडेट मानसी की अगवाई में कैडेट्स ने सेक्शन फार्मेशन भी प्रस्तुत की।



लेफ्टिनेंट कर्नल आरके सैनी के साथ एनसीसी के कैडेट्स।

## न्यूज ब्रीफ

### युवराज सिंह लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी सीजन-2 में न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स के बने कप्तान




**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व स्टार ऑलराउंडर युवराज सिंह आगामी लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी सीजन-2 के लिए कप्तान और आइकन खिलाड़ी के रूप में न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स में शामिल हुए। युवराज के शामिल होने से टीम में विशेषज्ञता, कौशल और नेतृत्व की गहराई समृद्ध हो गई है, जिससे टूर्नामेंट के आगामी संस्करण में नेतृत्व करने के लिए न्यूयॉर्क सुपरस्टार स्ट्राइकर्स की तैयारी मजबूत हो गई है। युवराज की नेतृत्व भूमिका की घोषणा ने लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी सीजन 2 में न्यूयॉर्क सुपरस्टार स्ट्राइकर्स की भागीदारी को लेकर उत्साह बढ़ा दिया है, जिससे दुनिया भर के प्रशंसकों और क्रिकेट प्रेमियों में उत्साह बढ़ गया है।

### वरुण चक्रवर्ती बोले-वर्ल्डकप के बाद मुझे किया गया साइडलाइन

**नई दिल्ली।** कोलकाता नाइट राइडर्स से आईपीएल में अपनी पहचान बनाने वाले वरुण चक्रवर्ती ने बीसीसीआई की सिलेक्शन पॉलिसी की आलोचना की है। वरुण ने कहा कि टी-20 वर्ल्ड कप के बाद मुझे टीम में शामिल करने के बारे में पूछा तक नहीं गया। टूर्नामेंट के बाद मैं 2 सप्ताह के लिए इंजर्ड था, लेकिन जब भी सिलेक्शन के बारे में पूछा तो महीनों तक मुझे इंजर्ड ही माना गया। वरुण ने 2021 में टी-20 वर्ल्ड कप खेला था। इसके बाद से वह टीम इंडिया में वापसी नहीं कर सके। क्रिकएक्स्टेसी को दिए इंटरव्यू में वरुण चक्रवर्ती ने कहा किवर्ल्ड कप के बाद मेरे लिए वापसी करना बहुत मुश्किल हो गया था। मेरी चोट ज्यादा गंभीर नहीं थी, मैं 2-3 सप्ताह बाद ही ठीक हो गया, लेकिन रिकवरी के बाद मैनेजमेंट ने मुझसे पूछना बंद कर दिया। मैंने जब भी सिलेक्शन के बारे में अधिकारियों से पूछा तो कहा गया कि मैं इंजर्ड हूं, जबकि मैं पूरी तरह फिट था और घरेलू क्रिकेट खेल रहा था। अफवाहों में मेरे इंजर्ड होने की खबरें फैलाई गईं, ताकि मुझे नेशनल टीम से साइडलाइन किया जा सके, लेकिन लाइफ ऐसी ही है, मेरी तो कुछ ज्यादा ही मुश्किल रही।

### अनुराग ठाकुर ने बुडापेस्ट को शतरंज ओलंपियाड मशाल सौंपी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार, को शतरंज ओलंपियाड के 45वें संस्करण के आधिकारिक मेजबान बुडापेस्ट को शतरंज ओलंपियाड मशाल सौंपी। बता दें कि 19 जून 2022 को दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक समारोह में प्रथम शतरंज ओलंपियाड मशाल रिले की शुरुआत की गई थी। हैंडऑफ समारोह दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में हुआ, जहां खेल मंत्री ठाकुर ने ओलंपियाड मशाल फिडे अध्यक्ष अरकडी ड्वोर्कोविच और बुडापेस्ट को सौंपने से पहले भारतीय ग्रैंड मास्टर विश्वनाथन आनंद के साथ फिडे अध्यक्ष और हंगेरियन ग्रैंड मास्टर जुडिट पोल्गर के खिलाफ शतरंज का एक दोस्ताना खेल भी खेला। कार्यक्रम के दौरान, अनुराग ठाकुर ने कहा कि मुझे खुशी है कि हमने कुछ साल पहले जो फैसला किया था (शतरंज ओलंपियाड मशाल रिले का) वह वास्तव में हुआ और मैं यहां शतरंज ओलंपियाड के लिए मशाल के हैंडऑफ समारोह में हूं।

### आईपीएल 2024 भारत में मार्च के अंत से शुरू होगा : अरुण धूमल



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 का शुरुआत मार्च के अंत से होगी। आम चुनावों की तारीखों के आने के बाद कार्यक्रम का ऐलान होगा। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अध्यक्ष अरुण सिंह धूमल ने स्पष्ट किया कि लीग का 2024 संस्करण भारत में मार्च के अंत से शुरू होगा और आम चुनावों की तारीखों की पुष्टि होने के बाद कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी। अरुण धूमल ने कहा कि हम यह सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार, एजेंसियों के साथ काम करेंगे कि लीग भारत में हो। हम आम चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा की प्रतीक्षा कर रहे हैं और फिर हम उसके अनुसार योजना बनाएंगे...जैसे कि चुनाव के समय कौन-सा राज्य किस खेल की मेजबानी करेगा। अरुण धूमल ने आईएएनएस को बताया कि इस तरह से योजना बनाई जाएगी।

### भारत बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में




**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम ने बुधवार को ग्रुप चरण के मुकाबले में प्रबल दावेदार चीन को 3-2 से अपसेट कर छह साल बाद बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप (बीएटीसी) के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दो ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु, मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन अनमोल खरब और महिला युगल जोड़ी ट्रीसा-गायत्री ने टीम इंडिया को यह उल्लेखनीय जीत दर्ज करने में मदद की। सिंधु को पहली बार प्रतिस्पर्धी बैडमिंटन में वापसी करते हुए देखा गया क्योंकि पिछले अक्तूबर में फ्रेंच ओपन में घुटने की चोट के कारण उन्हें बाहर होना पड़ा था। सिंधु ने मुकाबले के पहले मैच में यू हान को 40 मिनट के भीतर सीधे गेम में 21-17,21-15 से हराकर जीत हासिल की। हालांकि, चीनी टीम ने तेजी से स्कोर 1-1 से बराबर कर लिया क्योंकि युगल जोड़ी अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रैस्टो सीधे गेम में 19-21, 16-21 के स्कोर से हार गईं। तीसरे मुकाबले में अश्मिता चालिहा को जी यी वांग से 13-21, 15-21 के स्कोर के साथ सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। इससे चीन मुकाबले में जीत सुनिश्चित करने के लिए अनुकूल स्थिति में आ गया। हालांकि, गायत्री गोपीचंद और जॉली ट्रीसा की गतिशील जोड़ी ने प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ पासा पलट दिया, उन्होंने यी जिंग ली और जू मिन लुओ के खिलाफ तीन गेमों में 10-21, 21-18, 21-17 से जीत हासिल की, जिससे मुकाबला 2-2 से बराबर हो गया। फिर, जिम्मेदारी 16 वर्षीय अनमोल खरब पर थी, जो वू लुओ यू के खिलाफ तीन गेम की रोमांचक स्पर्धा में 22-20, 14-21, 21-18 के स्कोर के साथ विजयी हुई। यह कड़ा मुकाबला एक घंटे और 18 मिनट तक चला और अंततः भारत को सनसनीखेज जीत हासिल हुई।

# अफगानिस्तान ने श्रीलंका को दिया 267 रन का लक्ष्य

## मेजबान टीम ने 26.1 ओवर में एक विकेट खोकर बना लिए थे 195 रन

**एजेंसी, कैंडी ( श्रीलंका )**

श्रीलंका के पल्लेकेले क्रिकेट स्टेडियम में अफगानिस्तान और श्रीलंका के बीच खेले गए तीसरे वनडे क्रिकेट मैच में अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी की। रहमत शाह (65) और उमरजई (54) के अर्द्धशतकों की बदौलत अफगानिस्तान की पूरी टीम 48.2 ओवर में 266 रन पर आलआउट हो गई। अफगानिस्तान ने श्रीलंका को 267 रन का लक्ष्य दिया।

रहमत शाह ने लगातार दूसरा अर्द्धशतक जड़ा। यह उनके वनडे करियर का 28वां और श्रीलंका के खिलाफ 7वां अर्द्धशतक है, जिसे उन्होंने 57 गेंदों में पूरा किया। इससे पहले उन्होंने दूसरे वनडे में भी 63 रन की शानदार अर्द्धशतकीय पारी खेली थी। वहीं, श्रीलंका की टीम ने 26.1 ओवर में एक विकेट खोकर 195 रन बना लिए थे। अविष्का फर्नांडो 91 रन पर आउट हो गए, जबकि पाथुक निसंका 99 रन पर खेल रहे थे। अविष्का फर्नांडो के आउट होने के बाद कुसल मेंडिस पाथुक निसंका का साथ निभा रहे थे और वह 12 पर खेल रहे थे।



**विकेट पतन :** 39–1 (इब्राहिम जादरान 4.3), 96–2 (रहमानुल्लाह गुरबाज 17.2), 108–3 (हशमतुल्लाह शाहिदी 20), 166–4 (रहमत शाह 29.5), 223–5 (इकराम अलीखिल 39.5), 237–6 (अजमतुल्लाह ओमरजाई 44.2), 250–7 (शराफुद्दीन अशरफ 46.1), 255–8 (मोहम्मद नबी 46.4), 260–9 (फरीद अहमद 47.3), 266–10 (कैस अहमद 48.2)।

# मोहम्मद नबी बने वनडे के नंबर वन ऑलराउंडर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी बंगलादेश के शाकिब अल हसन को पछाड़ दुनिया के नंबर वन ऑलराउंडर बन गए हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने ताजा रैंकिंग जारी की हैं, जिसमें अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी को बड़ा फायदा पहुंचा है। नबी 314 रेटिंग के साथ नंबर नंबर पर हैं, जबकि शाकिब 310 रेटिंग के साथ दूसरे स्थान पर काबिज हैं। वनडे ऑलराउंडर की रैंकिंग में बंगलादेश के शाकिब अल हसन दूसरे नंबर पर आ गए हैं। नबी 314 रेटिंग के साथ अव्वल नंबर पर हैं, जबकि शाकिब 310 रेटिंग के साथ दूसरे स्थान पर काबिज हैं।

वहीं ऑलराउंडर में अगर टेस्ट रैंकिंग देखी जाए तो भारत के रवींद्र जडेजा अव्वल नंबर पर हैं। इसके बाद दूसरे स्थान पर भारत के रविचंद्रन अश्विन मौजूद हैं। जडेजा के पास 416 की रेटिंग और अश्विन के पास 326 की रेटिंग मौजूद है। यहां शाकिब अल हसन तीसरे और इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स चौथे नंबर पर दिखाई देते हैं। वहीं, ऑलराउंडर में अगर टेस्ट रैंकिंग देखी जाए तो भारत के रवींद्र जडेजा अव्वल नंबर पर हैं। इसके बाद दूसरे स्थान पर भारत के रविचंद्रन अश्विन मौजूद हैं। जडेजा के पास 416 की रेटिंग और अश्विन के पास 326 की रेटिंग मौजूद है। यहां शाकिब अल हसन तीसरे और इंग्लैंड के




**नबी 314 रेटिंग के साथ अव्वल**

टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स चौथे नंबर पर दिखाई देते हैं। इसके बाद टी–20 में ऑलराउंडर्स की रैंकिंग पर नजर डाली जाए तो यहां शाकिब अल हसन पहले नंबर पर दिखाई देते हैं। शाकिब 256 रेटिंग के साथ नंबर वन हैं। इसके बाद टी–20 में ऑलराउंडर्स की रैंकिंग पर नजर डाली जाए तो यहां शाकिब अल हसन पहले नंबर पर दिखाई देते हैं। शाकिब 256 रेटिंग के साथ नंबर वन हैं।

**प्रो कबड्डी लीग**

# लगातार पांचवें सीजन प्लेऑफ में पहुंची दबंग दिल्ली की टीम

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दबंग दिल्ली केसी ने प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के लगातार पांचवें सीजन में प्लेऑफ में जगह बना ली है। पूरे सीजन में टीम के लगातार प्रदर्शन ने उन्हें खेल में उनके समर्पण और दृढ़ संकल्प को प्रदर्शित करते हुए एक बार फिर प्लेऑफ में पहुंचा दिया है।

पूरे सीजन में मजबूत विरोधियों और कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करने के बावजूद, दबंग दिल्ली केसी ने असाधारण कौशल और टीम वर्क का प्रदर्शन किया है, जिससे उन्हें प्लेऑफ में उचित स्थान मिला है। प्रो कबड्डी लीग के सीजन 10 में दबंग दिल्ली ने खेले गए 20 मैचों में से 11 में शानदार जीत दर्ज की है। कप्तान आशु मलिक के नेतृत्व में, जिन्होंने इस सीजन में सबसे सफल रेडर के रूप में उत्कृष्ट फॉर्म का प्रदर्शन किया है, टीम ने चुनौतीपूर्ण मुकाबलों से गुजरते हुए प्लेऑफ में एक प्रतिष्ठित स्थान अर्जित किया।



दिल्ली की टीम मालिक राधा कपूर खन्ना ने अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करना हमारे खिलाड़ियों, कोचों और कर्मचारियों द्वारा प्रदर्शित समर्पण और लचीलेपन का प्रमाण है। उनकी निरंतर प्रतिबद्धता सीजन की चुनौतियों और जीत के माध्यम से हमारी यात्रा के पीछे प्रेरक शक्ति रही है, जो इस महत्वपूर्ण मील के पत्थर में परिणत हुई। टीम मालिक के रूप में, मुझे उनके असाधारण प्रदर्शन और दृढ़–संकल्प पर गर्व है। हम आगे आने वाली चुनौतियों को उसी जुनून और एकता के साथ स्वीकार करने के लिए तत्पर हैं, क्योंकि हमारा लक्ष्य लीग के इतिहास पर एक अमिट छाप छोड़ना है।

# उत्तर प्रदेश ने हिमाचल को 188 रन से हराया

**अनंत ज्ञान, नादौन**

अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम नादौन अमतर में हिमाचल और उत्तर प्रदेश के बीच खेले गए मैच में उत्तर प्रदेश ने हिमाचल को बुरी तरह पराजित किया है। हिमाचल की हर वर्ग की टीमों के हारने का क्रम लगातार जारी है। हिमाचल की टीम को जीत के लिए उत्तर प्रदेश से 436 रन का लक्ष्य मिला था। हिमाचल की टीम अंतिम दिन बुधवार को न विकेट बचा सकी और 247 रन बनाकर आउट हो गई।

**हिमाचल की एक और शर्मनाक हार**

उत्तर की प्रदेश की टीम ने 188 रन से मैच को जीत कर शानदार जीत दर्ज करवाई, कुशल पाल ने 68, वैभव कालटा 58 मृदुल सरोच 40 रन, अमनप्रीत ने 20 रन बनाए, चिराग शर्मा ने 22 रन बनाए, आपकी बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशा जनक ही रहा। उत्तर प्रदेश के गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए हिमाचल को सस्ते में समेट दिया।

रोहित द्विवेदी ने चार विकेट, कृतज्ञ ने तीन, विजय कुमार व प्रशांत वीर ने एक–एक विकेट लिया। उत्तर प्रदेश में मैच को 188 रन से जीतकर शानदार जीत दर्ज करवाई, हिमाचल की टीम ने अभी तक एक जीत दर्ज की है, बाकी सभी मेंच में हार का सामना करना पड़ा है, हिमाचल का अगला मैच बड़ौदा के साथ होगा।

**एफआईएच हॉकी प्रो लीग**

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत की लय जारी रखना चाहेगी भारतीय टीम



**भुवनेश्वर।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम गुरुवार को यहां कलिंगा हॉकी स्टेडियम में एफआईएच प्रो लीग 2023/24 के अपने तीसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी जीत की लय जारी रखना चाहेगी। भारतीय टीम ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 में अपने पहले दो मैचों में स्पेन पर 4-1 से और गत चैंपियन नीदरलैंड के खिलाफ शूटआउट में 4-2 (2- 2) से रोमांचक जीत दर्ज की। अब तक के प्रदर्शन पर भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा कि टीम का अब तक अच्छा प्रदर्शन रहा है, लेकिन अभी भी बहुत सुधार करना बाकी है और हम इन मैचों से अधिकतम लाभ उठाने की कोशिश कर रहे हैं। शीर्ष टीमों के खिलाफ बैक-टू-बैक मैच हमेशा कठिन होता है, लेकिन हमें उबरने के लिए अच्छा ब्रेक मिला और अब हमारा ध्यान भुवनेश्वर चरण के आखिरी दो मैचों पर है। दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया ने भुवनेश्वर में अब तक दो मैचों में दो जीत दर्ज की हैं। उन्होंने अपने अभियान की शुरुआत स्पेन के खिलाफ 4-3 से जीत के साथ की और अपने दूसरे मैच में आयरलैंड को 5-0 से हराया।

**टी–20 क्रिकेट मैच**

# हिमाचल-बी ने हिमाचल-ए टीम को 2-1 से हराया

**अनंत ज्ञान, बद्दी**

हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन फॉर दिव्यांग की ओर से आयोजित तीन टी–20 क्रिकेट मैचों की सीरीज में हिमाचल–बी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सीरीज पर अपना कब्जा किया। यह सीरीज 12, 13 फरवरी को बद्दी यूनिवर्सिटी के एकलव्य क्रिकेट खेल मैदान में आयोजित करवाई गई। जिसमें प्रदेश के हर जिले से चयनित खिलाड़ियों ने भाग लिया।

यह जानकारी हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन फॉर दिव्यांग के अध्यक्ष कुलदीप ठाकुर ने दी। उन्होंने बताया कि पहले दिन के मैच में हिमाचल–बी टीम ने टॉस जीत कर बल्लेबाजी करने का फैसला लिया और 115 रन का लक्ष्य ए–टीम को दिया, जिसमें सर्वाधिक स्कोर अजय शर्मा 59 रन ईशान नेगी 25 रन और 17 रन मनोहर ने अपनी टीम के लिए बनाए।

गेंदबाजी में हिमाचल–ए टीम के खिलाड़ी गुरमीत धीमान, जोंटी वर्मा और कृष कुमार को तीन तीन विकेट मिले और एक विकेट निहाल चंद को मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हिमाचल–ए टीम मात्र 69 रनों पर सिमट गई। अंकू नेगी ने सर्वाधिक 11 रनों का योगदान अपनी टीम को दिया। गेंदबाजी में हिमाचल–बी टीम के खिलाड़ी अनिल भारद्वाज और अजय शर्मा को तीन तीन विकेट, इरशाद को दो विकेट और मनीष को एक विकेट मिला। दूसरे मैच में हिमाचल–बी टीम ने फिर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया और 130 रनों का लक्ष्य हिमाचल–ए टीम के सामने रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हिमाचल–ए टीम ने 120 रन ही बना पाई।



विजेता टीम के साथ मुख्यातिथि व अन्य।

**प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चंबा के अजय शर्मा बने**

फाइनल मुकाबले में हिमाचल–बी टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया और 20 ओवर में 146 रनों का लक्ष्य हिमाचल–ए टीम के सामने रखा। जिसमें अजय ठाकुर ने 30 रन अनिल भारद्वाज ने 25 रन और अजय शर्मा ने 22 रन अपनी टीम के लिए बनाए।

गेंदबाजी में अंकू नेगी को 3 विकेट निहाल और जोंटी को दो दो विकेट मिले। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हिमाचली–ए टीम ने 17.1 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर इस लक्ष्य को हासिल कर लिया। जिसमें सबसे ज्यादा रन गुरमीत धीमान ने 44 उर्फान ने 19 और अंकित ने 17 रनों का योगदान अपनी टीम के लिए दिया। गेंदबाजी में मनीष तंवर को दो विकेट अनिल और अजय को एक एक विकेट लिए मिला। फाइनल मुकाबले में मैन ऑफ द मैच गुरमीत धीमान चुने गए। इस मौके पर पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी तलविंद्र सिंह, एमडी केयर टैक फार्मा सुमित सिंगला और बलविंद्र ठाकुर पूर्व अध्यक्ष बीबीएनडीए मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहे। मुख्यातिथियों ने खिलाड़ियों का हौसला–अफजाई की। और नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। और सभी खिलाड़ियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

**इंग्लैंड प्लेइंग–11** बशीर की जगह मार्क वुड को मौका; टॉम हार्टले और रेहान अहमद होंगे स्पिनर्स

# भारत के खिलाफ राजकोट टेस्ट के लिए इंग्लैंड टीम का ऐलान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड ने अपनी प्लेइंग–11 का ऐलान कर दिया है। ऑफ स्पिनर शोएब बशीर की जगह तेज गेंदबाज मार्क वुड को शामिल किया गया। उनके साथ जेम्स एंडरसन भी टीम का हिस्सा हैं। इंग्लिश टीम में अब टॉम हार्टले और रेहान अहमद स्पिनर्स रहेंगे। उनके साथ जो रूट भी पार्ट टाइम ऑफ स्पिन करेंगे। राजकोट में टेस्ट सीरीज का तीसरा मुकाबला 15 फरवरी से खेला जाएगा। 5 मैचों की सीरीज इस वक्त 1–1 से बराबरी पर है। इंग्लैंड ने पहला और भारत से दूसरा मैच जीता था।

इंग्लैंड ने दूसरे टेस्ट की प्लेइंग–11 में एक ही बदलाव किया। सभी बैटर्स अपनी जगह बरकरार करने में कामयाब रहे। जैक क्रॉले, बेन डकेट और ओली पोप टीम के टॉप–3 बैटर्स रहेंगे। जो रूट, जॉनी बेयरस्टो और स्टोक्स मिडिल ऑर्डर में रहेंगे। वहीं बेन फोक्स ही विकेटकीपिंग करेंगे।

### 100वां टेस्ट खेलेंगे बेन स्टोक्स

**इंग्लैंड** के कप्तान बेन स्टोक्स राजकोट में अपने टेस्ट करियर का 100वां मुकाबला खेलेंगे। टीम में उनके अलावा 41 साल के जेम्स एंडरसन और 33 साल के जो रूट ने ही 100 से ज्यादा टेस्ट खेले हैं। दूसरी ओर भारत के मौजूदा स्क्वॉड में कोई भी प्लेयर 100 टेस्ट नहीं खेल सका। 97 टेस्ट खेलने वाले ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन सबसे अनुभवी हैं। वह राजकोट में अपने करियर का 98वां टेस्ट खेलेंगे।



### टीम

बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉले, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन फोक्स (विकेटकीपर), रेहान अहमद, टॉम हार्टले, मार्क वुड और जेम्स एंडरसन।

### बशीर ने दूसरे टेस्ट में किया था डेब्यू

20 साल के ऑफ स्पिनर शोएब बशीर तीसरा टेस्ट नहीं खेलेंगे। उन्होंने भारत के दूसरे टेस्ट से ही डेब्यू किया था, उन्हें दोनों पारियों में 4 विकेट मिले थे। रिपोर्ट्स के अनुसार, तीसरे टेस्ट की पिच पर घास रहेगी, जो पेसर्स के लिए मददगार रहेगी। इसीलिए इंग्लैंड ने एक स्पिनर को बैठाकर पेसर को प्लेइंग–11 में जगह दी।




मार्क वुड